नई दिल्ली
नई दिल्ली, मंगलवार 17 सितंबर 2019
अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 23, अंक : 181
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00 *

मौसम
अधि. 36.7
न्यून. 24.9

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




13 बीसीसीआई ने कार्तिक की माफी स्वीकार की

विचार पेज
08 अपाचे से बढ़ी सेना की ताकत

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति के विमान में आई तकनीकी खराबी



**मुंबई।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के एयर इंडिया बोइंग विमान में आई तकनीकी खामी की वजह से ज्यूरिख से उनके विमान ने विलंब से उड़ान भरी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बोइंग 747 विमान राष्ट्रपति कोविंद को ज्यूरिख से स्लोवेनिया लेकर जाने वाला था। लेकिन तकनीकी खामी के बाद एयर इंडिया ने बोइंग 777 विमान को लंदन में तैयार रखा ताकि उसे ज्यूरिख भेजा जा सके।

### तेदेपा नेता और आंध्र प्रदेश विस के पूर्व अध्यक्ष ने की आत्महत्या



**हैदराबाद।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के वरिष्ठ नेता और आंध्र प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष कोडेला शिव प्रसाद राव की सोमवार को अस्पताल में मृत्यु हो गयी। ऐसी आशंका है कि उन्होंने आत्महत्या की है। वह 72 वर्ष के थे। राव की मृत्यु को लेकर अटकलें इसलिए लगायी जा रही हैं क्योंकि उनकी मौत के कारणों का तत्काल पता नहीं चला है।

### विंग कमांडर अंजलि भारत की पहली महिला सैन्य राजनयिक बनी



**मॉस्को।** विंग कमांडर अंजलि सिंह विदेश में किसी भी भारतीय दूतावास में तैनात होने वाली भारत की पहली महिला सैन्य राजनयिक बन गई हैं। रूस में भारतीय दूतावास ने एक ट्वीट किया कि सिंह ने दूतावास में 'डिप्टी एयर अताशे' के रूप में पदभार संभाल लिया है।

## कोर्ट ने केंद्र से कहा, कश्मीर में हालात सामान्य करे, राष्ट्रीय हित ध्यान में रखे

# सीजेआई ने कहा, जरूरत पड़ी तो मैं खुद जाऊंगा जम्मू-कश्मीर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अनुच्छेद 370 हटाने के दौरान जम्मू-कश्मीर में नेताओं की नजरबंदी के खिलाफ दायर 8 याचिकाओं पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। एक याचिका की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने कहा कि जरूरी हुआ तो मैं खुद जम्मू-कश्मीर का दौरा करूंगा। वहीं कोर्ट ने कांग्रेस नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद को श्रीनगर, जम्मू, बारामूला और अनंतनाग जाने की इजाजत दी। साथ ही कथित तौर पर नजरबंद रखे गए पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला को अब कठोर प्रावधानों वाले जन सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत गिरफ्तार किया गया है।

जम्मू कश्मीर में लोगों को राज्य के उच्च न्यायालय तक पहुंचने में कथित रूप से हो रही कठिनाइयों को अत्यधिक गंभीर बताते हुये उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को मुख्य न्यायाधीश से इस मामले में अपनी रिपोर्ट भेजने का अनुरोध किया। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर की पीठ ने कहा कि इन आरोपों को गंभीरता से लेने के लिये उच्चतम न्यायालय बाध्य है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो वह स्वंय श्रीनगर जायेंगे।

पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी से कहा कि यदि आप ऐसा कह रहे हैं तो हमें इसका गंभीरता से संज्ञान लेना होगा। हमें बतायें कि लोगों को उच्च न्यायालय जाना क्यों बहुत मुश्किल हो रहा है। क्या कोई उन्हें उच्च न्यायालय जाने से रोक रहा है? यह बहुत ही गंभीर मामला है। दो बाल अधिकार कार्यकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अहमदी ने पीठ से कहा कि राज्य में लोगों के लिये उच्च न्यायालय तक जाना बहुत ही मुश्किल है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आप कह रहे हैं कि आप उच्च न्यायालय नहीं जा सकते। हमने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से रिपोर्ट मंगायी है।

### खास बातें

- सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य न्यायाधीश से मामले में रिपोर्ट भेजने का किया अनुरोध
- वकील ने कहा, हाईकोर्ट तक जाना बहुत ही मुश्किल



### आजाद को जम्मू-कश्मीर जाने की अनुमति दी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद को जम्मू-कश्मीर जाने की अनुमति देते हुए कहा कि वह वहां कोई राजनीतिक रैली ना करें। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई के नेतृत्व वाली एक पीठ ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री को जम्मू, अनंतनाग, बारामूला और श्रीनगर जाने और लोगों से बातचीत करने की अनुमति दे दी।

### फारूक को पीएसए के तहत किया गया गिरफ्तार



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने के पांच अगस्त के केंद्र के फैसले के बाद से कथित तौर पर नजरबंद रखे गए पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला को अब कठोर प्रावधानों वाले जन सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत गिरफ्तार किया गया है जो अधिकारियों को किसी व्यक्ति को बिना मुकदमे के छह महीने तक हिरासत में रखने की अनुमति देता है। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के 81 वर्षीय संरक्षक के विरूद्ध कड़ा कानून रविवार को लगाया गया।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट से योगी सरकार को झटका

# एससी में शामिल नहीं होंगी 17 ओबीसी जातियां

एजेंसी ▶▶ इलाहाबाद



- हाईकोर्ट ने योगी सरकार से कहा कि प्रदेश सरकार को इस तरह का फैसला लेने का अधिकार नहीं
- कोर्ट ने प्रमुख सचिव समाज कल्याण मनोज कुमार सिंह से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा
- सिर्फ संसद ही एसटी/एससी जातियों में बदलाव करने का अधिकार

इलाहाबाद हाई कोर्ट से उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने ओबीसी की 17 जातियों को एससी में शामिल करने के फैसले पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने प्रमुख सचिव समाज कल्याण मनोज कुमार सिंह से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा है। जस्टिस सुधीर अग्रवाल और जस्टिस राजीव मिश्र की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए ये आदेश दिया है। कोर्ट ने सरकार के फैसले को गलत माना है। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के फैसले लेने का अधिकार सरकार को नहीं था। हाई कोर्ट ने योगी सरकार से कहा कि प्रदेश सरकार को इस तरह का फैसला लेने का अधिकार नहीं है। सिर्फ संसद ही एसटी/एससी जातियों में बदलाव करने का अधिकार है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 24 जून को शासनादेश जारी किया था। योगी सरकार ने 17 पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जातियों की सूची में शामिल कर दिया है। इन जातियों को अनुसूचित जातियों की लिस्ट में शामिल करने के पीछे योगी सरकार ने कहा था कि ये जातियां सामाजिक और आर्थिक रूप से ज्यादा पिछड़ी हुई हैं। योगी सरकार ने इन 17 पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र देने का फैसला किया था। इसके लिए जिला अधिकारियों को इन 17 जातियों के परिवारों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने का आदेश दिया गया था।

### ये जातियां की थी शामिल

ये पिछड़ी जातियां निषाद, बिंद, मल्लाह, केवट, कश्यप, भर, धीवर, बाथम, मछुआरा, प्रजापति, राजभर, कहार, कुम्हार, धीमर, मांझी, तुरहा, गौड़ इत्यादि हैं। इन पिछड़ी जातियों को अब एससी कैटेगरी की लिस्ट में डाला गया था। सरकार ने जिला अधिकारी को इन 17 जातियों के परिवारों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने का आदेश दिया था, जिस पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है।

## सुप्रीम कोर्ट ने अपनी रजिस्ट्री से पूछा

# क्या अयोध्या मामले का सीधा प्रसारण संभव है?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- पीठ ने यह भी जानना चाहा कि यदि ऐसा करना संभव हो तो ऐसा करने के लिए कितना समय चाहिए

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अपनी रजिस्ट्री से कहा कि वह उसे सूचित करे कि क्या अयोध्या में रामजन्म भूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मुकदमे की सुनवाई का सीधा प्रसारण संभव है। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर की पीठ ने रजिस्ट्री से यह भी जानना चाहा कि यदि ऐसा करना संभव हो तो ऐसा करने के लिये कितना समय चाहिए। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि रजिस्ट्री यह बताये कि क्या सीधा प्रसारण हो सकता है और ऐसा करने के लिये कितना समय लगेगा। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के पूर्व विचारक के एन गोविन्दाचार्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि याचिकाकर्ताओं का शीर्ष अदालत में पूरा विश्वास है लेकिन इस प्रकरण के अधिकांश याचिकाकर्ता रोजाना सुनवाई के लिये नहीं आ सकते हैं।

## गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर में वर्तमान हालातों को लेकर की चर्चा



**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद राज्य में मौजूदा हालातों की समीक्षा के बाद कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं, जिनमें धीरे धीरे प्रतिंबधों को हटाने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को कायम रखने का निर्णय भी शामिल है। वहीं पाक की आतंकी हमलों की साजिश के खतरे से निपटने के लिए भी रणनीति पर चर्चा की गई। गृहमंत्रालय के सूत्रों के अनुसार सोमवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस उच्च स्तरीय बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, कैबिनेट सचिव राजीव गौबा, गृह सचिव एके भल्ला, आईबी प्रमुख अरविंद कुमार और कश्मीर मामलों के सयुंक्त सचिव एवं दूसरे कई अधिकारियों के अलावा खुफिया अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर के मौजूदा हालातों की जानकारी ली और समीक्षा करते हुए सभी के साथ हुए विचार विमर्श करने के बाद इस संभावना को पूरी तरह टालने का फैसला किया कि जम्मू-कश्मीर में तैनात अतिरिक्त सुरक्षा बलों में कटौती की जाए।

## दोबारा की गई थी अनुमानित आंकड़े की समीक्षा

# आरबीआई को पहली तिमाही के जीडीपी आंकड़े पर हुई थी हैरानी



- गलती की संभावना उल्लेखनीय रूप से घटी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक को यकीन नहीं हुआ कि पहली तिमाही में देश की आर्थिक विकास दर के साढ़े छह साल के निचले स्तर पर पहुंच गया है। जीडीपी दर में इतनी बड़ी गिरावट से इतनी हैरानी हुई कि उसे अपने पूर्वानुमान की पुनः समीक्षा तक करनी पड़ी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि हमने जीडीपी दर के 5.8 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया था, लेकिन यह महज पांच फीसदी रहा, जो हमारे आकलन से काफी दूर है। एक इंटरव्यू में दास ने कहा कि वास्तविक आर्थिक विकास दर के हमारे अनुमान से इतना दूर रहने के कारण हमें इस बात की समीक्षा करनी पड़ी कि आकलन में हमने कहां चूक की, जिसके कारण हम गलत साबित हुए। उन्होंने कहा कि अब हम जीडीपी का बेहद बारीकी से निरीक्षण कर रहे हैं। महंगाई दर का हमारा आकलन अब वास्तविक आंकड़े के लगभग समीप होता है। गलती की संभावना उल्लेखनीय रूप से घटी है। हम जीडीपी आकलन भी बिल्कुल सही-सही करना चाहते हैं।

## टेरर फंडिंग मामला: गृह मंत्रालय ने की कार्रवाई

# एनआईए के तीन अधिकारियों को किया गया सस्पेंड



- एसपी विशाल गर्ग, निशांत सिंह और मिथिलेश कुमार को किया गया सस्पेंड

**नई दिल्ली।** टेरर फंडिंग में रिश्वत लेने के मामले में एनआईए के तीन अधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई हुई है। तीनों ही अधिकारियों को गृह मंत्रालय ने सस्पेंड कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक एसपी विशाल गर्ग, निशांत सिंह और मिथिलेश कुमार को सस्पेंड किया गया है। इससे पहले मामला सामने आने के बाद एनआईए ने तीनों अधिकारियों का तबादला कर दिया था। इस पूरे मामले की जांच डीआईजी स्तर के अधिकारी की कमेटी ने की थी। सूत्रों के मुताबिक ये कार्रवाई गृह मंत्रालय ने की है। रिश्वत के मामले सामने आने के बाद कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। यही नहीं आईएनए के पटना ब्रांच में तैनात डीएसपी के खिलाफ भी रिश्वत की शिकायत आई है, जिसमें गृह मंत्रालय ने गहन जांच के लिए एनआईए डीजी को लेटर लिखा है। सूत्र बताते हैं कि एनआईए के डीएसपी पर पटना के एक वकील ने विधायक अनंत सिंह के एके-47 मिलने के मामले में रफा-दफा करवाने के एवज में रिश्वत का मामला आया है। गृह मंत्रालय ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और एनआईए डीजी को इस मामले में सघन जांच के लिए कहा है।

## विधायी कार्यों की कर सकेंगे तैयारी

# सभी सांसदों को मिलेगा संसद भवन में अलग कमरा!



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

> मौजूदा व्यवस्था में सिर्फ मंत्रियों को ही मिलता है अलग कमरा

आजादी की 75वीं सालगिरह से पहले तैयार होने वाले नये संसद भवन में दोनों सदनों के सभी सदस्यों को मंत्रियों के अलग चेंबर की तर्ज पर अलग कमरा दिए जाने की योजना है, ताकि उन्हें अपने विधायी कार्यों की तैयारी करने का उपयुक्त स्थान मिल सके। संसद भवन की मौजूदा व्यवस्था में सिर्फ मंत्रियों को ही अलग कमरा मिलता है। संसद सदस्यों को अभी विधायी कार्यों के लिये आवश्यक अध्ययन हेतु अथवा किसी से मिलने के लिये या तो मंत्रियों के चेंबर में शरण लेनी पड़ती है,या फिर पुस्तकालय अथवा केन्द्रीय कक्ष एवं अन्य स्थानों का रुख करना पड़ता है।

### जरूरतों की पूर्ति में नाकाफी साबित हो रहा संसद भवन

*प्राप्त जानकारी के अनुसार, ब्रिटिश काल में निर्मित संसद भवन और केन्द्रीय सचिवालय सहित अपने विभिन्न मंत्रालयों की इमारतें मौजूदा समय की जरूरतों की पूर्ति में नाकाफी साबित हो रही है। इसके मद्देनजर सरकार ने राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक, तीन किमी के दायरे में मौजूद देश की शासन व्यवस्था के शीर्ष सत्ता प्रतिष्ठानों का कायाकल्प कर नया स्वरूप देने की महत्वाकांक्षी परियोजना शुरु की है।*



**चार गिरफ्तार, 10 पिस्टल बरामद**

**हथियार बनाने का कच्चा माल बड़ी मात्रा में जब्त**

# राजस्थान में चला रहे थे अवैध हथियारों की फैक्ट्री दिल्ली में आये थे सप्लाई करने

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




- फैक्ट्री ऐसी जगह बनाई गई थी जहा से तीन किलोमीटर दूर से दिखाई दे जाता था आने-जाने वाला व्यक्ति
- चार साल से दिल्ली व एनसीआर के विभिन्न गिरोह को करवाते आ रहे हैं हथियार मुहैया

क्राइम ब्रांच ने भरतपुर, राजस्थान में एक अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। चार लोग गिरफ्तार हुये हैं। इनके पास से 10 पिस्टल बरामद की गई हैं। वहीं हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल भी बड़ी मात्रा में जब्त किया गया है। पकड़े गये चारों लोगों के नाम तलीम खान, नूमान, नजर हुसैन और जुबेर खान बताये गये हैं। बरामद सभी पिस्टल .315 बोर व अच्छी क्वालिटी के बताये जाते हैं।

एडिशनल सीपी डॉ. अजीत कुमार सिंघला के अनुसार इंटर बॉर्डर गैंग्स इंवेस्टिगेशन स्कवॉयड क्राइम ब्रांच, द्वारका की टीम ने मेवात रीजन से लगते भरतपुर में इस अवैध हथियारों की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में से तीन भरतपुर और एक नूंह का रहने वाला है। हेडकांस्टेबल मुकेश कुमार व कांस्टेबल प्रवीण को सूचना मिली थी कि कुछ हथियार सप्लायर द्वारका से लगते छावला इलाके में आने वाले हैं। 13 सितंबर को सूचना के बाद द्वारका रोड, छावला से स्विफ्ट कार से आये चार लोगों को जांच के लिये रोका गया। कार की तलाशी लेने पर 10 पिस्टल बरामद हुये। सभी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उनका तीन दिनों का रिमांड मिला। इस दौरान पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो पता चला कि मेवात रीजन के गढ़ीजान पहाड़ी जिला भरतपुर में इनकी हथियार बनाने की फैक्ट्री है। पुलिस की एक टीम ने वहां पर जाकर छापा मारा और इस प्रकार फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ। फैक्ट्री ऐसी ऊंची जगह बनाई गई थी जहां तीन किलोमीटर दूर से आता व्यक्ति भी दिखाई दे जाता था। पूछताछ में हथियार निर्माताओं ने बताया कि वह गत चार सालों से दिल्ली व एनसीआर के विभिन्न गिरोह को हथियार मुहैया करवाते आ रहे हैं। गिरफ्तार चारों लोगों का पुराना कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। पुलिस इनसे हथियार खरीदने वाले गैंग्स का पता लगाने में जुटी है।

## गैंगस्टर फहीम उर्फ चिकना गिरफ्तार

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच की नंद नगरी शाखा के यमुनापार के कुख्यात बदमाश फहीम उर्फ चिकना को गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी से लूटपाट के कई मामले सुलझे हैं। बदमाश के पास से एक पिस्टल व कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस को सूचना मिली थी कि चिकना सीमापुरी इलाके में आने वाला है। 13 सितंबर को एक ट्रैप लगाकर उसे दबोचा गया। इसके साथी का नाम मूसा उर्फ मुन्ताजिम पता चला है। डीसीपी राजेश देव के अनुसार इस गिरफ्तारी से नंद नगरी, हर्ष विहार और साहिबाबाद, यूपी में इनकी कई केस सुलझाये गये हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी हत्या, लूटपाट, स्नैचिंग, आर्म्स एक्ट व चोरी के करीब 30 मामलों में शामिल रहा है।

## ब्लू लाइन पर तकनीकी खराबी ने किया यात्रियों को परेशान

नई दिल्ली। लगातार दूसरे दिन सोमवार को दिल्ली मेट्रो ने लोगों को परेशान किया। मेट्रो की ब्लू लाइन द्वारका-नोएडा पर आई तकनीकी खराबी ने यात्रियों को लगभग 30 मिनट तक परेशान किया। सुबह 10 बजे के आस पास आई खराबी की वजह से यमुना बैंक से राजीव चौक के बीच मेट्रो सेवा बेहद धीमी गति से चलानी पड़ी। यात्रियों का कहना है इस बारे में मेट्रो के अंदर किसी तरह की कोई घोषणा नहीं की गई। मेट्रो ने बाद में इस तकनीकी खराबी को ठीक किया जिसके बाद ही मेट्रो सेवा सामान्य रूप से चल सकी। डीएमआरसी ने इस बारे में कुछ नहीं बताया।

## महिला ने मेट्रो के आगे कूदकर दी जान

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन पर चलती ट्रेन के सामने कूदकर एक महिला ने सोमवार को आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने बताया कि शक्ति नगर के रोशनआरा गार्डन की रहने वाली आइशा खान जीटीबी नगर मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर सुबह चलती ट्रेन के आगे कूद गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन उसके पर्स से एक मोबाइल नंबर मिला है। डीएमआरसी अधिकारियों ने बताया कि यह ट्रेन समयपुर बादली जा रही थी और इस घटना के कारण कुछ देर के लिए सेवाएं बाधित रहीं।

## कोकीन के साथ अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार...



**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** द्वारका जिले की मोहन गार्डन पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत एक अफ्रीकी नागरिक को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 40 ग्राम कोकीन बरामद हुई है। गिरफ्तार ड्रग्स तस्कर का नाम नाइजीरिया निवासी उजोमा बताया गया है। उसके पास से बरामद कोकीन की कीमत करीब आठ लाख रुपये आंकी गई है। एएसआई संजय धामा की सूचना पर इस अफ्रीकन नागरिक को 55 फुटा रोड, मोहन गार्डन से दबोचा गया। पूछताछ में पता चला कि 2018 में हरियाणा क्राइम ब्रांच ने भी इसे ड्रग्स के केस में गिरफ्तार किया था। इस साल मई में ही वह जेल से छूटा था। जांच के दौरान उसके पास से न तो पासपोर्ट मिला न ही वीजा। पुलिस ड्रग्स के सोर्स का पता लगाने की कोशिश में जुटी है।

# दो ऑटो चालक कर रहे थे सवारी का इंतजार, तेज रफ्तार कार ने ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- मुरथल से पराठे खाकर दोस्तों के साथ लौट रहा था आरोपी
- पुलिस ने आरोपी को मौके से दबोचा

स्वरूप नगर थाना इलाके में एक तेज रफ्तार मारुति सुजुकी एस एक्स फोर कार ने सवारियों का इंतजार कर रहे दो ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और अपने-अपने ऑटो में सवार चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पिकेट पर चेकिंग कर रहे पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने आरोपी चालक को मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस दोनों घायलों को लेकर बाबू जगजीवन राम अस्पताल गई, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें एलएनजेपी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे दोनों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों के नाम संजय (40) और जयकिशन गुप्ता (36) है। डीसीपी (आउटर-नॉर्थ) गौरव शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम मोहित (23) है। आरोपी पालम का रहने वाले है और वह छात्र है। हादसे के दौरान आरोपी नशे में नहीं था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, आरोपी मोहित अपने पांच दोस्तों के साथ मुरथल से पराठे खाकर घर लौट रहा था। देर रात करीब 1:40 बजे जैसे ही वे स्वरूप नगर बस स्टैंड, जीटी करनाल रोड़ पर पहुंचे, तभी उन्होंने सवारियों का इंतजार कर रहे दो ऑटों में जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान आरोपी के अन्य दोस्त मौके से भाग गए। पुलिस घायलों को लेकर अस्पताल गई, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जांच में पुलिस को पता चला कि दोनों मृतक स्वरूप नगर के रहने वाले है और दोनों ही ऑटो चलाते है।

### 100 किलोमीटर प्रति घंटे थी कार की रफ्तार

पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे के दौरान कार से किसी प्रकार का कोई अल्कोहल नहीं मिला है। एमएलसी में भी शराब का सेवन नहीं आया है। बताया जा रहा है कि जिस समय हादसा हुआ उस वक्त कार की रफ्तार करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा थी।

## धूम-धाम से मनाया गया दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज का 98वां जन्मोत्सव

नई दिल्ली। दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज का 98वां जन्मोत्सव कृपाल बाग, दिल्ली में 14 सितंबर को बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसमें कि सिर्फ दिल्ली से ही नहीं बल्कि आस-पास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। जन्मोत्सव के इस कार्यक्रम में मिशन के अध्यक्ष परम संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने वीडियो सत्संग के माध्यम से फ़रमाया कि संत दर्शन सिंह जी महाराज इस धरती पर आए, हमारे साथ जिये, हमें अपने मगंउचसम के जरिये वो रास्ता दिखाया जिसके जरिये जिंदगी का मकसद पूरा हो। उनके अंदर इतनी करूणा थी कि वो देख नहीं सकते थे कि हममें से कोई भी तकलीफ में हो। वो बार-बार हमें समझाया करते थे कि हमारे धर्म अलग हो सकते हैं, हमारी भाषाएं अलग हो सकती हैं, कपड़े पहनने के तरीके अलग हो सकते हैं, शक्लें अलग हो सकती हैं लेकिन हम सब एक ही पिता-परमेश्वर की संतान हैं, जिन्हें हम अलग-अलग नामों से पुकारते हैं। वो यह भी फ़रमाते थे कि अध्यात्म का रास्ता अनुभव का रास्ता है, जिसमें हम अपनी सभी जिम्मेदारियों को निभाते हुए पिता-परमेश्वर का अनुभव कर सकते हैं। इसीलिए इसे 'सकारात्मक अध्यात्म' का मार्ग भी कहा गया है और ऐसा ही अनुभव उन्होंने स्वयं ही नहीं किया बल्कि लाखों-करोड़ों लोगों को भी वो तरीका सिखाया, जिसके जरिये हम अपने असली रूप जोकि आत्मिक है, का अनुभव करते हुए पिता-परमेश्वर का भी साक्षात्कार कर सकते हैं।

## आप विधायक सोमदत्त को मारपीट के मामले में मिली बेल

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने मारपीट के एक मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक सोम दत्त को सोमवार को जमानत दे दी। दिल्ली की एक निचली अदालत दत्त को 2015 के विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान एक व्यक्ति पर बेसबॉल के बल्ले से हमला करने के मामले में सजा सुना चुकी है। उन्हें छह महीने की सजा काटने के लिये हाल ही में हिरासत में लिया गया था। रोहिणी जेल में बंद दत्त ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर इस मामले में खुद को दोषी ठहराने और सजा सुनाये जाने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी है जिस पर न्यायमूर्ति सुरेश कैत ने सरकार से भी जवाब मांगा है। दत्त सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले को 30 अक्टूबर को सुनवाई के लिये सूचीबद्ध किया है। निचली अदालत ने दत्त को दोषी ठहराते समय कहा था कि इसमें कोई संदेह नहीं कि दत्त 10 जनवरी 2015 को रात करीब आठ बजे अपने 50 समर्थकों के साथ शिकायतकर्ता के घर पहुंचे। अदालत के अनुसार आरोपी ने शिकायतकर्ता और उसके साथी के साथ मारपीट की जिसके चलते उन्हें गंभीर चोटें आईं।

## कैब से शराब तस्करी करते दो पकड़े

**नई दिल्ली।** मोहन गार्डन पुलिस ने एक लग्जरी कैब से शराब तस्करी का खुलासा करते हुये दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से अवैध शराब की 30 पेटी बरामद हुई है। डीसीपी अन्टो अल्फोंस के अनुसार एसआई प्रह्लाद और कांस्टेबल हेतराम नाला रोड पर खेड़ी बाबा पुल के पास पेट्रोलिंग कर रहे थे। उसी दौरान जानकारी मिली कि अवैध शराब से भरी एक कैब ककरौला नाला रोड से बिंदापुर की तरफ जा रही है। इसके बाद एसएचओ बलजीत सिंह के दिशा-निर्देशों पर ट्रैप लगाकर शराब से भरी कैब को पकड़ा गया। इसी कार का पीछा एक्साइज डिपार्टमेंट की टीम भी कर रही थी। लेकिन पहले मौका मोहन गार्डन पुलिस के हाथ लगा। गिरफ्तार दोनों शराब तस्करों के नाम जय प्रकाश और अजय कुमार पता चलें।

## सट्टे में हारे रुपये वसुलने के लिए दोस्त को हथौड़ी से पीटा

नई दिल्ली। सराय रोहिल्ला थाना इलाके में दो दोस्त एक क्लब में सट्टे में करीब चार लाख 60 हजार रुपये हार गए। हार के बाद एक दोस्त ने हार का ठीकरा दूसरे दोस्त पर थौंप दिया और अपने रुपये वापस मांगने लगा। इस पर उसके दोस्त ने रुपये देने से इंकार कर दिया। दोस्त के रुपये देने से मना करने पर उसने उसे अपने फ्लैट पर धोखे से बुलाया और बंधक बना लिया। इसके बाद आरोपी ने उसके नाखून और घुटनों पर हथौड़ी से हमला किया। इतना ही नहीं उसने उसके परिवार को फोन करवाकर उनसे तीन लाख 30 हजार रुपये का इंतजाम करने के लिए कहा। इस पर परिवार ने रुपये इक्ट्ठे कर लिये, लेकिन आरोपियों ने उसकी पिटाई जारी रखी। बाद में पीड़ित की पत्नी ने पुलिस को फोन कर मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और पीड़ित को मुक्त कराया। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## अस्पतालों में सेक्स री-असाइनमेंट सर्जरी की सुविधा की कमी पर डीसीडब्ल्यू ने केंद्र को लिखा पत्र

नई दिल्ली। दिल्ली में सेक्स री-असाइनमेंट सर्जरी यानी सेक्स बदलने वाले सरकारी अस्पतालों की कमी पर दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने केन्द्र और राज्य सरकार के अधिकारियों को पत्र लिखा हैं। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में सेक्स री-असाइनमेंट सर्जरी की सुविधा की कमी पर केन्द्रीय और राज्य सरकार के स्वास्थ्य सचिव को हस्तक्षेप करने की मांग की है। साथ ही अस्पतालों में सुविधा जल्द से जल्द शुरू करने और उसे मुफ्त भी देने का अनुरोध किया है। आयोग की तरफ से बताया गया कि ट्रांसजेंडर समुदाय के साथ हिंसा, दुर्व्यवहार, उत्पीड़न और भेदभाव की शिकायतों को देखने के लिए एक ट्रांसजेंडर सेल की स्थापना की गई है। सेल की बैठक में ट्रांसजेंडर समुदाय की तरफ आयोग की समक्ष कई मुद्दे उठाए गए। उन मुद्दों में एक बड़ा मुद्दा सरकारी अस्पताल में सेक्स री-असाइमेंट सर्जरी की कमी को बताया गया। निजी अस्पतालों में सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन मनमानी फीस से इलाज कराना पहुंच से बाहर है।

## नाबालिग वाहन चोर से आठ वाहन बरामद

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** दक्षिणी जिले की नेब सराय पुलिस ने एक शातिर नाबालिग वाहन चोर को पकड़ा है। इसके पास से चोरी की सात मोटर साइकिल व एक स्कूटी बरामद हुई है। संगम विहार का रहने वाला यह वाहन चोर आठवीं कक्षा तक पढ़ा है। पुलिस ने इसे बांध रोड, संगम विहार इलाके के कूडेदान के पास पकड़ने की कोशिश की थी लेकिन आरोपी ने बाइक की रफ्तार तेज कर भागने का प्रयास किया। अलर्ट पुलिस के आगे वाहन चोर के मंसूबे फेल हो गये और वह दबोच लिया गया। जांच की गई तो उसके पास से मिली बाइक नेब सराय इलाके से ही चोरी हुई थी। पुलिस को उसने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर बाइक चोरी करता और उस पर तब तक सैर करता था जब तक कि उसका पेट्रोल खत्म नहीं हो जाता था। इसके बाद उसे किसी सुनसान इलाके में छोड़ देता था।

# गैंगस्टर विरेंद्र मान की हत्या में एक आरोपी अरेस्ट

- आरोपी पर घोषित था एक लाख 25 हजार रुपये का इनाम

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** आउटर-नॉर्थ जिले के स्पेशल स्टॉफ ने गत आठ सितंबर को नरेला इलाके में ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर विरेंद्र मान उर्फ काले की हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में कपिल मान उर्फ कालू (25) को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी खेड़ा-खुर्द का रहने वाला है। पुलिस अधिकारी की माने तो आरोपी पर हत्या, हत्या के प्रयास, लूटपाट जैसे आठ मामले दर्ज है। पुलिस ने इस पर एक लाख 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया हुआ है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले में फरार चल रहे आरोपियों के बारे में पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (आउटर-नॉर्थ) गौरव शर्मा ने बताया कि गत आठ सितंबर को विरेंद्र एक रिश्तेदार की 13वीं से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान विरेंद्र की कार उसका चालक दिनेश चला रहा था। जैसे ही वे लामपुर मोड़ के पास पहुंचे। इस दौरान उसकी कार ट्रैफिक में रुकी। कार के रुकते ही स्विफ्ट डिजायर कार से सवार पांच बदमाशों ने उस पर तोबड़तोड़ गोलियां बरसाकर दी। इस दौरान उसको करीब 25 गोलियां लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। लोकल पुलिस के अलावा स्टेशल स्टॉफ मामले की छानबीन में जुट गई। इंस्पेक्टर अजय कुमार, एसआइ कमलेश कुमार व अन्यों की टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। जांच में टीम को पता चला कि हत्या में कपिल मान व उसके साथियों का हाथ है। इसी बीच पुलिस को पता चला कि रविवार को कपिल अपने सहयोगियों से मिलने के लिए सेक्टर-34, खेड़ा नहर के पास आने वाला है। पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल लिया।

# लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सोलंकी का अंतिम संस्कार, सीएम ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन के तहत डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में मिलिट्री स्टॉफ ऑफिसर के रूप में तैनात रहे भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सोलंकी का सोमवार को दिल्ली कैंट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। गौरव सोलंकी के अंतिम संस्कार में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भीमि शाल हुए। इस दौरान उन्होंने सोलंकी को श्रद्धांजलि दी। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर दी है। उन्होंने ट्वीट किया कि स्वर्गीय लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सोलंकी कांगो में यून पीसकीपिंग फोर्स में तैनात थे और कुछ ही दिनों में भारत लौटने वाले थे। उनके अंतिम संस्कार में शामिल हो कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दुख की घड़ी में परमात्मा उनके परिवार को साहस प्रदान करें।

### झील में डूबने से हुई थी मौत

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन के तहत कांगो में मिलिट्री स्टॉफ ऑफिसर के रूप में तैनात भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सोलंकी की 8 सितंबर को झील में डूबने से मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार, गौरव सोलंकी का सहयोगी झील में डूब रहा था और उसे बचाने में गौरव की जान चली गई। उनका शव छह दिनों बाद मिला। लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सोलंकी शनिवार दोपहर से लापता थे। उसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया था। लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सोलंकी को आगामी 16 सितंबर को भारत वापस आना था। वापस आने पर अगले कुछ दिनों में भारत में अपने रेजिमेंट में शामिल होने वाले थे। बताया जा रहा है कि कांगो में रवांडा के साथ लगती सीमा पर एक झील है जिसका नाम 'कीवू' है, जो विश्व की 10 सबसे गहरी झीलों में से एक है। बताया जाता है कि कि इस झील की गहराई लगभग 400 मीटर तक है और इस झील के तल से मीथेन गैस निकलती रहती है।

# क्राइम ब्रांच के अधिकारी बनकर करते थे वसूली, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- आरोपियों में दो महिला भी शामिल

नेताजी सुभाष प्लेस थाना पुलिस ने ऐसे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जोकि खुद को क्राइम ब्रांच के अधिकारी बताते थे। आरोपियों में दो महिला भी शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों में दीपक कुमार (33), उसकी पत्नी ज्योति (33) और महिला साथी पूनम सेठी (43) है। पुलिस ने इनके पास से चार मोबाइल फोन, नेशनल क्रॉइम इंटेलिजेंस ब्यूरो और दोस्त पुलिस के जाली प्रमाण पत्र जब्त किए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर फरार आरोपी की तलाश कर रही है। डीसीपी (नॉर्थ-वेस्ट) विजयंता आर्य ने बताया कि रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि उनके जुलरी शोरुम में कुछ लोग घूस आए है। वे उनसे जबरन पांच लाख रुपए की वसूली करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह, धर्मबीर, कांस्टेबल सतेंद्र और महिला कांस्टेबल नीरज मौके पर पहुंच गए। टीम ने सभी तरफ से घेराबंदी लगा दी। पुलिस ने शोरुम में घुसते ही तीन लोगों को हिरासत में लिया, लेकिन उनकी एक साथी मौके से फरार हो गई। आरोपियों ने पुलिस टीम के सामने खुद को क्राइम ब्रांच से बताया, लेकिन पुलिस ने उनकी चालाकी पकड़ ली। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि फरार महिला इस शोरुम के बारे में जानकारी रखती थी।

## ट्रक से कुचलकर युवक की मौत

नई दिल्ली। सरिता विहार इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, हादसे के बाद मौके पर ही ट्रक छोड़कर भागने का प्रयास कर रहे ट्रक चालक को लोगों ने दबोच लिया। मृतक युवक का नाम अजीत (27) बताया गया है। वह डीयू में सफाई कर्मचारी के तौर पर कार्यरत था। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार हादसा उस वक्त हुआ जब युवक ऑटो पकड़ने के लिए सड़क क्रॉस कर रहा था।

## क्लस्टर बस में लगी भीषण आग

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** जगतपुरी इलाके में सोमवार दोपहर एक क्लस्टर बस में अचानक आग लग गई। हादसे के दौरान बस ड्राइवर समेत बस में सवार करीब 70 लोग तुरंत बाहर आ गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल विभाग की दो गाडियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शुरूआती जांच के बाद आग लगने का कारण शॉट सर्केट बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, क्लस्टर की 623 रूट नंबर बस शाहदरा से वसंत विहार जाती है। सोमवार दोपहर करीब दो बजे वह शाहदरा से निकली। जैसे ही वह कड़कड़मोड़ फ्लाईओवर के पास पहुंची, तभी अचानक बस बंद हो गई। दोबारा स्टार्ट करने पर बस में आग लग गई। ड्राइवर ने तुरंत सभी सवारियों को बस से बाहर निकाल दिया। इसके बाद मामले की सूचना दमकल विभाग व पुलिस को दी।

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**



**शीतल दीक्षित**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में प्रदर्शित) **नामः** शीतल दीक्षित **पत्नी :** सुनित कुमार दीक्षित, **निवासीः** मकान सं. 31, गांव– कुरेनी, नरेला, दिल्ली जो दिनांक 29.08.2019 से थाना नरेला, दिल्ली के अधिकार क्षेत्र से लापता/ अपहरण कर लिया गया है। इस संदर्भ में डीडी संख्या 55–ए दिनांक 01.09.2019 थाना नरेला, दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार है :–

**उम्रः** 22 साल, **कदः** 5', **रंगः** साफ, **चेहराः** गोल, **कपड़ेः** काले रंग का सूट और काले रंग की सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता/अपहृत महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें। ई–मेल आईडी – cic@cbi.gov.in वेबसाइटः http://cbi.nic.in

**फोनः**
**011-24368638, 24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

**थानाध्यक्ष**
**थाना नरेला, दिल्ली**
**बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली**
**दूरभाष सं. 011-27282350, 27285839**

DP/602/ON/19

## खबर संक्षेप

### इंडिया गेट पर 'नमो प्रदर्शनी' आज से

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बचपन से लेकर अब तक और गुजरात से लेकर दिल्ली तक के राजनीतिक सफर और सेवा के कार्यक्रमों की जानकारी आज मंगलवार से इंडिया गेट पर नमो प्रदर्शनी के माध्यम से दी जायेगी। साथ ही देश विदेशों में उनको मिले मान सम्मान व उपलब्धियों को जनता के साथ साझा किया जायेगा। यह प्रदर्शनी आज शुरू होकर साप्ताहिक यानि 23 सिंतबर 2019 तक आम जनता के लिए खुली रहेगी और हर रोज यहां कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। सोमवार को उक्त जानकारी देते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने दी।

### ई-वाहन नीति से होगी 6 हजार करोड़ की बचत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की ई-वाहन डॉफ्ट से नीति से तेल और तरल प्राकृतिक गैस के आयात में लगभग 6 हजार करोड़ रुपये की बचत होगी वहीं 4.8 मिलियन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन रुकेगा जो लगभग जीवन भर एक लाख कारों से निकलने वाले कार्बन डाई ऑक्साइड के बराबर है। जिससे दिल्ली के लोगों को राहत मिलेगी। इसका खुलासा संवाद और विकास आयोग (डीडीसी) और दिल्ली के रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट द्वारा ई-वाहन नीति पर तैयार भविष्य की रिपोर्ट में किया गया है। सोमवार ये रिपोर्ट दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत को सौंपी गई। संभावना है कि दिल्ली सरकार इस ड्रॉफ्ट को जल्द मंजूरी दे सकती है।

### जंतर-मंतर पर किया ट्रांसपोर्टरों ने प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** नए लागू हुए मोटर व्हीकल एक्ट 2019 संशोधन के खिलाफ सोमवार को सैकड़ों ट्रासंपोर्टरों ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। यूनाइटेड फ्रंट ऑफ ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन (यूफ टीए)के बैनर तले इस प्रदर्शन में घोषणा की गई है कि अगर सरकार ने इसे वापिस न हीं किया तो अगामी 19 तारीख को देशव्यापी चक्काजाम बंद कर सकते है। इस बारे में यूएफटीए के अध्यक्ष डॉ. हरीश सभरवाल और संयोजक राजेन्द्र कपूर ने बताया कि आज के प्रदर्शन में 42 संगठनों ने अपना विरोध दर्ज कराया है। दिल्ली एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों के 8 हजार से अधिक ऑपरेटर और ड्राइवर जंतर-मंतर पर जुटे।

#### याचिका में वरिष्ठ वैज्ञानिकों की समिति गठित करने का भी अनुरोध किया

# ऑड-ईवन योजना के फैसले को दी एनजीटी में चुनौती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में सोमवार को एक याचिका दायर कर चार से 15 नवंबर के बीच राष्ट्रीय राजधानी में वाहनों की 'ऑड-ईवन (नंबर) योजना' लागू करने के आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के फैसले को चुनौती दी गई है। दिल्ली में यह योजना दो बार पहले भी लागू की जा चुकी है। वाहनों की ऑड-ईवन योजना के तहत एक दिन ऐसे वाहन चलेंगे, जिनकी नम्बर प्लेट की आखिरी संख्या सम होगी। वहीं, अगले दिन वे वाहन चलेंगे, जिनके नंबर प्लेट पर आखिरी संख्या विषम होगी। साथ ही, उसके बाद के दिनों में भी यह क्रम जारी रहेगा। अधिवक्ता गौरव कुमार बंसल द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर ऑड-ईवन योजना के प्रभाव का आकलन किया और यह पाया कि इसके क्रियान्वयन अवधि में शहर की वायु गुणवत्ता इसके लागू नहीं रहने की अवधि की तुलना में और खराब हो गई। दिल्ली में यह



योजना जनवरी और अप्रैल 2016 में लागू की गई थी।

### 2016 में प्रदूषण पर रोक लगाने में नाकाम रही थी योजना

याचिका में कहा गया है कि जब सीपीसीबी एवं दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) जैसे देश के शीर्ष पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों ने एक स्वर में कहा है कि ऑड-ईवन योजना 2016 में वायु प्रदूषण की समस्या पर रोक लगाने में नाकाम रही थी, ऐसे में अन्य देशों के लोगों द्वारा किये गए महज एक अध्ययन के आधार पर ऑड-ईवन योजना को दिल्ली सरकार का लागू करना, न सिर्फ अप्रिय है बल्कि यह सीपीसीबी और डीपीसीसी जैसी संस्थाओं की साख भी गिराएगा। गौरतलब है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 13 सितंबर को कहा था कि ऑड-ईवन योजना पराली प्रदूषण पर सात सूत्री कार्य योजना का हिस्सा है। याचिका के जरिए दिल्ली सरकार को अन्य देशों द्वारा किये गए उन अध्ययनों को सौंपने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, जिनके आधार पर आप सरकार ने ऑड-ईवन नीति लागू करने का फैसला किया था। साथ ही, अध्ययन की सत्यता का पता लगाने के लिए वरिष्ठ वैज्ञानिकों की एक समिति गठित करने का भी अनुरोध किया गया है। सीपीसीबी ने 2016 की अपनी रिपोर्ट में एनजीटी से कहा था कि यह बताने के लिए कोई आंकड़ा नहीं है कि इस योजना ने वाहनों के प्रदूषण को घटाने में कोई असर डाला होगा। साथ ही, पीएम 10 (हवा में मौजूद 10 माइक्रोमीटर से कम व्यास के कण) और पीएम 2.5 (हवा में मौजूद 2.5 माइक्रोमीटर से कम व्यास के कण) की मात्रा में उतार-चढ़ाव मौसम और हवा की गति में बदलाव पर निर्भर करता है।

# स्पा सेंटर: क्रॉस जेंडर मसाज पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ दक्षिणी निगम की स्थायी समिति की बैठक में उठा मुद्दा

दिल्ली में स्पा सेंटर, मसाज पॉर्लर की आड़ में होने वाली वेश्यावृति का दिल्ली महिला आयोग द्वारा गत दिनों भंडाफोड़ होने के बाद दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने सख्त नियम बनाने को लेकर अधिकारियों को निर्देश जारी किए है। सोमवार को दक्षिणी निगम की बैठक में स्पा सेंटर, मसाज पॉर्लर को लेकर समिति सदस्यों के बीच गंभीरता से चर्चा की गई। इस दौरान दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने क्रॉस जेंडर (महिला पुरुष की और पुरुष महिला की) मसाज पर रोक लगाने का फैसला किया है। जल्द ही इस संबंध में दक्षिणी निगम की ओर से सख्त नियम भी जारी कर दिए जाएगें। बता दें कि मसाज पार्लर जैसे सेंटर्स की आड़ में वेश्यावृति किए जाने का मुद्दा सोमवार को दक्षिणी निगम की स्थायी समिति की बैठक में जोर शोर से उठाया गया। बैठक में मौजूद सदस्यों ने कहा कि यदि इस तरह का काम मसाज पार्लर और स्पा सेंटर में हो रहा है तो यह बिल्कुल गलत है। इसके लिए सख्त कदम उठाए जाने की जरूरत है। दक्षिणी निगम की नेता सदन कमलजीत सहरावत ने कहा कि इस तरह के मामले सामने आने के बाद हमने मसाज पार्लर में क्रॉस जेंडर मसाज पर रोक लगाने का फैसला किया है। जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से सख्त एडवाइजरी जारी की जाएगी। क्रॉस जेंडर मसाज पर रोक लगाने के साथ ही सर्विस लेने वाले ग्राहक का पहचान पत्र लेना जरूरी होगा। काम करने वाले कर्मचारी 18 साल की उम्र से कम के नहीं होंगे। इसके अलावा वे कहीं से निपुण होने भी जरूरी हैं। गलियारों में सीसीटीवी कैमरे होने चाहिए। सहरावत ने कहा कि इस नियमों का उल्लंघन करने वालों का लाइसेंस कैंसिल कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वक्त दक्षिणी निगम के इलाके में 397 स्पा और मसाज पार्लर को लाइसेंस दिया गया है।




# आप सरकार की योजनाओं के चलते लोगों को नहीं चुभ रही आर्थिक मंदी: केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह व्यापारी समुदाय से होने के नाते उनकी पीड़ा समझते हैं। उन्होंने दावा किया कि आप सरकार की योजनाओं के चलते राष्ट्रीय राजधानी को अर्थिक मंदी की चुभन महसूस नहीं हुई है। आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख ने रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि वह चाहते हैं कि देश की आर्थिक स्थिति बेहतर हो। केजरीवाल ने व्यापार और उद्योग मंडल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि मैं खुद व्यापारी परिवार से हूं और व्यापारियों की व्यथा, दर्द और समस्याओं को अच्छी तरह समझता हूं। इस आर्थिक मंदी के समय में दिल्ली सरकार की योजनाओं के चलते दिल्ली के लोग उतनी अधिक चुभन महसूस नहीं कर रहे हैं दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापार मंदा पड़ रहा है और लोगों के वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई, जबकि उनके खर्च बढ़ रहे हैं, ऐसे में उनकी सरकार ने दिल्ली के लोगों को बहुत अधिक



मदद पहुंचाई, ताकि उन्हें आर्थिक मंदी की चुभन महसूस न हो। उन्होंने कहा कि हमने 200 यूनिट तक का बिजली बिल माफ कर दिया। हमने मुफ्त पानी मुहैया कराया और पानी के पुराने बिल माफ कर दिए। अब महिलाओं के लिए बस का सफर भी मुफ्त होगा। केजरीवाल ने दावा किया कि अर्थव्यवस्था भीषण मंदी से गुजर रही है और केंद्र से हालात को बदलने के लिए जरूरी कदम उठाने की अपील की।

### केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन को दिया डेंगू अभियान में हिस्सा लेने का निमंत्रण

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण को लेकर आप सरकार पर निशाना साध चुके केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन को कुछ दिन बाद सोमवार को सीएम अरविंद केजरीवाल ने डेंगू विरोधी अभियान में हिस्सा लेने और उसे सफल बनाने के लिए निमंत्रित किया। बयान के अनुसार केजरीवाल ने उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में डेंगू की रोकथाम सुनिश्चित करने पर केंद्रित अभियान 'दस हफ्ते, दस बजे, दस मिनट' में हिस्सा लेने के लिए निमंत्रित किया है। उन्होंने उन्हें पत्र लिखकर कहा कि मैं आपको और सभी केंद्रीय मंत्रियों को इस अभियान में हिस्सा लेने की अपील करता हूं। आपकी भागीदारी से अन्य बहुत सारे लोगों को भी उसमें हिस्सा लेने की प्रेरणा मिलेगी।

### सिसोदिया ने किया पदक विजेताओं को सम्मानित

**नई दिल्ली।** उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने सरकारी स्कूलों से रूस के मॉस्को में आयोजित मेट्रोपॉलिस ओलम्पियाड में भाग लेने वाले 20 बच्चों से मुलाकात की। इनमें से हर्षिता और सत्यम नाम के दो बच्चों ने देश में पहली बार किसी सरकारी स्कूल के स्टूडेंट होते हुये मॉस्को ओलम्पियाड में पदक (केमेस्ट्री में कांस्य) जीता है। बच्चों ने अपनी सफलता का जश्न उपमुख्यमंत्री के साथ उनके कार्यालय में केक काटकर मनाया।

### फिर महंगा हुआ प्याज, दिवाली तक कीमतें हो सकती है 80 के पार

**नई दिल्ली।** प्याज की बढ़ती कीमतों से लोगों को फिलहाल राहत मिलती नहीं दिख रही है। प्याज के दाम दिल्ली में 50 रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गए हैं। कम सप्लाई और डिमांड में तेजी के चलते कीमतों में उछाल आया है। हालांकि, सरकार की ओर से उठाए कदमों का असर फिलहाल नहीं दिख रहा है। लेकिन बढ़ती कीमतों से परेशान लोगों ने जरुरत से कम प्याज खरीदना शुरू कर दिया है।



इस पर एक्सपर्ट्स का कहना है कि बाजार में प्याज के दाम बढ़ने का कारण किसानों के पास प्याज का स्टाक खत्म होना है। अगर नया प्याज बाजार में नहीं आया तो दाम 60 से 80 रुपये किलो तक भी पहुंच सकते हैं। प्याज की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने इसका न्यूनतम निर्यात मूल्य 850 डॉलर प्रति टन तय किया है। इससे प्याज एक्सपोर्ट कम करने में मदद मिलेगी और घरेलू बाजार में उपलब्धता बढ़ने से दाम में कुछ राहत मिलेगी। दिल्ली में में प्याज की कीमत बढ़कर 40-50 रुपये प्रति किलो हो गई। कुछ दिन पहले यह 20-30 रुपये प्रति किलोग्राम थी।



खबर संक्षेप



## विधायक ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास

**फरीदाबाद।** पृथला के विधायक पं. टेकचंद शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल के नेतृत्व में शहरों की तर्ज पर गांवों में भी विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है और पृथला क्षेत्र इसका उदाहरण है, जहां पिछले पांच सालों के दौरान सरकार ने दिल खोलकर विकास कार्य करवाए है। आज यह क्षेत्र हरियाणा के सबसे विकसित विधानसभा क्षेत्रों की श्रेणी में शुमार हो चुका है। विधायक टेकचंद शर्मा सोमवार को क्षेत्र के कई गांवों में करीब 3 करोड़ 14 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे।

## मेगा रक्तदान शिविर में 1392 यूनिट रक्त एकत्र



**फरीदाबाद।** मानव रचना शिक्षण संस्थान में डॉ.ओपी भल्ला फाउंडेशन के तत्वावधान में लायंस क्लब ऑफ फरीदाबाद, रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद पूर्व तथा बी के अस्पताल के संयुक्त सहयोग से मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मानव रचना शिक्षण संस्थान के सभी कालेजों के छात्रों ने 1392 यूनिट रक्तदान किया।

## नोएडा में छात्र तीन दिन से लापता

**नोएडा।** नोएडा थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सदरपुर कॉलोनी में रहने वाला एक 15 वर्षीय छात्र तीन दिन से लापता है। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया कि सदरपुर कॉलोनी में रहने वाले मुख्तार खान ने थाना सेक्टर 39 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका 15 वर्षीय बेटा सरफराज 13 सितंबर से अपने घर से लापता है। उन्होंने अपने बेटे के अपहरण की आशंका जताते हुए थाना सेक्टर 39 में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हत्या के आरोप में पति को उम्रकैद

**बल्लभगढ़।** छांयसा थानाक्षेत्र गढ़खेड़ा गांव स्थित एक भट्ठे पर काम करने वाला श्रमिक दिनेश, पत्नी के चरित्र पर शक करता था। दोनों की शादी के 20 साल हो गए थे। उसके चार बच्चे भी हैं। एक अप्रैल 2018 को भट्ठा श्रमिक ने रात के वक्त पत्नी के साथ जमकर मारपीट की। लकड़ी के डंडे से पीट पीटकर पत्नी की हत्या कर दी और फरार हो गया। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सोमवार के केस की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कुमुद गुगनानी की कोर्ट ने पति को उम्रकैद की सजा सुनाई तथा 25 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है।

# विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इंटर स्टेट पुलिस मीटिंग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरीदाबाद

हरियाणा में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर फरीदाबाद में फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से इंटर स्टेट पुलिस मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली-उत्तर प्रदेश के पुलिस अधिकारियों के अलावा हरियाणा के लगभग 28 पुलिस अधिकारी मीटिंग में शामिल हुए।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीओ, बेलजम्पर व अन्य अपराधिक गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों की सूचना सांझा की जाएगी। बॉर्डर से लगते हुए दिल्ली व यूपी पुलिस के थाना प्रबंधक चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाऐ रखने व अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के मकसद से फरीदाबाद पुलिस के साथ सूचना सांझा करेंगे ।

पुलिस आयुक्त केके राव के निर्देशानुसार पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-21 सी में डीसीपी एनआईटी अर्पित जैन की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित की गई।

सोमवार को आयोजित की गई मीटिंग में फरीदाबाद पुलिस की तरफ से एसीपी सूरजकुंड, सराय, ओल्ड, बीपीटीपी, तिंगाव और मुजेसर व एसएचओ सूरजकुंड, सराय, पल्ला, खेरीपुल, भूपानी, तिंगाव, छायंसा, सदर बल्लबगढ, सेक्टर-58 और धौज के पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

### अपराधों पर संयुक्त रूप से अंकुश लगाएगी इंटर स्टेट पुलिस

#### दिल्ली और यूपी के इन थानों से पहुंचे अधिकारी

दिल्ली पुलिस के एसीपी साउथ ईस्ट, महरौली और संगम विहार व दिल्ली पुलिस एसएचओ फतेहपुर बेरी, संगम विहार, प्रहलादपुर, बदरपुर, जैतपुर और कालंदीकुंज के अलावा यूपी पुलिस के डीएसपी गौतमबुद्ध नगर के साथ एसएचओ रबुपुरा, एक्सप्रेसवे और दनकौर के भी पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



### किसान भवन के पास बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

# सब्जी लेकर लौट रहे व्यक्ति की भाई के सामने चाकू से गोदकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरीदाबाद

नेशनल हाइवे स्थित सब्जी मंडी से सब्जी लेकर घर लौट रहे व्यक्ति पर कार सवार चार युवकों ने चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। हत्या आरोपी एक हजार रुपये भी लूट ले गए। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज कार्रवाई शुरू कर दी है।

आदर्श नगर थाना पुलिस के अनुसार मूलरूप से यूपी के अलीगढ़ स्थित बझेड़ा गांव निवासी नागेंद्र सिंह ने बताया कि वह और उसका 40 वर्षीय भाई दयानंद फिलहाल सुभाष कॉलोनी स्थित एक मकान में किराए पर रहते हैं। दोनों यहां पर अलग-अलग कंपनियों में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। रविवार को घर पर दयानंद का साला गौरव भी आया हुआ था। रात करीब 10 बजे नागेंद्र व उसका भाई दयानंद व साला गौरव सब्जी मंडी में सब्जी लेने आए थे। मंडी में सब्जी खरीदने के बाद तीनों पैदल घर की ओर जा रहे थे। जब वे किसान भवन के पास पहुंचे, तभी इनके पास आकर वैगनआर कार आकर रूकी। आरोप है कि कार में ड्राइवर सहित कुल चार लोग सवार थे। जिनमें से तीन युवक नीचे उतर आए और एक युवक गाड़ी को स्टार्ट कर ड्राइवर सीट पर बैठा रहा। आरोप है कि गाड़ी से उतरे तीनों युवकों ने नागेंद्र, दयानंद व गौरव से छीना झपटी शुरू करते हुए दयानंद की जेब से एक हजार रुपये निकाल लिए। विरोध करने पर कार सवार बदमाशों ने दयानंद की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। इसके बाद हमलावरों ने नागेंद्र व गौरव भी चाकू चलाए। इस हमले में वह भी मामूली रूप से जख्मी हो गए। हमला करने के बाद हमलावर कार में सवार होकर फरार हो गए। इसी बीच वहां पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। घायलों को सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां पर दयानंद को मृत घोषित कर दिया गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई।

एसएचओ मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में नगेंद्र सिंह की शिकायत पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। मंडी में लगे सीसीटीवी चेक किए जा रहे हैं। ताकि कार की पहचान हो सके।



## न्यूज डायरी

### पीएम के जन्मदिवस पर बच्चों को बांटे फल

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ के चेयरमैन जीएल शर्मा ने मूक बधिर बच्चों को फलाहार दिया। चंदन नगर स्थित रेडक्रास के मूक बधिर बच्चों के स्कूल पहुंचकर जीएल शर्मा ने बच्चों को प्रधानमंत्री का जन्मदिन (17 सितंबर) को सेवा सप्ताह के रूप में मनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 14 से 20 सितंबर तक के समय को पूरे देश में सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा, सिंगल प्लास्टिक यूज से मुक्ति और जल संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प सभी देशवासियों को लेना चाहिए।



### श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ

**गुरुग्राम।** धार्मिक संस्था बृजरस गौसेवा समिति द्वारा सेक्टर 4 स्थित वैश्य समाज धर्मशाला परिसर में श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा स्थल से बैंड बाजों के साथ रंग बिरंगे परिधानों में सिर पर मंगल कलश उठाए बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। पं. मनमोहन बृजवासी ने श्रीमद भागवत के महात्म पर प्रवचन किया। उन्होंने बताया कि श्रीमद भागवत के श्रवण मात्र से जीव तीनों लोक के बंधन से मुक्त हो जाता है।

### डॉ. अनिल हंस का लंबी बीमारी के चलते निधन

**गुरुग्राम।** चिकित्सकों का प्रतिनिधित्व करने वाली इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष व हरियाणा आईएमए के सचिव डॉ. अनिल हंस का लंबी बीमारी के चलते 57 वर्ष की आयु में गत दिवस निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पालम विहार क्षेत्र स्थित श्मशान भूमि में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े चिकित्सक व राजनैतिक तथा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

### शिवसेना ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**गुरुग्राम।** शिवसेना के प्रतिनिधिमंडल द्वारा सोमवार को शीतला माता मंदिर के रुके हुए निर्माण को पुनः शुरु करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। शिवसेना प्रभारी रितुराज ने बताया कि ज्ञापन में कहा गया है कि करीब तीन साल पूर्व शीतला माता मंदिर के पुनः निर्माण की नीति बनी थी, जिसके कारण माता शीतला की प्रतिमा को गर्भ ग्रह से निकालकर बाहर रखा गया था, लेकिन अब तक न तो मंदिर का निर्माण शुरु हुआ और न ही प्रतिमा को स्थापित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रति वर्ष माघ व चैत्र मास में होने वाले नवरात्रों के मैले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें प्रतिमा अपने स्थान पर न स्थापित होने के कारण भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह लाखों लोगों की आस्था से जुड़ा मामला है। इसलिए प्रशासन को शीघ्र ही इस समस्या का समाधान शुरु करना चाहिए।



### मांगों को लेकर सीएम के नाम दिया ज्ञापन

**गुरुग्राम।** श्रमिक संगठन सीटू से संबंधित मिड डे मील वर्कर्स यूनियन ने कमला नेहरू पार्क में बैठक का आयोजन कर वर्कर्स की लंबित पड़ी मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा, जिसमें मांग की गई कि वर्कर्स को मुख्यमंत्री परिवार सम्मान निधि योजना के तहत जोड़ने के सरकार के निर्णय को लागू करने में आ रही बाधाओं को दूर किया जाए, ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ वर्कर्स को मिल सके। उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि उनके मांगपत्र को कार्यवाही के लिए भेज दिया जाएगा। यूनियन की प्रधान मूर्ति देवी ने बताया कि सरकार की इस योजना के तहत प्रत्येक मिड डे मील वर्कर को वर्ष में 6000 रुपए मिलेंगे।

### स्टेडियम में युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 21- ए स्थित स्टेडियम में सोमवार सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना सेक्टर 24 के थानाध्यक्ष रामफल सिंह ने बताया कि स्टेडियम में तैनात एक सिक्योरिटी गार्ड ने सुबह पुलिस को सूचना दी की स्टेडियम के अंदर पेड़ से फंदा लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने बताया की घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान राहुल चौधरी के रूप में हुई है। वह बुलंदशहर का रहने वाला था और फिलहाल नोएडा के निठारी गांव में किराए पर मकान लेकर रहता था। थाना प्रभारी ने बताया कि उसने एक सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें उसने कहा है कि वह कर्जे में डूबा हुआ है और इस वजह से वह आत्महत्या कर रहा है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजन को घटना की सूचना दे दी गई है। अगर वे इस मामले में किसी के खिलाफ कोई शिकायत करते हैं, तो घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

### जजपा युवा की जिला कार्यकारिणी घोषित

**फरीदाबाद।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) सुप्रीमो डा. अजय सिंह चौटाला, पूर्व सांसद दुष्यंत चौटाला तथा युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सांगवान के निर्देश पर सोमवार को जजपा जिला अध्यक्ष (शहरी) लखन बैनीवाल ने जिला अध्यक्ष ठाप्त राजाराम की मौजूदगी में जिले की जम्बो कार्यकारिणी की घोषणा की। जिला कार्यकारिणी में करीब 47 युवाओं को शामिल किया गया है। साथ ही साथ कार्यकारिणी में 5 हल्का अध्यक्ष भी बनाए गए है। जिला अध्यक्ष लखन बैनीवाल ने बताया कि अनिल डागर, हरिन्द्र सिंह, कपिल भाटी को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष तथा गौरव गर्ग, विपिन, रवि वर्मा, योगेश डागर, मोहन यादव, जवेद अख्तर, महेंद्र शर्मा, मोहित अत्री, आशीष ठाकुर, शशकिांत को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

## कर्मचारियों को निकालने के विरोध में किया प्रदर्शन

**गुरुग्राम।** ट्रेड यूनियन काउंसिल ने आर्थिक मंदी की आड़ में कर्मचारियों को निकालने के विरोध में सोमवार को प्रदर्शन किया। मारुति सुजुकी मजदूर संघ के अध्यक्ष कुलदीप जांघू ने बताया कि यह प्रदर्शन कमला नेहरू पार्क से शुरू होकर सिविल हॉस्पिटल तक किया गया। इसके बाद लघु सचिवालय में कर्मचारियों ने एसडीएम जितेंद्र कुमार को राष्ट्रपति के नाम दिया गया। कुलदीप ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण यह मंदी आई है। इसकी आड़ में ऑटोमोबाइल कंपनियों से कर्मचारियों को निकाला जा रहा है। एटक जिला महासचिव अनिल पंवार ने कहा कि मंदी के चलते पैदा हुई समस्या श्रमिकों पर भारी पड़ रही है। इसे तुरंत रोका जाए।

### कृष्णपाल गुर्जर ने किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन

## पीएम के जन्मदिन पर केन्द्रीय मंत्री ने चलाया पौधारोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरीदाबाद

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने नेहरू कॉलेज में पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा सप्ताह के तहत पौधारोपण और रक्तदान शिविर के उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गत 14 सितंबर से 17 सितंबर तक और भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव को सेवा सप्ताह दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसमें रक्तदान शिविर, जल संचय के लिए पौधारोपण अभियान, पॉलिथीन बैग मुक्त अभियान, अस्पतालों में बीमारों को फल वितरण कार्यक्रम सहित अनेक सामाजिक जन सरोकार के कार्य किए जा रहे हैं।



### दो लोग गिरफ्तार

## शराब बनाने की अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़

**नोएडा।** नोएडा की थाना बादलपुर पुलिस ने छपरौला औद्योगिक क्षेत्र में छापा मारकर शराब बनाने की एक अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वैभव कृष्ण ने बताया कि सोमवार तड़के एक सूचना के आधार पर थाना बादलपुर पुलिस ने छपरौला औद्योगिक क्षेत्र में छापा मारा। एसएसपी ने बताया कि मौके से पुलिस ने सुनील और गौरव नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि इनके दो साथी फरार हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मिलावट करके बनाई गई 180 पेटी अंग्रेजी शराब, शराब ढोने में प्रयोग होने वाली सात गाड़ियां, 40 ड्रम, 294 बोतल भरी हुई शराब, शराब भरने के लिए रखी गई कांच की बोतलें, 20 किलो यूरिया, पानी की मोटर, पानी की टंकी, जनरेटर आदि बरामद किया है।

#### ट्रक में एक हजार पेटी शराब मिली

**नोएडा।** थाना दादरी पुलिस ने सोमवार को एक ट्रक में भरकर ले जाई जा रही 1,000 पेटी तस्करी की शराब बरामद की है। सोमवार को एक सूचना के आधार पर पुलिस ने टोल प्लाजा के पास एक ट्रक को चेकिंग के लिए रोका।

### विभाग ने दवाएं की सील

## अवैध मेडिकल स्टोर पकड़ा

**फरीदाबाद।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सोमवार को अवैध रुप से चल रहे एक मेडिकल स्टोर का भंडाफोड़ कर दुकान में रखी सभी प्रकार की दवाओं को कब्जे में ले लिया है। इन दवाओं के कोर्ट से कस्टडी ऑर्डर लेने की कार्रवाई जारी है। इस विषय में अधिक जानकारी देते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन के वरिष्ठ औषधि नियंत्रक अधिकारी करण गोदारा ने बताया कि उनको इस प्रकार की शिकायतें मिल रहीं थी कि सिरोही गांवमें दवाओं का अवैध कारोबार हो रहा है तो उन्होंने अपने साथ जिले की नियंत्रण अधिकारी पूजा चौधरी तथा संदीप गहलान को लिया तथा धौज थाने से पुलिस सहायता के साथ सिरोही गांव के बस स्टैंड पर चल रहे रियाज मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। इस दौरान जब टीम ने संचालक से दवा बेचने संबंधी लाइसेंस इत्यादी मांगे तो वह न तो विभाग द्वारा जारी लाइसेंस उनको दे पाया और न ही दवाओं की खरीद व बिक्री का हिसाब-किताब ही उनको दे पाया। जिस पर कार्रवाई करते हुए टीम नेउसकी दुकान में रखी सभी दवाओं को अपने कब्जे में लेकर सील कर दिया।

### समर्थकों ने सड़क पर की प्रेस कॉन्फ्रेंस

## जातीय संघर्ष मामले में महंत के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**गाजियाबाद।** जातीय संघर्ष मामले में मंदिर के महंत यति नरसिंघानंद व छोटे यति अनिल यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज किये होने के विरोध में सोमवार को उनके समर्थकों ने सड़क पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विरोध जताया और आंदोलन करने की धमकी दी।

आपको बता दें कि रविवार को डासना स्थित माता देवी मंदिर में दोनों जातियों के लोगों को सुलह कराने के लिए बुलाया गया था दोनों पक्षों के बीच कोई समझौता तो हो ना सका अलबत्ता वहां दोनों पक्षों के बीच टकराव हो गया और दो वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था और दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर पथराव भी किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को संभाला। एस इस मामले में मंदिर के महंत यति नरसिंघानंद व छोटे यति अनिल यादव समेत 100 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है तथा नामजद लोगों की तलाश में कई जगह दबिश भी दी है। एफआईआर दर्ज होने के बाद महंत समर्थकों में रोष व्याप्त है सोमवार को इन समर्थकों ने आरडीसी में सड़क पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

### जुटाई जानकारी

## खेमका ने किया हरसक कार्यालय का निरीक्षण

**गुरुग्राम।** विज्ञान एवं तकनीकी विभाग के प्रधान सचिव तथा हरियाणा स्पेस एप्लीकेशन सेंटर ( हरसक) के चेयरमैन अशोक खेमका ने जिला में चल रहे हरसक कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने हरसक द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी ली और ज्योग्राफिक इंफोरमेशन सिस्टम(जीआईएस) लैब भी देखी। गुरुग्राम पहुंचने पर हरसक के सीनियर साईंटिस्ट डॉ. सुल्तान सिंह तथा हरसक के डायरेक्टर डॉ. वीएस आर्या ने खेमका को जीआईएस लैब के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि यह टैक्नोलॉजी का युग है और समय के अनुरूप जीआईएस मैपिंग की मांग दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि जीआईएस मैपिंग के माध्यम से मेरी फसल-मेरा ब्यौरा सहित कई योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर काम किया जा रहा है।



### सेक्टर 62 से मोहननगर के बीच मेट्रो विस्तार के लिए डीपीआर तैयार

# जीडीए ने मेट्रो के लिए शासन से मांगा फंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गाजियाबाद

नोएडा सेक्टर - 62 से मोहननगर के बीच मेट्रो संचालित करने के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शासन ने फंड की मांग की है। इस संबंध में जीडीए वीसी कंचन वर्मा ने शासन को पत्र लिखा है।

आपको बता दें कि मेट्रो जैसे बड़े प्रोजेक्ट के लिए 20 प्रतिशत व प्रदेश सरकार 80 प्रतिशत देती हैं लेकिन जीडीए के पिछले मेट्रो प्रोजेक्ट पर नजर डाले तो दिलशाद गार्डन से नया बस अड्डा शहीद स्थल गाजियाबाद तक मेट्रो के प्रोजेक्ट में 20 प्रतिशत केंद्र सरकार के अलावा बाकी धनराशि जीडीए, आवास विकास परिषद एवं उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम ने वहन किया था जबकि नगर निगम से भी उसका हिस्सा मांगा गया था लेकिन नगर निगम ने अपना हिस्सा देने से साफ इंकार कर दिया था।



अब सेक्टर 62 से मोहननगर के बीच मेट्रो का विस्तार होना है। जिसकी डीपीआर तैयार हो चुकी है लेकिन जीडीए की माली हालत इतनी सुदृढ नहीं है कि इस प्रोजेक्ट में धनराशि कर सके। इस प्रोजेक्ट की लागत करीब 18सौ करोड़ है।

जीडीए उपाध्यक्ष कंचन वर्मा ने सोमवार को बताया कि उन्होंने शासन को पत्र लिखा है कि जीडीए के अन्य दायित्वों को देखते हुए मेट्रो के इस प्रोजेक्ट के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार खुद शत प्रतिशत फंडिंग करे।

यहां यह भी गौरतब है कि प्रदेश शासन ने प्रदेश के एक दो प्राधिकरणों को छोड़कर बाकी सभी प्राधिकरणों से मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए कोई धनराशि नहीं ले रही है यानि उन प्राधिकरणों पर कोई भार नहीं डाल रही है जबकि जीडीए को इससे अलग रखा गया है। जीडीए वीसी ने तमाम बिंदुओं के अवगत कराते हुए शत-प्रतिशत धनराशि केंद्र व प्रदेश सरकार से वहन करने का अनुरोध किया है।

#### नार्दन पेरीफेरल के लिए मांगे 490 करोड़ रुपये

जीडीए वीसी ने बताया कि नोर्दन पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार से 490 करोड़ रुपये की धनराशि की मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि डासना से मेरठ रोड तक नार्दन पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए 240 करोड़ मांगे गए हैं। इस रोड पर दो फलाई ओवर तथा सड़क बनाई जानी है जबकि मेरठ रोड से राजनगर एक्सटेंशन स्टेडियम के सामने वाली दस किलो मीटर रोड के निर्माण के लिए 250 करोड़ रुपए मांगे जा रहे हैं। आपको बता दें कि प्रदेश सरकार ने खुद यह कहा था कि बड़े प्रोजेक्टों की फंडिंग से उसे अवगत कराया जाए। इसी क्रम में जीडीए की ओर से शासन को पत्र लिखा जा रहा है।

### विधायक ने किया स्वागत

## एनआरसी लागू होने से घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने में मिलेगी मदद

**गुरुग्राम।** असम की तरह हरियाणा में राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने की मुख्यमंत्री मनोहर लाल की घोषणा का विधायक उमेश अग्रवाल ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि एनआरसी लागू होने से गुरुग्राम सहित पूरे प्रदेश में रह रहे घुसपैठियों को देश से बाहर करने में मदद मिलेगी।

अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल आदि प्रदेश के निवासियों की आड़ में बांग्लादेशी नागरिकों के अलावा म्यांमार के रोहिंग्या मुसलमानों के भी गुरुग्राम में रहने की जानकारी जब तब सामने आती रही है। मीडिया के माध्यम से भी ऐसी जानकारी मिलती रहती है। पुलिस ने भी कई बार गुरुग्राम में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अग्रवाल ने कहा कि एनआरसी लागू होने के बाद गुरुग्राम सहित पूरे प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे दूसरे देशों के नागरिकों की पहचान करने में मदद मिलेगी।

# हरियाणा विस चुनाव का ऐलान किसी भी वक्त, आयोग ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया

■ तारीख के ऐलान के साथ ही आचार संहिता लगेगी
■ वरिष्ठ अधिकारी जरूरी कामकाज निपटा रहे

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा चुनाव 2019 को लेकर मैराथन बैठकों के बाद में चुनाव संबंधी तैयारी पूर्ण हो चुकी है। अब बस चुनाव की तारीखों के एलान को लेकर सभी की नजरें देश के चुनाव आयोग की ओर लगी हुई है। तारीखों की घोषणा के लिए बहुत ही कम समय बचा है, इसीलिए आने वाले एक दो दिनों के अंदर ही विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान हो जाएगा, इसके एलान के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो जाएगी।

प्रदेश में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर राज्य के आला अफसर भी रात दिन लंबित फाइलें और विकास, जरूरी तबादलों जैसे काम निपटारा करने में जुटे हुए हैं। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद में कामकाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जिसके बाद में कामकाज नई सरकार के गठन के बाद ही आगे बढ़ेगा, क्योंकि सभी सियासी दिग्गज, विधायक, मंत्री, जनप्रतिनिधि अपने अपने इलाकों में चुनावी मुहिम में व्यस्त हो जाएंगे।

उधर, चुनावों को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने को लेकर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल और संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. इन्द्रजीत ने देर शाम को चुनावी तैयारी पूर्ण कर लेने की पुष्टि की है। इस क्रम में सभी जिलों में डीसी, एससी और उसके पहले राज्य के आला अफसरों के साथ में तमाम मैराथन बैठकें हो चुकी हैं। खुद देश के चुनाव आयोग की ओर से आए आला अफसर भी दो बैठकें लेकर तैयारी की समीक्षा कर चुके हैं। राज्य स्तर पर सोशल मीडिया सेंटर भी बन गया है।

## सीईओ ने बांटा अधिकारियों में कामकाज, हर क्षेत्र पर रहेगी पैनी नजर

### एक ही जगह तीन साल पूरे कर चुके अफसरों का तबादला

आदर्श आचार संहिता लगाने का काम अब मंगलवार अथवा बुधवार को चुनावों की तारीखों के एलान के साथ ही हो जाएगा। इस क्रम में सीएम की घोषणाओं पर हुए कामकाज का हर दिन का अपडेट, अधिकारियों के अहम तबादलों, पुलिस प्रशासनिक फेरबदल भी की जा रही हैं। इसके अलावा चुनाव आयोग की ओर से हर चुनाव से पहले दिए जाने वाले निर्देशों के अनुसार तीन साल से एक ही जगह पर जमे अफसरों को भी जिलों में बदल दिया गया है। आचार संहिता से पहले विभिन्न जिलों में लंबित विकास के कामकाज को पूरा कराने की मुहिम भी काफी पहले से चल रही है। सीएम की घोषणाओं को पूरा करने के अलावा, मंत्रियों, विधायकों के क्षेत्रों में अहम कामकाज को लेकर भी गहन समीक्षा की जा रही है। चुनाव संबंधी घोषणा से पहले पहले कामकाज निपटाने में जुटे सीएम के प्रधान सचिव व सीएमओ के आला अफसर खुद काम में जुटे हुए हैं। शनिवार और रविवार को भी गत कई सप्ताह से आफिस खोलकर काम को गति दी जा रही थी।

### मनोहर लाल सरकार का कार्यकाल 2 नवंबर तक

सरकार का कार्यकाल 2 नवंबर तक का है, इससे पहले-पहले हर सूरत में सरकार का गठन होना जरूरी होगा। चुनाव प्रक्रिया तारीखों के एलान के बाद में कार्य पूर्ण करने में काफी समय लगता है। हरियाणा में लोकसभा के बाद में विधानसभा के चुनावी संग्राम को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री रोहतक में बीती 8 सितंबर को रैली हो चुकी है। उसके पहले जींद की धरती पर खुद भाजपा अध्यक्ष और देश के गृहमंत्री आकर सूबे के सीएम मनोहरलाल के कामकाज पर मुहर लगा चुके हैं। दूसरी सरकारों से हटकर कामकाज के तौर तरीकों पर भी पीएम और अमित शाह मुहर लगा चुके हैं।

**घोषणा के साथ ही होगी भाजपा कोर कमेटी की बैठक:** चुनावी तारीखों के एलान के साथ ही भाजपा कोर कमेटी की बैठक होगी, क्योंकि उसमें राज्य में होने वाले चुनावों, 90 हलकों में टिकटों को लेकर भी चिंतन मंथन होगा। दूसरी तरफ भरोसेमंद सूत्रों का यह भी कहना है कि भाजपा सूबे में सभी विधायकों के कामकाज को लेकर सर्वे करा चुके हैं। इसीलिए आने वाले वक्त में भाजपा कोर कमेटी की बैठकें कई मायनों में अहम होंगी।

# शिक्षकों पर वाटर कैनन बौछार व लाठीचार्ज

■ पुलिस कार्रवाई में दो दर्जन से ज्यादा को चोटें आईं
■ घायलों में 7 महिलाएं शामिल

**चंडीगढ़।** विधानसभा चुनावों से ठीक पहले दर्जनभर संगठनों की ओर से अपनी मांगों को मनवाने के लिए पूरा दबाव बनाया जा रहा है। काफी संख्या में कर्मचारी संगठनों को राहत दे चुकी सरकार के सामने आए दिन नई-नई चुनौतियां पेश आ रही हैं। इसी क्रम में कंप्यूटर शिक्षकों ने उपायुक्त आफिस पंचकूला में प्रदर्शन किया और धरना देकर बैठ गए। कई बार चेतावनी के बाद भी मौके से नहीं उठने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। पुलिस द्वारा लाठिया भांजने और वाटर कैनन के इस्तेमाल के कारण करीब दो दर्जन शिक्षकों को चोटें आई जिसमें सात महिलाएं भी शामिल हैं। उन्हें पंचकूला सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार



के लिए लाया गया। कंप्यूटर शिक्षकों का आरोप है कि वे शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे थे लेकिन पुलिस ने उन पर लाठियां भांजी यहां तक की महिलाओं को भी नहीं छोड़ा। सड़कों पर दौड़ाकर पीटा। शिक्षकों पर हुए लाठीचार्ज की विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने निंदा की है।। आरोप है कि सड़क पर घसीटने और मारपीट करने के बाद में थाने ले जाने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## रेवाड़ी में हादसा, पिता की मौत, पुत्र गंभीर

**रेवाड़ी।** बावल-झाबुआ रोड पर बाइक पर सवार होकर बावल की ओर आ रहे पिता-पुत्र को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें पिता की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पलवल जिले के गांव खेड़ली निवासी करीब 35 वर्षीय हंसाराम रविवार रात को बाइक पर सवार होकर अपने करीब आठ वर्षीय बेटे के साथ गांव झाबुआ की ओर से बावल की तरफ आ रहे थे।

## सैनी के बयान मामले पर सरकार को नोटिस, कोर्ट कार्रवाई पर भी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पूर्वजों पर अंग्रेजों से साठगांठ के आरोप लगाने के मामले में पूर्व सांसद राजकुमार सैनी के खिलाफ रोहतक सीजेएम कोर्ट की कार्रवाई पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के दादा मातूराम के खिलाफ झज्जर जनसभा में शहीद -ए आजम भगत सिंह के विरुद्ध गवाही देने के आरोप लगाए थे। संत कुमार ने कहा था कि उन्होंने शहीद ए आजम भगत सिंह की फांसी से संबंधित 457 गवाहों के कागजात कोर्ट से निकलवाए और इसकी जांच की। इसके बाद संतकुमार ने सैनी के खिलाफ सीजेएम योगेश चौधरी की कोर्ट में इस्तगासा डाला। शिकायत के आधार पर सीजेएम ने संतकुमार और अन्य के बयान सुनने के बाद राजकुमार सैनी को समन आदेश जारी किए थे। इस मामले में सैनी ने हाईकोर्ट में याचिका दखिल करते हुए इस शिकायत को आधार हीन करार देते हुए इसे खारिज करने की अपील की थी। याची ने दलील दी थी कि मान हानि का इस प्रकार का मामला वह व्यक्ति डाल सकता है जिसकी मान हानी हुई हो या फिर उसके परिवार का कोई व्यक्ति। शिकायतकर्ता न तो परिवार की परिभाषा में आता है और न ही कोई नजदीकी। ऐसे में उसे इस शिकायत को देने का अधिकार ही नहीं है। हाईकोर्ट ने याची पक्ष की दलील सुनने के बाद सरकार व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके साथ ही रोहतक कोर्ट में चल रही कार्रवाई पर भी रोक लगा दी है।

# विधायक बैंस को अदालत ने नहीं मिली राहत

■ गुरदासपुर के उपायुक्त से दुर्व्यवहार का मामला

**गुरदासपुर (पंजाब)।** गुरदासपुर के उपायुक्त के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने के सिलसिले में दर्ज मामले में एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को पंजाब के विधायक सिमरजीत सिंह बैंस की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। जिला और सत्र न्यायाधीश रमेश कुमारी ने बैंस को राहत देने से मना कर दिया। बैंस लुधियाना की आतम नगर सीट से लोक इंसाफ पार्टी के विधायक हैं। बैंस के वकील सतिंदरपाल सिंह ने कहा कि वह अगले दो-तीन दिन में जमानत के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने कहा कि सत्र अदालत ने बैंस और उनके करीब 20 समर्थकों को राहत नहीं दी। बैंस ने बटाला सरकारी अस्पताल में गुरदासपुर के उपायुक्त विपुल उज्ज्वल के साथ कथित तौर पर सार्वजनिक रूप से दुर्व्यवहार किया था। जिसके बाद उन पर एक सरकारी सेवक को काम करने से जानबूझकर रोकने या उनके खिलाफ आपराधिक बल प्रयोग करने, आपराधिक डराने धमकाने तथा आईपीसी की अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। बटाला के एक आतिशबाजी कारखाने में चार सितंबर को विस्फोट के बाद इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में आया था।

### 24 लोग मारे गए थे

विस्फोट में 24 लोग मारे गये थे। करीब 45 सैकंड के वीडियो में बैंस को उज्ज्वल पर चिल्लाते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान अधिकारी एक विस्फोट पीड़ित के शव की पहचान को लेकर संशय दूर करने का प्रयास करते हुए देखे जा सकते हैं। बटाला के एसडीएम बलराज सिंह की शिकायत पर विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। घटना के समय सिंह मौजूद थे।

## एसजीपीसी अकालियों के हाथों का खिलौना : अमरिंदर सिंह

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने सोमवार को एक बार फिर केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल को कम समझ वाली महिला बताया और उनसे कहा कि तुच्छ राजनीतिक लाभों के लिए वह गुरु नानक देव के 550वें प्रकाशोत्सव के मुद्दे का फायदा उठाना बंद करे। मुख्यमंत्री ने एसजीपीसी को शिरोमणी अकाली दल के हाथों का खिलौना बताया और आरोप लगाया कि सरकार और धार्मिक संगठन के बीच खाई को गहरी करने की हरसिमरत हर संभव कोशिश कर रही हैं। इससे पहले बीते मंगलवार को भी पंजाब के मुख्यमंत्री ने हरसिमरत को कम समझ वाली महिला बताया। कौर ने आरोप लगाया था कि सरकार सिख धर्म के संस्थापक के जयंती समारोह पर राजनीति कर रही है, जिसके जवाब में सिंह ने यह कहा। कौर ने कहा था कि राज्य सरकार अकाल तख्त को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री ने एक वक्तव्य में कहा कि कौर आधारहीन आरोप लगाकर उनकी सरकार की छवि खराब करने के लगातार प्रयास कर रही हैं।

# मरीज़ों की सुरक्षा अब है विश्वस्तरीय प्राथमिकता

■ विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 17 सितम्बर को पहला 'विश्व मरीज़ सुरक्षा दिवस' घोषित किया

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा घोषित पहले 'विश्व मरीज़ सुरक्षा दिवस' का आयोजन 17 सितम्बर 2019 को किया जा रहा है, इस अवसर पर मरीज़ों की सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विश्वस्तरीय अभियान की शुरूआत की जाएगी, साथ ही लोगों से स्वास्थ्यसेवाओं को सुरक्षित बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए आग्रह किया जाएगा।

विश्व मरीज़ सुरक्षा दिवस के मौके पर विश्व स्वास्थ्य संगठन सभी हितधारकों से आग्रह कर कर रहा है कि 'किसी भी व्यक्ति को स्वास्थ्यसेवाओं को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए।' विश्व मरीज़ सुरक्षा दिवस मरीज़ों, उनके परिवारों, उनकी देखभाल करने वालों, समुदायों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य-सेवा जगत के दिग्गजों और नीति निर्माताओं को एक ही मंच पर लाएगा। उन्हें मरीज़ सुरक्षा पर प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए प्रेरित करेगा। दुनिया भर में हर साल निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों के अस्पतालों में असुरक्षित देखभाल के कारण 134 मिलियन प्रतिकूल मामले दर्ज किए जाते हैं, जिसके कारण हर साल 2.6 मिलियन लोगों की मृत्यु होती है। 10 में से 4 मरीज़ों को प्राइमरी एवं एम्बुलेटरी सेटिंग में नुकसान पहुंचता है, जिनमें से 80 फीसदी मामलों को रोका जा सकता है कि अगर स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को जगरुक बनाया जाए। भारत में एनएबीएच द्वारा मान्यता प्राप्त मुद्दों जैसे 'अस्पताल अधिग्रहीत संक्रमण' और 'इलाज में त्रुटि' के लॉन्च के साथ भारत में स्वास्थ्य सेवाओं पर राष्ट्रीय वाद-विवाद, मरीज़ सुरक्षा पर ध्यान केन्द्रित करता है। हालांकि यह चिंता का विषय है कि देश में मात्र 3 फीसदी अस्पताल ही एनएबीएच द्वारा मान्यता प्राप्त है। 31 मार्च 2019 को सिर्फ 600 अस्पताल ही एनएबीएच द्वारा मान्यता प्राप्त थे। इस अवसर पर डॉ गिरधर ज्ञानी, संस्थापक एनएबीएच और डीजी, एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का संघ) भारत ने कहा, ''यह सुरक्षा दुनिया भर में, खासतौर पर विकासशील देशों में चिंता का एक बड़ा मुद्दा बन चुकी है। स्वास्थ्य सेवाओं में बुनियादी सुविधाओं और मैनपावर की कमी के चलते मृत्युदर एवं रूग्णता के मामले और बढ़ते हैं। सरकार ने हाल ही में इसके मद्देनज़र मरीज़ सुरक्षा कार्यान्वयन ढांचे (1918-25) की शुरूआत की है। ऐसी सुरक्षित प्रणाली को जल्द से जल्द बढ़ावा देने की आावश्यकता है, जहां इलाज में होने वाली त्रुटियों पर निगरानी रखी जाए और इसके लिए सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।''

# पंजाब कैबिनेट ने ई...शासन पहल के लिए काडर गठन को मंजूरी दी

■ मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब कैबिनेट ने अपनी ई शासन पहल 'डिजिटल पंजाब' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सोमवार को एक विशेष आईटी काडर गठित करने का निर्णय लिया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि चयन मापदंड और काडर प्रबंधन को मुख्यमंत्री द्वारा गठित एक समिति द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा। काडर के तहत भर्ती किये जाने वाले कर्मियों को राज्य सरकार के विभागों में तकनीकी दिशानिर्देश और सहयोग प्रदान करने के लिए तैनात किया जाएगा। यह ई शासन/एम(मोबाइल) शासन परियोजनाओं के क्रियान्वयन में शामिल विभागों को तकनीकी सहायता और उनका समय से क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा। पंजाब सरकार के 'डिजिटल पंजाब' अभियान के तहत राज्य में सरकारी कामकाज के पुराने तरीकों को बदल कर राज्य को डिजिटल तरीके से सशक्त समाज और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में बदला जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए 'पंजाब पारदर्शिता एवं जन सेवाएं प्रदान करने में जवाबदेही' अधिनियम, 2018 लागू किया गया है। इसका उद्देश्य सरकारी सेवाएं तय समयसीमा में उपलब्ध कराना है। पंजाब सरकार ने विभिन्न संबद्ध विधानों में संशोधन के माध्यम से राज्य में योग्य सिविल सेवा कर्मियों के लिए भर्ती नियमों में ढील देने का भी निर्णय लिया है। इससे उन पदों को भरने का मार्ग प्रशस्त होगा जो उपयुक्त उम्मीदवारों के उपलब्ध नहीं होने के चलते खाली रह गए थे। इस बारे में फैसले की घोषणा पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद की गई।

## यमुनानगर: बर्तन फैक्टरी में गैस लीक होने से लगी आग में 13 कर्मी झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

औद्योगिक नगर में स्थित एक एल्युमिनियम के बर्तन और अन्य सामान बनाने की फैक्टरी में एलपीजी गैस लीक होने से आग लग गई। इससे 13 कर्मचारी कुरी तरह से झुलस गए। सभी अस्पताल में दाखिल कराया गया है साल कर्मियों की हालत गंभीर होने पर उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। जबकि चार कर्मचारियों को निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बताया जा रहा है कि विमल एल्युमिनियम प्राइवेट लिमिटेड फैक्टरी में सोमवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे के करीब आग लग गई औ यह हादसा हो गया।



### ये लोग झुलसे

एसएस पुंडीर, विजय कालोनी निवासी अनिल, मध्य प्रदेश निवासी विनय मिश्रा, लक्ष्मी नगर निवासी सचिन, बनारस निवासी विकास, लाल द्वारा निवासी सत्यावीर सिंह, बहादरपुर निवासी सोमपाल, कमल, हर्षित, मोहन, संदीप, सुमेर व प्रताप शामिल हैं। दमकल की छह गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझाया।

## बटाला फैक्टरी धमाका बाजवा ने उच्च न्यायालय के सेवानिवृत जज से जांच कराने की मांग की

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा ने पंजाब के बटाला पटाखा फैक्टरी धमाका मामले में मजिस्ट्रेट जांच पर सवाल उठाते हुए इस मामले की जांच उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश से कराने की सोमवार को मांग की। राज्यसभा सदस्य बाजवा ने दावा किया कि मजिस्ट्रेट जांच ₹उचित तरीके₹ से नहीं कराई जा सकती क्योंकि हो सकता है कि प्रशासनिक अधिकारियों ने ही अवैध फैक्टरी चलाने की अनुमति दी हो। बाजवा ने मुख्यमंत्री अमरिन्दर सिंह को लिखे पत्र में आरोप लगाया, ₹...जांच उचित तरीके से नहीं कराई जा सकती क्योंकि प्रशासनिक अधिकारी स्वयं कारखाना प्रतिष्ठानों के साथ जुड़े हुए हैं।₹ कांग्रेस नेता ने जिले के अधिकारियों पर 2017 में ऐसा ही विस्फोट होने के बावजूद अवैध पटाखा फैक्टरियों के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। चार सितंबर को हुए इस धमाके में 24 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।


शिक्षकों ने जताया रोष, हजारों विद्यार्थी शिक्षक के कक्षा में न आने पर बैठे रहे खाली

# बढ़ा वेतन न मिलने पर सीबीएलयू के अनुबंध शिक्षक हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में कार्यरत अनुबंध शिक्षक बढ़े हुए वेतन को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर सोमवार को हड़ताल पर चले गए। अनुबंधित शिक्षकों का कहना है कि राज्य सरकार ने उनका वेतन बढ़ाकर 56 हजार 700 रुपये कर दिया है, जो 27 जून से लागू भी हो चुका है, लेकिन सीबीएलयू में नए वेतनमान को लागू नहीं किया गया है। इसीलिए अनुबंध शिक्षक आर्थिक परेशानी झेल रहे हैं। अनुबंध सहायक प्रोफेसर अगिन दलाल ने कहा कि वे लंबे समय से मांगों को लेकर विवि प्रशासन को अवगत करवाते रहे है, लेकिन उनकी मांगों की तरफ कोई ध्यान





**भिवानी।** मांगों को लेकर हड़ताल करके नारेबाजी करते सीबीएलयू के अनुबंध शिक्षक तथा शिक्षकों की हड़ताल के चलते कक्षा में खाली बैठे विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

नहीं दिया गया। आखिरकार उन्हे संघर्ष की राह अपनानी पड़ी है। अनुबंध शिक्षकों को बढ़ा हुआ वेतन देने के लिए उच्चतर शिक्षा के एसीएस अंकुर गुप्ता व मुख्यमंत्री कार्यालय से भी पत्र आ चुका हैं। इतना ही नहीं पत्र आने के बाद इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर (रेवाड़ी), चौ. रणबीर सिंह विवि जींद, गुरू जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार, एमडीयू रोहतक आदि में अनुबंध शिक्षकों को बढ़ा हुआ वेतन मिलना शुरू हो गया है।

लेकिन सीबीएलयू में अभी तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। अनुबंध शिक्षक मूलराज ने कहा कि तीन-चार बार विवि प्रशसन को लिखित रूप में अपना मांग पत्र दिया गया है। हर बार उन्हें भरोसा दिलाया गया है कि उनकी मांग जल्द ही पूरी की जाएगी। हालांकि कमेटी ने भी इस बात को मान लिया था, लेकिन इसे लागू करने का निर्णय अभी तक नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी मांग नहीं मानी गई तो उनका संघर्ष अनिश्चिकालीन तक जारी रहेगा। अनुबंध शिक्षकों के आंदोलन की भनक मिलने के बाद विवि के वीसी प्रो. आरके मित्तल ने अपने तीन प्रतिनिधियों को संघर्षरत्त अनुबंध शिक्षकों से बातचीत के लिए भेजा। इस प्रतिनिधिमंडल में डॉ. सुरेश मलिक, डॉ. दिनेश मदान और विकास कुमार शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल ने संघर्षरत्त अनुबंध शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि 10 सितंबर को कार्यकारी कमेटी में संवैधानिक रूप से इस मांग को मान लिया गया था। इसे लागू करने की तारीख भी तत्काल घोषित की जाएगी। इसके बाद अनुबंध शिक्षकों ने आंदोलन स्थगित कर दिया।

**महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, मून्दड़ी, कैथल**
(हरियाणा सरकार अधिनियम सं. 20/2018 के तहत स्थापित)

**विज्ञापन सं. 3/2019**

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में विभिन्न विषयों के शैक्षणिक पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विवरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mvsumktl.ac.in देखें।

पीआरडीएच-2238/11/4/1920/78750 दि. 16.09.19 कुलसचिव

**पूर्वी दिल्ली नगर निगम**
कार्यालय अतिरिक्त उपायुक्त (सेंट्रल लाइसेंसिंग)
**अतिक्रमण के विषय में सार्वजनिक सूचना**

सभी जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि सार्वजनिक/सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करना **दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 की धारा (321)** तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1985 के डब्ल्यू.पी. (सी) सं. 13029 शीर्षक (M.C. Mehta vs. UOI & Ors) के संदर्भ में दिनांक 02.09.2019 को पारित किए गए आदेश के अनुसार अवैधानिक है।

सभी जनसाधारण को यह आदेश दिए जाते हैं कि वे सार्वजनिक/सरकारी भूमि से सभी प्रकार के अतिक्रमण को तुरंत हटाएं अन्यथा, **दिल्ली नगर निगम अधिनियम की धारा 321/461/466ए** के अनुसार, व्यापक रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निगम द्वारा की जाएगी एवं सार्वजनिक/सरकारी भूमि पर पाए गए सामान को निगम द्वारा कार्रवाई के दौरान बिना किसी पूर्व सूचना के अतिक्रमणकारियों की कीमत पर जब्त कर लिया जाएगा। **आदेशानुसार**
**आरओ सं. 52/डीपीआइ/पूवी/2019-20** अति. उपायुक्त (सेंट्रल लाइसेंसिंग)
पूर्वी दिल्ली नगर निगम नागरिक हेल्पलाईन स. -155303

**पंजाब एंड सिन्ध बैंक**
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking) Where service is a way of life
बीओ : सं. 5, 5बी/32, एनआईटी फरीदाबाद, हरियाणा-121001
Phone No.: 0129-2410965, E-mail: f1145@psb.co.in

**[नियम-8 (1)] कब्जा सूचना अचल सम्पत्ति हेतु**

चूंकि, प्रत्याभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत पंजाब एंड सिन्ध एनआईटी सं. 5, फरीदाबाद, हरियाणा का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रत्याभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा-13(02) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक को धारा-13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किया जिसमें (1) **श्री विजय पाल सिंह पुत्र श्री सुखपाल सिंह (कर्जदार) और श्रीमती महक देवी पत्नी श्री विजय पाल सिंह का सूचना में वर्णितानुसार (एलएपी सुविधा) रू.** 12,79,439.40 (**रुपये बारह लाख उनासी हजार चार सौ उनतालीस और पैसा चालीस केवल**) 31.12.2015 के अनुसार (31.12.2015 **तक वसूल किया गया ब्याज शामिल) लागूयोग्य/अनुबंधात्मक दर पर** 01.01.2016 से भविष्य के ब्याज और उस पर आकस्मिक व्यय, लागत, परिव्यय इत्यादि सहित उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 (साठ) दिन की अवधि के अंदर पुनर्भुगतान करने का आह्वान किया।

चूंकि कर्जदार / गारंटर राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं, कर्जदार / गारंटर को तथा सर्वसाधारण को एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक 16 सितम्बर, 2019 को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम को धारा 13(4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है।

कर्जदारों / गारंटरों को विशेषतः तथा सर्व साधारण को एतद् द्वारा सम्पति से कोई डील न करने को चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन (डीलिंग) रू. 12,79,439.40 (**रुपये बारह लाख उनासी हजार चार सौ उनतालीस और पैसा चालीस केवल**) 31.12.2015 के अनुसार जमा उस पर भविष्य का ब्याज, लागत, परिव्यय, व्यय हेतु पंजाब एंड सिन्ध बैंक की वसूली के अधीन होगा।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन :**

अचल सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : सेल डीड नं. 520 दिनांक 20.04.1998 के तहत पंजीकृत श्री विजय पाल सिंह पुत्र श्री सुख पाल सिंह के नाम मकान नं. 1821, ब्लॉक-सी, दबुआ कॉलोनी, एनआईटी, फरीदाबाद-121001.
सम्पत्ति की सीमाएं है :-
पूर्व : अन्य का प्लॉट, पश्चिम : 15 फुट रास्ता,
उत्तर : 15 फुट रास्ता, दक्षिण : अन्य का प्लॉट
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 16.09.2019 स्थान : फरीदाबाद, हरियाणा पंजाब एंड सिन्ध बैंक

**पंजाब नैशनल बैंक** ...भरोसे का प्रतीक! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon!
सर्कल ऑफिस : साउथ दिल्ली
शाखा कार्यालय : ग्रीन पार्क, गुलमोहर एंक्लेव, नई दिल्ली

**कब्जा सूचना**
**{नियम 8(1) के तहत चल सम्पत्ति हेतु}**

प्रत्याभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्त्तन व वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत और प्रत्याभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक ने अकाउंट के समक्ष वर्णित तिथि को एक डिमांड नोटिस जारी किया और उन्हें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर राशि पुनर्भुगतान करने का आह्वान किया। कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्जदारों तथा सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि नीचे तालिका में वर्णित तिथि को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पठित उक्त नियमों के नियम 8 के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित प्रत्येक अकाउंट के समक्ष वर्णित तिथियों को नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है।

कर्जदारों और गारंटरों को विशेषतः और सर्व साधारण को एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ लेन-देन (डील) न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन राशि और उन पर ब्याज हेतु **पंजाब नैशनल बैंक** की वसूली के अधीन होगा। सम्पत्ति का विवरण जहां कब्जा ले लिया गया है, निम्नानुसार है :-

| सम्पत्ति के मालिक / कर्जदार का नाम / गारंटर | गिरवी रखी गई / सम्पत्ति का वर्णन | सूचना धारा 13 (2) में वर्णित अनुसार बकाया राशि | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| (1) **सुश्री सैमा परवेज और काशिफ खान,** मकान नं. 135-बी, द्वितीय तल, मोती अपार्टमेंट, अब्दुल फज़ल एंक्लेव, जामिया नगर, लेन नं. 4, नई दिल्ली-110025, (2) **सुश्री सैमा परवेज और काशिफ खान,** जी-72/2, द्वितीय तल, शाहीन बाग, अबुल फज़ल-II, जामिया नगर, ओखला, नई दिल्ली-110025, (3) **सुश्री सैमा परवेज,** प्रोपराइटर मैं. रियलिटी हाउसेज, बी-135, भू-तल, सेक्टर-2, निकट सेक्टर-15 मैट्रो स्टेशन, नोएडा, यू.पी., 201301 (4) **श्री काशिफ खान,** प्रोपराइटर मैं. नेयोटैक. इंफ्रास्ट्रक्चर, बी-135, भू-तल, सेक्टर-2, निकट सेक्टर-15 मैट्रो स्टेशन, नोएडा, यू.पी., 201301 (5) **सुश्री शाहिदा परवेज,** एफ-10/13, एफ-ब्लॉक, जोगा बाई एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110025 | सुश्री सैमा परवेज और श्री काशिफ खान के नाम फ्लैट नं. 702, लैक्विंटा टावर, ओमैक्स एनआरआई सिटी, पुटिंग ग्रीन, सेक्टर-ओमेगा-II, ग्रैटर नोएडा में स्थित सम्पत्ति। | रू. 1,09,97,712.64 31.03.2019 के अनुसार 01.04.2019 से प्रभावी आगामी ब्याज सहित | 22.04.2019 | 11.09.2019 |

दिनांक : 11.09.2019, स्थान : ग्रैटर नोएडा हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

मनोहर सरकार
विकास अपार




# मनोहर प्रयास रचा इतिहास

## हरियाणा सरकार वचनबद्ध है जन-जन के कल्याण के लिए

**न पैसा-न पर्ची**
69,000
से अधिक निष्पक्ष भर्तियां

**उज्ज्वला योजना**
9,12,000
से अधिक गरीब परिवार लाभान्वित

**म्हारा गांव-जगमग गांव**
24 घण्टे बिजली
4,200 से अधिक गांव तथा 9 जिले

**अंत्योदय की ओर**
491 सेवाएं व योजनाएं
एक ही छत के नीचे

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ**
लिंगानुपात-919
(जुलाई 2019 तक)

**बिजली के बिल हुए आधे**
41 लाख
से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना**
1935 करोड़ रुपये
लगभग 8.50 लाख किसानों को मुआवज़ा

**शहीद सैनिकों के**
293 आश्रितों
को नौकरियां

**ई.पी.डी.एस. पोर्टल**
1.17 करोड़
उपभोक्ताओं को राशन

**फसल अवशेष प्रबंधन**
1194
कस्टम हायरिंग सेंटर

**पंडित दीन दयाल उपाध्याय सामूहिक पशुधन बीमा योजना**
1.30 लाख
से अधिक पशुओं का बीमा

**भावान्तर भरपाई योजना**
9.52 करोड़ रुपये
से अधिक की किसानों को भरपाई

**प्रधानमंत्री आवास योजना**
46,000
से अधिक घर (ग्रामीण + शहरी)

**पौधागिरी योजना**
18.43 लाख
विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण

**मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति बीमा योजना**
25 लाख रुपये
तक का बीमा कवर

**मुख्यमंत्री व्यापारी निजी दुर्घटना बीमा योजना**
5 लाख रुपये
तक का बीमा कवर

**आयुष्मान भारत योजना**
34 करोड़ रुपये
से अधिक के क्लेम दिए

**मेरी फसल-मेरा ब्योरा**
6.25 लाख
से अधिक किसान पंजीकृत

**7-स्टार इंद्रधनुष योजना**
1122 गांवों
को स्टार रेटिंग

**मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना**
6,000 रुपये
वार्षिक आर्थिक सहायता

**सक्षम युवा योजना**
76,970
युवाओं को कार्य


**ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में**
29,57,832
शौचालय

**12,697 खिलाड़ियों को**
303 करोड़ रुपये
से अधिक की इनाम राशि

**सी.एम. विंडो**
लगभग 6 लाख
शिकायतों का निवारण

**आपकी बेटी हमारी बेटी योजना**
1,83,294
एस.सी. व गरीब परिवार लाभान्वित

**सुकन्या समृद्धि खाता योजना**
4,73,248
खाते खोले गए



सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in

प्लास्टिक भगाओ पर्यावरण बचाओ

## चिंतन

# जम्मू-कश्मीर में तेजी से सामान्य हो रहे हालात

जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाने के मोदी सरकार के फैसले को मिले भारी जनसमर्थन के बीच कुछ असहमति के स्वर रहे हैं। लोकतंत्र में यह होना स्वाभाविक है, लेकिन असहमत लोग कश्मीर की आड़ में जाने-अनजाने अलगाववाद को खाद-पानी देने की कोशिश कर रहे हैं, जो किसी भी सूरत में सही नहीं है। इन्हें सच से अवगत होना चाहिए कि धारा-370 अलगाव का जरिया बन गई थी और अलगाववाद की आड़ में कश्मीरियत का उल्लेख कुछ इस तरह किया जाता था, मानो वह भारतीयता से भिन्न और कोई विशिष्ट संस्कृति हो। यही कारण रहा कि जब केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने धारा-370 को हटाने का फैसला लिया तो पूरे देश ने एक स्वर में न केवल इसका समर्थन किया बल्कि मिठाइयां बांटकर खुशी जताई। यह सही है कि इसके बाद कश्मीर में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ानी पड़ी है, लेकिन इसे लेकर चिंतित हो रहे लोग यह क्यों नहीं देख पा रहे हैं कि वहां हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं और पाबंदियां लगभग हटा ली गई हैं। न्यूज पेपर सामान्य दिनों की तरह प्रकाशित हो रहे हैं। दूरदर्शन, लोकल टीवी चैनल और रेडियो भी चालू हैं। मीडियाकर्मियों को इंटरनेट और टेलीफोन समेत सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। लैंडलाइन और अन्य संचार साधन भी चालू हो गए हैं। चिकित्सा सुविधाएं बेहतर तरीके से संचालित हो रही हैं। राज्यभर में 5.5 लाख लोग ओपीडी में इलाज करा चुके हैं। स्कूल व कॉलेज सामान्य दिनों की तरह खुले हैं। पहले कुछ दिनों तक बच्चों की संख्या कम रहने के बाद अब सब कुछ सामान्य हो गया है। बाजार प्रतिदिन खुल रहे हैं और कश्मीरी जमकर खरीदारी भी कर रहे हैं। सबसे खास बात यह कि इस दौरान जम्मू-कश्मीर में एक भी गोली नहीं चली है और न ही किसी की जान गई है। जबकि 1990 से लेकर 5 अगस्त 2019 तक यहां 41,866 लोगों की मौत हुई। हिंसा की 71,038 घटनाएं सामने आईं और 15,292 सुरक्षाबलों को जान गंवानी पड़ी। यह सही है कि अलगाववाद से प्रभावित कश्मीर के लोगों को राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल होने में समय लगेगा, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि ऐसे कश्मीरियों को यह दिवास्वप्न दिखाया जाए कि बीते हुए दिन फिर लौट सकते हैं। यह नहीं हो सकता, क्योंकि इस मामले में देश न केवल एकजुट, बल्कि दृढ़-संकल्पित भी है। कांग्रेस व अन्य उन लोगों को जो सरकार के इस फैसले से सहमत नहीं है, को अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए कि कश्मीर को लेकर जो फैसले लिए गए हैं, उसके लिए पूरा देश सरकार के साथ खड़ा है। देश की सुप्रीम कोर्ट इस मामले को लेकर सजग है। इसीलिए सर्वोच्च अदालत ने सोमवार को कश्मीर में नेताओं की नजरबंदी के खिलाफ दायर आठ याचिकाओं पर सुनवाई हुई करते हुए कांग्रेस नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद को श्रीनगर, जम्मू, बारामूला और अनंतनाग जाने की इजाजत तो दी, लेकिन साथ ही यह निर्देश भी दिया कि इस दौरान वे कोई भाषण नहीं दे सकते और न ही कोई रैली कर सकते हैं। कोर्ट ने सरकार से कहा कि जम्मू-कश्मीर में सामान्य जनजीवन सुनिश्चित करें, लेकिन इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा को भी ध्यान में रखा जाए। इस आदेश से साफ है कि अदालत राष्ट्रीय सुरक्षा पर कितनी गंभीर है, लेकिन कुछ राजनीतिक दल वोटबैंक के लिए इसे भुनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्हें सोचना चाहिए कि सरकार के दृढ़-संकल्प के कारण ही कश्मीर में आतंक और अलगाववाद के समर्थकों के हौसले पस्त हैं और पाकिस्तान को समझ नहीं आ रहा है कि वह करे तो क्या करे? यह सही समय है जब कश्मीर संबंधी फैसले पर राष्ट्र एक स्वर में बोले, क्योंकि इसी से दुनिया को यह संदेश जाएगा कि भारत अपने रुख पर अटल है।

## सारा संसार



पाकिस्तान में लाहौर से लगभग 125 किलोमीटर दूर नरोवाल में भारतीय सिख समुदाय का प्रमुख तीर्थस्थल करतारपुर साहिब। इस स्थल को भारतीय सिख तीर्थयात्रियों के लिए 9 नवंबर से खोला जाएगा।

## व्यंग्य

प्रदीप उपाध्याय

### मलाईदार

उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, उन्हें इतनी खुशी मिली कि मन में ही नहीं समा पा रही है। उनकी खुशी आंख-नाक, मुंह ही नहीं बल्कि शरीर के अंग-प्रत्यंग से टपक रही है। उन्होंने अभी तक सुन ही रखा था कि बिल्ली के भाग्य से छींका टूटता है, लेकिन कभी देखा नहीं था। वैसे भी घरों में छींका बांधने का चलन खत्म सा हो गया है। हालांकि जबसे नौकरी में आए थे,जुगाड़ जमाकर मुख्यधारा में ही बने रहे। कभी लूप लाइन में नहीं रहे, मलाईदार पोस्टिंग ही पाते रहे किन्तु भाग्य का पलटना हुआ जब वे जनता के प्रतिनिधि माने जाने वाले स्थानीय नेताओं के कोप का शिकार हो गए। उनकी उन्नति शायद लोगों को खटकने लगी थी। तभी तो इन नेताओं के कहने पर उन्हें मुख्यधारा से हटाकर लूप लाइन में डाल दिया गया था। हालांकि इन नेताओं की बखत उनकी निगाह में दो कौड़ी की भी नहीं थी, लेकिन चुनाव नजदीक थे तो इनकी बात न चाहते हुए भी ऊपर वालों ने सुन ली और उनके खिलाफ ढेरों शिकायतों के आरोप के आधार पर जब लाइन अटैच किया जा रहा था। तब इन्हीं दो कौड़ी के नेताओं की हाथाजोड़ी पर जैसे-तैसे ट्रैफिक में भेज दिया गया। उन्होंने इसी से तसल्ली कर ली कि चलो थोड़ा बहुत चंदी-चारे की व्यवस्था तो हो ही जाएगी।

वैसे यह लूप लाइन ही मानी जाती रही है, लेकिन क्या करते! समय-समय की बात है, वरना तो एक समय वह जलवा था ,जब उन्होंने परिवहन विभाग में पोस्टिंग पा ली थी। उनका परिवार भी उस समय को अपना गोल्डन पीरियड मानता है क्योंकि उन्होंने परिवार तो ठीक, भाई-भतीजों को भी गोल्डमय कर दिया था। दुर्भाग्य से उस विभाग में वे तीन साल ही रह पाए थे। उन्हें इस बात का हमेशा मलाल रहा कि तीन साल का और मौका नहीं मिला वरना उनकी आने वाली सात पीढ़ियां बिना काम किए घर बैठे ही खाती रहती। इधर जबसे ट्रैफिक विभाग संभाला था तब से वे भाग्य को कोस रहे थे। धूप, ठंड, बरसात, सड़क, चौराहे और भीड़ ही भाग्य में रह गए थे। ज्योतिषियों ने शनि,राहु-केतु जैसे क्रूर ग्रहों के दुष्प्रभाव में आने की बात कही। जैसे शनि, राहु-केतु कुंडली में आए ही पहली बार हों! बहुत से उपाय भी करवाने पड़े।

बहरहाल, उनकी नजर में अभी तक ट्रैफिक विभाग में लहर गिनने में भी कलदार बनाने के फार्मूले पर काम करने के दिन फिर गए हैं। नये ट्रैफिक नियमों की सरकारी सौगात ने तो बस बल्ले-बल्ले कर दी। थोड़े आरोप-प्रत्यारोप तो चलते रहना है, इनसे कैसा घबराना। अभी तो वे हनुमानजी के मंदिर में सवा किलो लड्डू का प्रसाद चढ़ाने का मन बना चुके हैं।



विचार

कुमार प्रशांत

> उत्तेजना के पल में ऐसी धीरता कायरता या अनिर्णय का नहीं, दायित्व-बोध से पैदा विवेक का परिचय देती है। क्यूबा के संकट के वक्त, अक्तूबर 1962 में, जब सारी मानवता का विनाश बस दो पल की दूरी पर खड़ा था और अमरीकी सैन्य सलाहकार अमरीकी राष्ट्रपति केनेडी पर दवाब डाल रहा था कि यही सबसे मुफीद पल है कि हम क्यूबा की रूसी मिसाइलों पर हमला बोल दें, केनेडी ने बम की तरफ नहीं, फोन की तरफ कदम बढ़ाया था। उन्होंने रूसी प्रधानमंत्री ख्रुश्चेव से कहा था : सारे संसार की भावी पीढ़ी को सामने रख कर हमें पीछे हट जाना चाहिए !

# बिखरते देश का भटकता प्रधानमंत्री

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान भी अब इस नतीज पर पहुंच गये हैं कि परंपरागत युद्ध में भारत से जीतना पाकिस्तान के बस का नहीं है। फिर वे कौन-सा युद्ध भारत से जीत सकते हैं ? वे परमाणु युद्ध की तरफ इशारा करते हैं। उन्हें मालूम नहीं है शायद कि बाउंसर फेंकने और बम फेंकने में फर्क होता है। क्रिकेट के मैदान में बाउंसर फेंकने के लिए बॉलर जितना आजाद होता है, दुनिया का कोई राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बम फेंकने के लिए उतना भी आजाद नहीं है। बमों का बड़ा-से-बड़ा जखीरा जमा करने की होड़ में पड़ी दुनिया में हिरोशिमा-नागासाकी के बाद कभी, कहीं परमाणु बम नहीं गिराया गया है, तो इसका कारण यह नहीं है कि दुनिया के सारे राष्ट्राध्यक्ष बुद्ध और गांधी के अनुयायी हो गये हैं। हिरोशिमा-नागासाकी पर हुआ परमाणु बम का प्रयोग अब तक का पहला व आखिरी उदाहरण है, तो इसलिए कि दुनिया दिनोदिन कहीं ज्यादा जटिल व खतरनाक होती गई है। कश्मीर में भारत सरकार ने जैसी मूढ़ता की है वैसी ही किसी बड़ी मूढ़ता से इमरान उसका जवाब देना चाहते हैं जबकि वे जानते हैं कि उनके अपने घर में आग लगी हुई है। लेकिन वे पाकिस्तान के निरीह, पामाल और असहाय लोगों को उन्मादित करने में लगे हैं ताकि सारी दुनिया के मुसलमान कश्मीर का बदला लेने के लिए भारत पर टूट पड़ें। लेकिन लगता नहीं है कि कोई भी मुल्क, इस्लामी या गैर-इस्लामी, आज पाकिस्तान के साथ खुद को जोड़ना चाहता है। कभी परमाणु बम अमरीका और सोवियत संघ के एकाधिकार में था। हमें समझाया गया था कि चूंकि दोनों के पास परमाणु बम हैं, इसलिए दोनों शक्ति-ध्रुवों के बीच शांति बनी रहने की गारंटी भी है। कहा जाता रहा कि युद्ध से बचने का या युद्ध टालने का एक रास्ता विनाश का भय पैदा करना भी है। भारतीय संस्कृति के तथाकथित ज्ञाताओं ने रामायण को अपने समर्थन में ला खड़ा किया था - तुलसीदास ने कहा है न : भय बिनु होहिं ना प्रीति !

फिर वह बम दो मुल्कों की मुट्ठी से निकल कर पांच की मुट्ठी में पहुंच गया। ये सभी अपने वक्त के सबसे जंगखोर मुल्क थे; औपनिवेशिक शोषण का खून जिनके मुंह लगा था। इस बार फिर हमें समझाया गयाः चोरों को दरबान की नौकरी पर रख लेना चोरी से छुटकारा पाने का एक गारंटीशुदा उपाय है। हमने यह सीख भी पचा ली। फिर पांचों ने यह साजिश रची कि दुनिया में दूसरा कोई मुल्क बम न बना सके, तो बाकायदा एक संधि-पत्र बना- आण्विक विस्तार निरोधक संधि - और दुनिया से कहा गया कि सभी इस पर दस्तखत करें। दस्तखत करने वालों को लाभ का लालच और न करने वालों को प्रत्यक्ष या प्रछन्न धमकी भी दी गई। हमने इस संधि-पत्र पर दस्तखत नहीं किया। हमने कहा कि शांति के पैरोकारों में हमारा नाम सबसे ऊपर है और हमें उसका गर्व भी है। हम बम बनाने भी नहीं जा रहे हैं लेकिन निर्णय करने की अपनी स्वतंत्रता हम किसी दूसरे के पास बंधक रखने को तैयार नहीं हैं। निर्णय की इस आजादी की इस टेक का हमने भी समर्थन किया हालांकि हमें आशंका थी कि इस नैतिक टेक के पीछे कोई बेईमानी भी छिपी हो सकती है। वही हुआ। अटलबिहारी वाजपेयी के हिंदुस्तान ने भी और नवाज शरीफ के पाकिस्तान ने भी, नहले पर दहला मारते हुए बम फोड़ दिया। तब प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने हमें समझाया कि यह काम तो इंदिरा गांधी भी करना चाहती थीं, नरसिंह राव भी इसी कोशिश में थे। लेकिन अमरीकी दवाब के कारण वे पीछे हट जाते थे। अटलजी बोले : मैंने अटल रह कर वह कर दिया ! और फिर उन्होंने यह भी कहा कि " हम परमाणु ऊर्जा का शांतिमय इस्तेमाल करेंगे, कि पहला आणविक आक्रमण हम कभी नहीं करेंगे। " ऐसी कोई संधि भी पाकिस्तान के साथ हुई शायद। इसके बाद जब भी हमारे दो मुल्कों के बीच तनातनी बनी, कभी इधर से तो कभी उधर से याद दिलाया जाता रहा कि हम दोनों के हाथ में परमाणु बम है, यह भूलने जैसी बात नहीं है। बम का डर मन की शांति भले न रच सके, लाचारी की शांति तो बना ही सकता है, ऐसा लगा। पाकिस्तान की तमाम मूर्खताओं व कुटिलताओं, संसद पर आक्रमण, मुंबई पर हमला जैसी उत्तेजनात्मक कारवाई के बावजूद हमने बम का धमाका तो नहीं ही किया, बम की धमकी भी नहीं दी।

उत्तेजना के पल में ऐसी धीरता कायरता या अनिर्णय का नहीं, दायित्व-बोध से पैदा विवेक का परिचय देती है। क्यूबा के संकट के वक्त, अक्तूबर 1962 में, जब सारी मानवता का विनाश बस दो पल की दूरी पर खड़ा था और अमरीकी सैन्य सलाहकार अमरीकी राष्ट्रपति केनेडी पर दवाब डाल रहा था कि यही सबसे मुफीद पल है कि हम क्यूबा की रूसी मिसाइलों पर हमला बोल दें, केनेडी ने बम की तरफ नहीं, फोन की तरफ कदम बढ़ाया था। उन्होंने रूसी प्रधानमंत्री ख्रुश्चेव से कहा थाः सारे संसार की भावी पीढ़ी को सामने रख कर हमें पीछे हट जाना चाहिए ! अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का वह सबसे सौंदर्यवान पल था। अमरीका सागर में पीछे हटा, रूस क्यूबा से निकल गया। किसी ने शेखी नहीं बघारी कि हमारे पास बम है और मानवता की किस्मत मेरी मुट्ठी में बंद है। आज एक प्रधानमंत्री महज एक चुनाव जीतने के जुनून में भीड़ के उन्माद को उकसाता है कि हमने बम दीवाली के लिए रखे हैं क्या ? जवाब में कोई पाकिस्तान से कहता है कि हमने भी ईद के लिए तो बम नहीं रखे हैं ! मतलब बम न हुआ, दीवाली या ईद की मिठाई हो गई कि जिसके बंटवारे का मालिकाना हक किसी दूसरे के पास है। क्या वक्ती तौर पर जिन्हें देश चलाने की जिम्मेवारी मिलती है उन्हें यह अधिकार भी मिल जाता है कि वे चाहें तो सारे देश का विनाश कर दें ? यह लोकतंत्र की गलत समझ का ही नहीं, नेतृत्व कर सकने की आपकी अक्षमता का भी प्रमाण है। जो कूटनीति में फिसड्डी साबित होते हैं, जो पड़ोसियों के बीच अकेले पड़ जाते हैं, जो भीतर से बेहद असुरक्षित व कायरता से भरे होते हैं वे ही बम के विनाश की धमकी को खिलौना बनाने की भद्दी कोशिश करते हैं। इमरान आज ऐसा ही कर रहे हैं। हमारी तरफ से भी जवाब उतना ही कुरूप है। लेकिन यह भी हुआ है कि यह सच्चाई विश्व-मान्य हो गई है कि कश्मीर हमारा आंतरिक मामला है। अब तक हम कहते थे, अब सभी मान रहे हैं। अब जो गांठ है वह भारत, भारत सरकार, कश्मीर और कश्मीर सरकार के बीच है। अब तक का इतिहास बताता है कि हम अपने आंतरिक मामलों को हल करने में बेहद नाकारा व गैर-ईमानदार साबित हुए हैं। आगे भी ऐसा ही रहा तो कश्मीर हमारे लिए बहुत टेढ़ी खीर साबित होगा। लेकिन पाकिस्तान के इमरान खानों को अब हिंदुस्तान की तरफ नहीं, अपने पाकिस्तान की तरफ देखना चाहिए। उनका पूरा मुल्क दर्द की अकथनीय कहानी बन गया है। ऐसे में दुनिया भर के मुसलमानों को कश्मीर के संदर्भ में एकजुट होने का आह्वान करना पाकिस्तान की हत्या करने के बराबर है। यहां-वहां के अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का सवाल इमरान जिस तरह उठा व उठवा रहे हैं, उससे पाकिस्तान का माखौल भी बन रहा है और आम पाकिस्तानी का मनोबल भी टूट रहा है। फौज के चंगुल में फंसी अपनी गर्दन की फिक्र करें इमरान यह तो समझ में आता है लेकिन पाकिस्तानी जम्हूरियत को मजबूत करना छोड़ कर, इमरान फौज की सांठगांठ से अपनी कुर्सी मजबूत करने में लग जाएं, तो वे वही खेल खेल रहे हैं जो उनसे पहले के कई हुक्मरानों ने खेला है और फौज के हाथों तमाम हुए हैं। ऐसा कर के इमरान न संसार का समर्थन पा सकेंगे, न सहानुभूति ! अमरीकी डॉलर के बल पर खड़ा पाकिस्तान अब भले चीनी यूआन के बल पर खड़ा होने की करामात करे, इससे पाकिस्तान तो कभी खड़ा नहीं हो सकेगा। पाकिस्तान भारत से सीधे युद्ध में दो-दो बार हार चुका है, वह दो टुकड़ों में टूट भी चुका है। उसका राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक जीवन तहस-नहस हो चुका है। ऐसा पड़ोसी हमारे लिए भी पुरअमन नहीं है।

## प्रेम से ही चलता है जीवन




संकलित

दर्शन

प्रेम के बिना जीवन एक कदम भी आगे नहीं चल सकता। जीवन प्रेम से ही प्रकट हुआ है, प्रेम से ही चलता है और प्रेम में ही विलीन हो जाता है। हरेक इच्छा के पीछे प्रेम है। फिर भी हमने देखा है कि प्रेम के साथ समस्या नाम की पूंछ भी आती है। प्रेम के बिना मनुष्य का अस्तित्व नहीं हो सकता। प्रेम तुम्हारी आजादी और मानव जीवन के स्वच्छंद रहने की मूलभूत प्रकृति को छीन लेता है। इसलिए, तुम्हें ऐसे प्रेम की तलाश है, जो तुमसे तुम्हारी आजादी न छीने। वह प्रेम जो तुम्हें सब दोषों के परे देखे और जीवन के निर्मल सार का समर्थन करे। ऐसे प्रेम को भक्ति या दिव्य प्रेम कहते हैं। अगर तुम वस्तुओं से ज्यादा प्रेम करते हो तो वह लालच बन जाता है, अगर तुम लोगों से ज्यादा प्रेम करते हो तो वह मोह बन जाता है, अगर तुम स्वयं से बहुत प्यार करते हो तो उससे अभिमान और अहं प्रकट होता है और तुम किसी से बहुत ज्यादा प्रेम करो तो कुंठा पीछे-पीछे चली आती है। चाहे वह कुंठा हो, लालच हो, आसक्ति हो या क्रोध हो, सब में प्रेम शामिल है। इस ग्रह की सभी समस्याओं का कारण प्रेम ही है। प्रेम के बिना जीवन हो ही नहीं सकता। मकड़ी खुद अपना जाल बुनती है और उसी में फंस जाती है, फिर भी जाल के बगैर मकड़ी का होना नामुमकिन है। मानव जीवन भी ठीक ऐसी ही स्थिति में है।

## शांति प्राप्ति के लिए मन को एकाग्र करें



संकलित

प्रेरणा

गीता में कहा गया है कि- प्रशान्तात्मा विगतभीर्ब्रह्मचारिव्रते स्थितः। मनः संयम्य मच्चित्तो युक्त आसीत मत्परः। अर्थात ब्रह्मचर्य-व्रत में स्थित, भय रहित व शांत होकर, मन को एकाग्र करे और चित्त को मेरे में लगाकर वह योगी मेरे परायण होकर बैठे। फ़ज़ूल में हमारी आध्यात्मिक ऊर्जा बाहर की तरफ बह जाने के मुख्य कारण हैं काम वासना, भय, अशांति और मन का बिखरापन। इनके होने पर साधना में आगे बढ़ना मुश्किल होता है। अतः काम वासना से ऊपर उठने के लिए ब्रह्मचर्य-व्रत का पालन, भय मुक्त होने के लिए यह भाव कि परमात्मा की सृष्टि में कुछ भी बुरा नहीं होता, जो होगा अच्छा ही होगा। इसके अलावा फिर दिनभर अशांत मन को शांत करने और मन को इधर-उधर की बातों व ख्यालों से हटाकर एकाग्र करने का अभ्यास करते रहना चाहिए। इन अभ्यासों के बाद जब साधक ध्यान में बैठता है, तब ये सभी अभ्यास हमारे सहायक हो जाते हैं और ध्यान में बैठते ही मन एकाग्र होने लगता है, अब ध्यान की इस अवस्था में एकाग्र चित्त को परमात्मा में लगाने का अभ्यास करते रहना चाहिए और यह तभी संभव होगा जब साधक परमात्मा को पाने की चाह में बैठेगा। अर्थात, साधारण कर्म भी असाधारण एकाग्र मनोयोग से असाधारण हो जाता है।

## अनुष्ठान



गया। पितृ पक्ष के अवसर पर, हिन्दु समुदाय के लोग गया में पुरखों के मोक्ष के लिए पिंडदान व अनुष्ठान करते हैं।

## आज की पाती

### युवा शक्ति को मिले मार्गदर्शन

किसी भी राष्ट्र की रीढ़ उसके युवा कहलाते हैं! भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा जनसंख्या वाला देश है। मानव संसाधन किसी भी राष्ट्र के विकास की धुरी होते हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण जापान को माना जाता है। यहां पर युवा स्वास्थ्य शिक्षा और तकनीकी शिक्षा पर खास ध्यान देते हैं। अतः पढ़ाई पूरी करने के पश्चात युवा नौकरी नहीं ढूंढते, अपितु स्वयं रोजगार सृजन करते हैं। भारत में दृश्य इसके विपरीत है। यहां युवा सड़कों पर आरक्षण को लेकर धरना प्रदर्शन करते हैं। नेताओं की स्वार्थ राजनीति के आवेग में आकर हिंसा करते हैं। धार्मिक सौहार्द को बिगाड़ते हैं।

**-मनोज साहू**, पटेल चौक

## करंट अफेयर

### ब्रिटेन के सांसद बोले-पाक तुरंत पीओके को छोड़ दे


कश्मीर मामले पर ब्रिटेन के सबसे मुखर सांसदों में से एक बॉब ब्लैकमैन ने पाकिस्तान से पीओके को छोड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इस पूरे क्षेत्र पर भारत का संप्रभु अधिकार है। लंदन में ब्रिटेन स्थित कश्मीरी पंडितों के एक समूह को संबोधित करते हुए कंजरवेटिव पार्टी के एमपी बॉब ब्लैकमैन ने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद पाकिस्तान द्वारा इस मुद्दे पर यूएन में प्रस्ताव पेश करने की योजना पर सवाल खड़े किये। बॉब ब्लैकमैन ने कहा, 'पूरा जम्मू-कश्मीर संप्रभु भारत का हिस्सा है। ऐसे लोग, जो वहां संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को लागू करने की बात करते हैं, वे उस प्रस्ताव को भूल जाते हैं, जिसके मुताबिक राज्य के एकीकरण के लिए पाकिस्तानी सेना को कश्मीर छोड़ देना चाहिए। बता दें कि ब्लैकमैन बलिदान दिवस पर आयोजित खास कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन कश्मीरी पंडित कल्चरल सोसायटी और ऑल इंडिया कश्मीरी समाज ने किया था। कार्यक्रम में एक नाटक का भी मंचन किया गया। जिसका शीर्षक था- 'वी रिमेंबरः द जर्नी ऑफ कश्मीरी पंडित्स।' आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद से ही नॉर्थ लंदन से एमपी बॉब ब्लैकमैन इस फैसले का समर्थन करते रहे हैं और भारत के पक्ष में बोलते रहे हैं।



## ऑफ बीट

### 1900 सालों से पुराना है मुंडेश्वरी माता मंदिर

भारत में देवी के अनेक प्राचीन मंदिर हैं। सभी की अपनी-अपनी विशेषता है। बिहार के कैमूर जिले में ऐसा ही एक मंदिर है, जिसे लोग मुंडेश्वरी माता मंदिर के नाम से जानते हैं। इस मंदिर को देवी के सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक माना जाता है। पुरातत्व विभाग भी इस बात को प्रमाणित करता है। इस मंदिर की दूसरी खास बात है यहां दी जाने वाली सात्विक बलि। तीसरी खास बात जो इस मंदिर की है, वो यह है कि इस मंदिर का संरक्षक मुस्लिम परिवार है। पटना आर्कियोलॉजी डिपार्टमेंट के डायरेक्टर अतुल कुमार वर्मा के अनुसार, यह मंदिर कैमूर जिले के भगवानपुर अंचल में पवरा पहाड़ी पर 608 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। मंदिर परिसर में विद्यमान शिलालेखों से इस मंदिर की ऐतिहासिकता प्रमाणित होती है। 1868 से 1904 ई. के बीच कई ब्रिटिश विद्वान व पर्यटक यहां आए थे। मंदिर का एक शिलालेख कोलकाता के भारतीय संग्रहालय में है। यह शिलालेख 349 ई. से 636 ई. के बीच का है। यहां लगभग 1900 सालों से लगातार पूजा हो रही है। इस मंदिर का उल्लेख कनिंघम ने भी अपनी पुस्तक में किया है। मंदिर की प्राचीनता का आभास यहां मिले महाराजा दुत्तगामनी की मुद्रा से भी होता है, जो बौद्ध साहित्य के अनुसार अनुराधापुर वंश का था और ईसा पूर्व 101-77 में श्रीलंका का शासक रहा था।



## ट्रेंड

### हम देखेंगे

याद है जब ईरान ने एक ड्रोन को गोली मार दी थी, यह जानते हुए कि वो उनके हवाई क्षेत्र में नहीं था। वे झूठ की कहानी पर अड़ गए थे। अब वे कहते हैं कि सऊदी अरब पर हमले से उनका कोई लेना-देना नहीं है। हम देखेंगे?

-डोनाल्ड ट्रंप



### अभियान चलाएगा रेलवे

प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान पर रेलवे व्यापक श्रमदान अभियान शुरु करेगा। इसमें प्लास्टिक के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के साथ ही कपड़े के थैले वितरित किए जाएंगे तथा प्लास्टिक कचरे के बारे में शिक्षित किया जाएगा।

-पीयूष गोयल



### भविष्य की आशा

हमारा अस्तित्व आशा के साथ जीवित है, हालांकि हमारे भविष्य की कोई गारंटी नहीं है। लेकिन फिर भी हम विशुद्ध रूप से आशा के आधार पर काम कर रहे हैं। इसलिए, हमें अपने समय का सबसे अच्छा उपयोग करने की आवश्यकता है।

-दलाई लामा



### एल्जाइमर का इलाज

आज, शोधकर्ताओं के लिए एल्जाइमर के रोगियों का निदान करना मुश्किल है, जो हस्तक्षेप करने के लिए पर्याप्त है। एक विश्वसनीय, आसान और सटीक निदान गेम चेंजर होगा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता इसका उत्तर हो सकता है।

-बिल गेट्स




### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**


टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# सहेली









आज बेटियां परंपरागत सोच से बाहर निकलकर बहुत कुछ करना चाहती हैं। वे ऐसे सपने देखती हैं, जो उनको पहचान ही न दे, उनके परिवार का सिर भी ऊंचा करें। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि परिवार बेटियों को स्नेह-भाव के साथ संबल और मार्गदर्शन दे, जो उनके सुनहरे भविष्य की राह बनाए। हमारी बेटियां कैसे एक स्वस्थ माहौल में उन्नत शिखर पर पहुंचे और आत्मसम्मान की जिंदगी जिएं, बेटी दिवस पर हम इस बारे में गंभीरता से जरूर सोचें।

## बेटियों के लिए बनाएं सुनहरे सपने पूरे करने की राह

**बेटी दिवस (22 सितंबर) विशेष**

**कवर स्टोरी**
**डॉ. मोनिका शर्मा**

समय के साथ बेटियों की भूमिका और सोच दोनों बदली है। ऐसे में बेटियों को अपनों का साथ-सहयोग मिले, सपनों को पूरा करने की हिम्मत और मार्गदर्शन मिले तो इससे अच्छी और क्या बात हो सकती है! ये सिर्फ जज्बाती बातें नहीं, आज की जरूरत भी है। ऐसा करना ज्यादा मुश्किल भी नहीं है। बस, हमें एक बंधी-बंधाई सोच से बाहर आकर, बेटियों की नई और सशक्त छवि को दिल से स्वीकारना होगा। इसीलिए बेटियों यानी कि घर की रौनक से ऐसा प्यारा रिश्ता बनाएं, जो उनकी जिंदगी को खुशहाल बनाए, उनके सपनों को पूरा करने का हौसला बढ़ाए।

### समय के साथ बदलें

बेटियों के संबंध में वक्त के साथ बदलना रिश्तों को तो मजबूती देता ही है, अपनों की भूमिका में आ रहे बदलावों को भी सामने लाता है। घर के बड़े और रिश्ते-नाते में जुड़े लोगों के लिए बेटियों को लेकर सोच में बदलाव होना जरूरी है, क्योंकि अब बेटियां परंपरागत भूमिकाओं से अलग अपनी नई पहचान बना रही हैं। आज की बेटियां घर के आंगन में अच्छी परवरिश पाकर शादी कर घर बसाने भर तक सीमित नहीं हैं। आज बेटियों के अपने सपने हैं- अपना भविष्य बनाने, अपने शौक पूरे करने, उच्च शिक्षा पाने या किसी खास क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के। ये सपने अपनों की सोच में बदलाव आए बिना पूरे नहीं हो सकते हैं। समय के साथ अपनों की सोच में बदलाव आए तो बिटिया को समझने में ही नहीं, उसके लिए सहयोगी परिवेश बनाने में भी मददगार होगा। अपनों के व्यवहार में आई यह समझ बेटियों के संघर्ष को आसान कर देती है। उनके आगे बढ़ने की राहें खोलती है, उनकी हिम्मत भी बढ़ाती है।

### भरोसा जताएं

अपनी बिटिया का संबल बनने के लिए सबसे अहम है कि आप उस पर भरोसा करें। उसे यह विश्वास दिलाएं कि हर परिस्थिति में आप उसके साथ हैं। उसके सपनों से आपकी भी उम्मीदें जुड़ी हैं। आज के समय में बेटियां खुद अपनी पहचान बनाना चाहती हैं। ऐसे में परिवार का भरोसा उनकी ताकत बनता है। स्कूल, कॉलेज और दफ्तर हर जगह उनका संबल बनें, इस संबल से वे हर तरह के हालातों से लड़ने लायक बनती हैं। बेटियों की सुरक्षा का ख्याल पूरा रखें लेकिन पुराने दौर की बेवजह की बंदिशों को उन पर न थोपें। बिटियों को परंपरागत रिवाजों से बांधने के बजाय उन पर विश्वास करें, उनके मन को ठेस पहुंचाने वाले तकलीफदेह सवाल न करें, बल्कि जरूरी समझाइश दें। ताकि उनके आगे बढ़ने में कोई रुकावट न आए और आप भी निश्चिंत रहें। ऐसे स्वस्थ वातावरण में घर के भीतर या बाहर अगर बेटियां किसी शोषण या परेशानी का शिकार होंगी तो अपनी बात खुलकर कह सकेंगी। कई बार परिवार का भरोसा न पाने की स्थिति में बेटियों को कई परेशानियां अकेले ही झेलने को मजबूर होना पड़ता है।

### अपनेपन का भाव रखें

हमारे परिवारों में बेटियों के लिए यह भाव अकसर देखने में आता है कि उन्हें तो शादी कर दूसरे घर चले जाना है।



इस तरह बेटियों की 'पराया धन' मानने की सोच कहीं न कहीं, आज भी मौजूद है। ऐसी सोच बेटी को अपने ही आंगन में अपनापन महसूस नहीं करने देती। आज के समय में इस सोच से बाहर आना बहुत जरूरी है। बेटी अपने ही आंगन में अकेली हो जाए, ऐसा न होने दें। बेटियों को नई उड़ानें भरने दें, उनकी सफलता पर गर्व करें। असफलता में साथ दें। बेटी की भावनाओं को गहराई से समझें। उनके विचारों को गंभीरता से लें। यह जुड़ाव और अपनापन बेटियों के लिए जीवन भर की थाती है। अपनेपन की यह सौगात उन्हें आगे बढ़ने का उत्साह, खुलकर जिंदगी जीने की उमंग देती है।

### न करें कोई भेदभाव

बिटिया को सशक्त बनाने और इस प्यारे से रिश्ते को मन से निभाने के लिए, घर में किसी भी तरह का भेदभाव न रखें। बेटे-बेटी में खान-पान, पढ़ाई, सलाह-मशविरा या सहयोग करने के किसी भी मोर्चे पर कोई फर्क न करें। इतना ही नहीं, उन्हें घर के बेटे की तरह ही फैसले लेने और आगे बढ़ने का हक भी दें। कई बार छोटी-छोटी बातों में किया गया पक्षपात भी घर की लाडली के मन को पीड़ा दे जाता है। हालांकि इसके पीछे अकसर परिवारजनों की चिंता और बेटी की कुशलता की भावना होती है लेकिन यह भावना खुद बिटिया के मन को कमजोर करती है। उसे अकेला और हताश महसूस करवाती है। इसीलिए जरूरी है कि हर घर में बेटियों को बेटों के बराबर समझा जाए। ऐसा होने पर वे न केवल मजबूत सोच वाली नागरिक बनती हैं बल्कि करियर के फ्रंट पर भी पूरे विश्वास के साथ आगे बढ़ती हैं। यूं भी यह उनका इंसानी हक है कि उनके साथ कोई भेदभाव न हो। समानता और स्नेह का यह मेल बेटी के साथ आपके रिश्ते को और सुदृढ़ बनाता है, हमें इस बात का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। ●

## ब्यूटी क्वेस्ट



**भारती तनेजा**
ब्यूटी एक्सपर्ट

### जब हो डेंड्रफ की प्रॉब्लम

**मेरी उम्र 20 साल है। मेरे बाल बहुत ऑयली हैं, इसलिए मुझे लगभग रोज ही इन्हें धोना पड़ता है। लेकिन अब मेरे बालों में डेंड्रफ भी होने लगी है। बताएं इस प्रॉब्लम को कैसे दूर करूं?**

\- रत्ना, कोरबा

आप गेंदे के फूल के हेयर टॉनिक का इस्तेमाल करें। इससे डेंड्रफ को दूर करने में मदद मिलती है। साथ ही यह बालों को चिपचिपा होने से भी बचाती है। ऑयली बाल वालों के लिए गेंदे का फूल बहुत अच्छा घरेलू उपाय है। इसका इस्तेमाल करने के लिए गेंदे के कुछ सूखे फूलों को गुनगुने पानी में डालकर उबलने के लिए छोड़ दें। अब इसका पानी निथार लें और शैंपू करने के बाद एक बार अपने रूसी वाले बालों को इस पानी से धो लें। डैंड्रफ साफ हो जाएगा।

**पसीने की वजह से मेरा मेकअप जल्दी खराब हो जाता है, मुझे लॉन्ग लास्टिंग मेकअप के बारे में बताइए।**

\- पूर्वी, रोहतक

आप स्मज फ्री मेकअप करके बेफ्रिक रह सकती हैं। इसके लिए आपको वॉटरप्रूफ मेकअप ही करना चाहिए। इससे मेकअप फैलता नहीं है और लंबे समय तक टिका रहता है। आप मेकअप करने से पहले टोनर और बर्फ का इस्तेमाल जरूर करें। आंखों, आईब्रो को स्मज फ्री रखने के लिए हमेशा जैल या पावडर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना चाहिए। आईब्रोज को शेप देने के लिए जैल बेस प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें। अगर जैल बेस प्रोडक्ट नहीं हैं तो आप वॉटरप्रूफ मस्कारा से भी आईब्रो को डिफाइन कर सकती हैं। आईलैशेज पर वॉटरप्रूफ मस्कारा लगाएं। अगर आप आईशैडो का इस्तेमाल करना चाहती हैं तो हल्के या न्यूड शेड ही चुनें। काजल कितने भी अच्छे ब्रैंड का क्यों न हो, थोड़े समय के बाद फैलने लगता है, जिससे आंखों के आस-पास कालापन आ जाता है और आप का पूरा लुक बिगड़ सकता है, इसलिए काजल न लगाएं। पसीने से ग्लॉसी लिपस्टिक या लिप ग्लॉस जल्दी लिप्स से हट जाती है, इसलिए लिप्स पर हमेशा मैट लिपस्टिक का ही इस्तेमाल करें।

**मेरे फेस पर काफी सारे छोटे-छोटे तिल हैं, जो अच्छे नहीं लगते। इन्हें हटाने का कोई तरीका बताएं?**

\- नव्या, कोरबा

तिल दो तरह के होते हैं एक तो जन्मजात होते हैं और दूसरे धीरे-धीरे खुद ही चेहरे पर हो जाते हैं। जन्म से होने वालें तिलों को घरेलू उपायों से हटाना बेहद मुश्किल होता है। लेकिन जो बाद में अपने आप हो जाते हैं, वो कुछ उपायों से धीरे-धीरे हट जाते हैं। इसलिए इन उपायों को आजमाने से पहले आपको थोड़ा धैर्य रखना होगा। इस समस्या का समाधान नई तकनीक पर आधारित कार्बन डाई-ऑक्साइड फ्रेक्शनल लेजर मशीन से हो सकता है। जिसकी माह में एक बार सिटिंग करनी होगी। 4-5 बार में धब्बे और तिल खत्म हो जाएंगे।

**आजकल जितने भी ब्यूटी प्रोडक्ट आते हैं, उनमें केमिकल बहुत होते हैं। किसी ऐसे मेकअप के बारे में बताएं जो केमिकम बेस्ड कम हो?**

\- भावना, रोहतक

आयरन ऑक्साइड, जिंक ऑक्साइड, माइका पावडर, टाइटेनियम डाइऑक्साइड, आयरन तत्वों से बनाए गए ब्यूटी प्रोडक्ट जैसे पावडर, क्रीम, फाउंडेशन और आईशैडो को मिनरल मेकअप प्रोडक्ट कहा जाता है। यह सेंसिटिव स्किन और स्किन प्रॉब्लम्स जैसे कील-मुंहासे, एग्जिमा जैसी समस्याओं से परेशान लोगों के लिए भी सुरक्षित माने जाते हैं। इसके अलावा यह त्वचा पर लंबे समय तक टिका रहता है। इस तरह का मेकअप बहुत हल्का होता है। ●

यदि आपकी सौंदर्य से जुड़ी कोई समस्या हो तो तुरंत हमें लिख भेजिए। हमारा पता है-संपादक-सहेली, ब्यूटी क्वेस्ट हरिभूमि, सी-101, 102 न्यू मुल्तान नगर, दिल्ली-56 या ई-मेल करें- saheli@haribhoomi.com

## श्रग अटायर मिलेगा डिसेंट लुक

**फैशन**
**पूजा**

एक सिंपल श्रग अटायर से आप अपने ड्रेसअप लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं। कई लड़कियां सोचती हैं कि श्रग अटायर को सिर्फ वेस्टर्न आउटफिट्स के साथ ही कैरी किया जा सकता है, लेकिन ऐसा नहीं है। श्रग अटायर को ट्रेडिशनल ड्रेसेस के साथ भी टीमअप किया जा सकता है। कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस तो साड़ी के साथ भी श्रग को टीमअप कर अपने लुक को स्टाइलिश बनाती हैं। आप भी अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए अलग-अलग ड्रेसेस के साथ श्रग को टीमअप कर सकती हैं। यह हर लेंथ में आपको आसानी से मार्केट में मिल जाएंगे।





### क्रॉप्ड श्रग

क्रॉप्ड श्रग लंबाई में छोटे होते हैं लेकिन बहुत ही स्टाइलिश दिखते हैं। अगर आपने कोई प्रिंटेड ड्रेस पहनी है तो उसके साथ कोई सिंगल कलर वाला क्रॉप्ड श्रग पहनें। अगर आपको अपने ड्रेसअप में एक्सपेरिमेंट करना अच्छा लगता है तो ड्रेस के साथ श्रग भी प्रिंटेड पहन कर कैरी कर सकती हैं। आप चाहें तो वन पीस शॉर्ट ड्रेस के साथ भी क्रॉप्ड श्रग पहन सकती हैं।

### प्रिंटेड टेसल-फ्रिंज श्रग

इस श्रग की खासियत यह है कि इसमें नीचे की तरह टेसल (धागे से बने फुंदने या गुच्छे) लगे होते हैं, जिससे आपको फंकी लुक मिलता है। इस श्रग को स्लीवलेस टॉप के साथ कैरी किया जा सकता है। इसके साथ जींस या शॉर्ट्स को टीमअप करना बेहतर रहता है। आपको अगर टेसल श्रग पसंद नहीं हैं तो आप फ्रिंज श्रग को ट्राई कर सकती हैं। इसमें भी श्रग के नीचे या बाजू पर फ्रिंज (झालर) लटके होते हैं। इससे आपको रेट्रो लुक मिलता है। इन्हें टॉप-जींस या टॉप-शॉर्ट्स के साथ पहना जा सकता है। अगर आपने मल्टीकलर ड्रेस पहनी है तो फ्रिंज श्रग हल्के कलर का ही पहनें। इन्हें आप वेस्टर्न के साथ इंडियन ड्रेसेस के साथ भी कैरी कर सकती हैं।

### लेस श्रग

लेस श्रग तो पार्टी के लिए परफेक्ट ऑप्शन है। अलग-अलग तरह की लेस से यह श्रग बने होते हैं। आप इन्हें टैंक टॉप के साथ टीमअप कर सकती हैं। लेस श्रग, वन पीस ड्रेस के साथ भी अच्छा लगता है। आप इसे जंपसूट के साथ भी पहन सकती हैं।

### फ्लोरल श्रग

फ्लोरल श्रग काफी ट्रेंडी, फ्रेश लुक देते हैं। यह किसी भी कलर की ड्रेस के साथ जमते हैं। आप भी अगर आसानी से स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो फ्लोरल श्रग को ट्राई कर सकती हैं। यह पार्टी, गेट-टूगेदर के लिए भी परफेक्ट है। ●

## वर्कप्लेस पर बनेगी इंप्रेसिव इमेज

**बिहेवियर**
**शिखा जैन**

हर ऑफिस में कुछ ऐसे एंप्लॉई होते हैं, जो बॉस से लेकर कुलीग्स तक सबकी तारीफ पाते हैं, सब उन्हें बहुत पसंद करते हैं। अपने कुलीग्स के लिए वे आइडियल होते हैं। ऐसा नहीं है कि वे बहुत खास तरह के इंसान होते हैं, वे भी हम जैसे ही होते हैं। बस उनका बिहेवियर, काम करने का तरीका जुदा होता है, जिससे वे ऑफिस में अलग पहचान बना लेते हैं। आप भी ऐसा कर सकती हैं, ऑफिस में एक अलग इमेज बना सकती हैं, इसके लिए आपको कुछ छोटी-छोटी बातों पर अमल करना होगा।



### एटिकेट्स का ख्याल

गुड एटिकेट्स के जरिए आप अपने वर्कप्लेस पर सबकी फेवरेट बन सकती हैं। आप पोलाइट तरीके से लोगों से बात करती हैं, अच्छे ढंग से बोलती हैं तो हर कोई आपसे बात करने की ख्वाहिश रखेगा। इसके बजाय दूसरों के बारे में शिकायती रवैया अपनाने वाले इंसान को कोई पसंद नहीं करता है। सामने वाले को अपमानित करने की कोशिश में लगे रहने वाले कुलीग्स भी किसी को अच्छे नहीं लगते हैं। आप भूलकर भी इन आदतों को खुद में शामिल न करें, यह बैड बिहेवियर की निशानी है।

### एग्रेसिव होने से बचें

कई बार ऑफिस में ऐसी कंडीशन बनती हैं, जब आपको किसी बात पर, काम पर या कुलीग पर गुस्सा आता है। ऐसी सिचुएशन में खुद को संभालें, बहुत एग्रेसिव बिहेवियर न करें। अपने कुलीग्स के लिए गुस्से में अपशब्द बिल्कुल न बोलें। हां, आप गुस्सा क्यों हैं, इसका सही कारण जरूर सबके सामने रखें। अगर कोई कुलीग आपको जान-बूझकर परेशान कर रहा है तो उसे इग्नोर करें। ●









# नवाजुद्दीन से पाउलो प्रभावित

**मुंबई।** मशहूर लेखक पाउलो कोइल्हो ने 'सैक्रेड गेम्स' के दूसरे सीजन में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के काम की सराहना की है। इसके जवाब में नवाजुद्दीन ने कहा है कि उनके जैसे किसी मशहूर लेखक के द्वारा उन्हें देखना और उनके बारे में कहना सही में सम्माननीय बात है। कोइल्हो ने 'सेक्रेड गेम्स' के लिंक को शेयर करते हुए लिखा, बेहतरीन अभिनेता के साथ नेटफ्लिक्स की सबसे अच्छे सीरीज में से एक। इसके जवाब में नवाजुद्दीन ने कहा, पाउलो कोइल्हो सर, मैंने आपकी किताब 'द एलकेमिस्ट' पढ़ी है और आपके उपन्यास पर आधारित फिल्म 'वेरोनिका डिसाइड्स टु डाई' भी देखी है। मैं आपके लेखन का हमेशा से ही बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं और आप जैसे इंसान के द्वारा मुझे नोटिस किया जाना और तारीफ करना मेरे लिए वाकई में सम्माननीय है। मेरे पास इस एहसास को बयां करने के लिए शब्द नहीं है।

लाइफ Style



# आलिया

## 'तख्त' की तैयारियों में जुटीं

एजेंसी ▸▸| मुंबई

आलिया भट्ट की फिल्म इंशाहअल्लाह की शूटिंग कुछ समय पहले ही रोक दी गई। फिल्म में वे सलमान खान के साथ कास्ट की गई थीं। इस फिल्म के बाद अब खबर है कि वे रणवीर सिंह की फिल्म तख्त की शूटिंग की तैयारियों में बिजी हो गई हैं।

उनकी हालिया इंस्टाग्राम स्टोरी इस बात का सबूत है। इसके अलावा उनकी और रणवीर सिंह की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो हाल ही में आलिया फिल्म के बारे में डिस्कशन करने के लिए करण जौहर के घर गई थीं। इंस्टाग्राम स्टोरी पर जो तस्वीर आलिया ने शेयर की है उसमें एक लाल रंग का कप रखा हुआ है। कप पर तख्त लिखा हुआ है। कप के पास में करण जौहर बैठे हुए नजर आ रहे हैं। वहीं रणवीर सिंह की बात करें तो हमेशा की तरह उनका यूनिक रोल इस दौरान देखने को मिला। वे पिंक और ब्लैक आउटफिट में नजर आए। वे पिंक कलर की जैकेट में थे। बता दें कि तख्त करण जौहर के करियर की सबसे करीब फिल्म है। वे भावनात्मक रूप से इस प्रोजेक्ट के साथ जुड़े हुए हैं। बीते दिनों फिल्म की शूटिंग के बारे में बात करते हुए करण ने कहा था कि वे इस फिल्म को फुरसत से बनाना चाहते हैं। वे इस फिल्म को लेकर किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं करना चाहते हैं। रणवीर और आलिया की बात करें तो दोनों ही स्टार्स के पास इस समय दो बड़े प्रोजेक्ट हैं, जहां एक तरफ रणवीर सिंह 83 फिल्म का हिस्सा हैं वहीं आलिया भट्ट रणबीर कपूर के अपोजिट फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आएंगे।

## हॉलीवुड मसाला




# रिश्वत मामले में जेल

**लॉस एंजलिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री फेलिसिटी हफमैन को एक शीर्ष यूनिवर्सिटी में अपनी बेटी का एडमिशन कराने के लिए रिश्वत देने के मामले में 14 दिन की जेल हुई है। बोस्टन में शुक्रवार को एक कोर्ट में संघीय न्यायाधीश इंदिरा तलवानी ने अपने आदेश में कहा कि हफमैन (56) को 30,000 डॉलर का जुर्माना भरने, 250 घंटों की कम्यूनिटी सेवा और एक साल तक निगरानी में रहने की सजा दी जाती है। उनकी सजा 25 अक्टूबर से शुरू हो जाएगी।



# हार्ट को मिली अस्पताल से छुट्टी

**लॉस एंजलिस।** 'जुमांजी' फिल्म के एक्टर और कॉमेडियन केविन हार्ट का पिछले दिनों लॉस एंजिलिस काउंटी में कार एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद केविन की बैक सर्जरी हुई। अब खबर है कि उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। केविन पिछले 10 दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। पीठ की सर्जरी कराने के बाद उन्होंने फिर से चलना-फिरना शुरू कर दिया है। कार दुर्घटना के बाद उनकी रीढ़ में फ्रैक्चर हो गया। हार्ट धीरे-धीरे चल रहे हैं, लेकिन अभी भी काफी दर्द में हैं। एक भयावह कार दुर्घटना में चोटिल होने के बाद उन्हें यह सर्जरी करानी पड़ी। हार्ट को पूरी तरह से ठीक होने में अभी काफी समय लगेगा। अभिनेता की जल्द ही फिजिकल थेरेपी शुरू हो जाएगी। जो 4 महीने तक चलेगी। बता दें बीते दिनों केविन हार्ट की कार की एक्सीडेंट हो गया था।



# 'जोया फैक्टर' 20 को होगी रिलीज

**मुंबई।** एक्ट्रेस सोनम कपूर की नई फिल्म द जोया फैक्टर 20 सितंबर को रिलीज होने के लिए तैयार है। इसमें सोनम, दुलकर सलमान के अपोजिट नजर आएंगी। फिल्म में सोनम एडवर्टाइजिंग एग्जीक्यूटिव जोया सोलंकी के रोल में नजर आएंगी। वहीं तेंदुलकर इंडियन क्रिकेट टीम के कप्तान की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म में दिखाया जाएगा किक्रेट टीम के लिए जोया को लकी चार्म माना जाता है। दोनों सितारे फिल्म का प्रमोशन करने के लिए द कपिल शर्मा में मेहमान बनकर पहुंचे। शो में सोनम कपूर ने बताया कि फिल्म द जोया फैक्टर की तरह उनके पिता अनिल कपूर भी उन्हें खुद के लिए मानते हैं। उन्होंने इसके पीछे का एक दिलचस्प किस्सा सुनाया। सोनम ने बताया कि जिस साल वह पैदा हुई थीं उस साल पिता अनिल की सारी फिल्में ब्लॉकबस्टर साबित हुई थीं।



# 'वॉर' में टाइगर का जबरदस्त सीन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ की अपकमिंग फिल्म वॉर में वह ऋतिक रोशन के साथ फाइट करते नजर आएंगे। ऐसे में फैंस बेसब्री से फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। चर्चा है कि फिल्म में टाइगर के एंट्री सीन को बड़े लेवल पर तैयार किया गया है और इसे बॉलीवुड का अब तक सबसे लंबा इंट्रोडक्टरी सीन बताया जा रहा है। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है। डायरेक्टर ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया, 'यह एक 2.30 मिनट लंबा, गंभीर हाथापाई का सीक्वेंस है, जिसे टाइगर ने एक शॉट में शूट किया है। पूरे एक्शन सीक्वेंस को एक शॉट में बिना किसी कट के शूट किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि सीन में जब टाइगर सेना के लोगों को अपने हाथों से धाराशायी करते नजर आएंगे, तब उनका गुस्सा देखने लायक होगा।


# हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
मेरे किया जो काटे उसे ईनाम
बाबा बंगाली
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
9012184215

**ज्योतिष**

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो
तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुश्मन छुटकारा कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दुःख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

**ज्योतिष**

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं
गुरूओं के महागुरू
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

खुला चैलेंज
गुरू विशाल शर्मा
(गोल्डमेडलिस्ट)
शक्ति चमत्कार देखें
घर बैठे 11 मिनट में समाधान
स्पेशलिस्ट: वशीकरण, मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, विदेश यात्रा, शादी, तलाक, कारोबार में बाधा, गड़ा धन मुकदमा आदि का। A to Z समाधान। हर जगह से निराश एक बार फोन करें
9718972956
9891598324

**ज्योतिष**

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालों से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरू पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

**टॉवर**

☛ गैलेक्सी टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G-4G टॉवर लगवायें आयडिया, एयरटेल, बोडाफोन, JIO टॉवर लगवाने अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 70 लाख एडवांस 30 हजार किराया प्रति माह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगो को नौकरी। सम्पर्क 7668916707 धोखेबाजों से सावधान

**फायनेंस**

☛ महालक्ष्मी फाइनेंस कम्पनी BPL आधारकार्ड, राशनकार्ड, मार्कशीट, ईंट भट्ठा सभी प्रकार के लोन पास कराये जाने है। 50 हजार से 50 लाख लोन पास करायें 40 प्रतिशत सब्सिडी 1 प्रतिशत ब्याज पर अपना लोन पास करायें, 1 घंटे में अपना काम करे। धोखेबाजों से सावधान। मो. 7599680565

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**टावर**

☛ RELIANCE JIO कम्पनी में घरबैठे पार्टटाइम/फुलटाईम SMS JOB करके कमायें (लड़के-लड़कियां) 18600-45500/- महीना सैलरी, लैपटॉप + मोबाईल फ्री, नाम-पता CALL / SMS / WHATSAPP करें 081020-43117, 098514-98325

**लोन**

☛ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आंमत्रित 94991-66862

**फायनेंस**

☛ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आमंत्रित 94991-66862

**आवश्यकता**

☛ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

**फायनेंस**

☛ दिवाली धमाका ऑफर Jindal Finance Company देश की नम्बर 1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड पर्सनल मार्कशीट पर 8th 10th 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाओं विद्यार्थियों के लिए छूट धोखे से सावधान (Online सुविधा) Whatsapp No 6397688983

**फायनेंस**

☛ MAHINDRA FINANCE लोन योजना एवं जनकल्याण अन्तर्गत 50,000-9500000 मार्कशीट, प्रॉपर्टी, आधारकार्ड एवं सभी प्रकार के लोन पाएं 2% ब्याज 50% सब्सिडी महिला ग्रुप लोन उपलब्ध 94560-39267

**फायनेंस**

☛ Mudra Finance खर्चा लोन पास होने के बाद आधारकार्ड, मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पेंशनर, सैलरी, होमलोन, DMC सभी प्रकार के लोन (40% छूट, 2% ब्याज) 24 घंटों में सभी लोन 70783-00404, 88169-88491

**टॉवर**

☛ निर्देश किसी भी फाइनेंस/टॉवर कम्पनी में कार्य चल रहा है या धोखा हुआ है तो तुरंत संपर्क करें 75798-52682 सभी कम्पनी के 4G टॉवर लगवायें 94110-21070


# दिशा को याद आए पुराने दिन



**मुंबई।** भारत की नेशनल क्रश के नाम से मशहूर दिशा पाटनी ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक थ्रोबैक फोटो शेयर की। ये फोटो उनके स्कूबा डाइविंग के दिनों की है। फोटो शेयर करते हुए दिशा ने लिखा, '2014 में जब हम स्कूबा डाइविंग सीख रहे थे। मुझे बस उस समय में वापस ले चलो।' बता दें कि दिशा पाटनी ने हाल ही में अपना खुद का यूट्यूब चैनल शुरू किया है। दिशा के अलावा वरुण धवन, जैकलीन फर्नांडिस और आलिया भट्ट के भी खुदके यूट्यूब चैनल्स हैं। दिशा के फिल्मी प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वे फिलहाल डायरेक्टर मोहित सूरी की फिल्म मलंग में काम कर रही हैं। इस फिल्म में दिशा के साथ अनिल कपूर, आदित्य रॉय कपूर और कुणाल खेमू हैं।

# स्टाइलिश लुक में दीपिका



**मुंबई।** एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण को हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर नियोन लुक में स्पॉट किया गया। इस बार दीपिका का नियोन फैशन काफी ट्रेंडी और स्टाइलिश लुक दे रहा था। दीपिका के इस नियोन ग्रीन लुक की खास बात यह भी थी कि उनसे पहले, उनके पति एक्टर रणवीर सिंह भी इस टर्टलनेक नियोन ग्रीन स्वेटशर्ट में परफॉर्म कर चुके हैं। एयरपोर्ट पर दीपिका ने टर्टलनेक नियोन ग्रीन स्वेटशर्ट के साथ ब्लू पैंट्स कैरी किया था। साथ ही विंटेज कैट-आई ग्लासेज और हाई पोनी टेल में दीपिका ने नियोन फैशन को सलीके से संभाला। दीपिका का यह स्टाइल उनपर काफी जंच रहा था। इस नियोन लुक में दीपिका अपने फैशन ट्रेंड को बरकरार रखने में कामयाब रहीं।

# एक्ट्रेस अनुष्का की खूबसूरती का राज



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपनी ब्यूटी सीक्रेट्स का खुलासा किया। अनुष्का ने बताया कि वह अपनी स्किन को डिटॉक्स करने के लिए एक ऑर्गेनिक प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने बताया कि वह नीम फेस मास्क का यूज करती हैं जो उनकी स्किन को साफ रखता है और ग्लो बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वह अपनी स्किन को फ्लॉलेस रखने के लिए और भी कई ट्रिक्स का यूज करती हैं। अनुष्का शर्मा ने कहा, 'मैं अपनी स्किन को हेल्दी रखने के लिए सिंपल लेकिन इफेक्टिव चीजें ट्राई करती हूं।' 'मैं खूब पानी पीती हूं और सही खाने पर विश्वास करती हूं। आप जैसे भी हैं सिर्फ अपने खाने की वजह से होते हैं। सही प्रोडक्ट का इस्तेमाल करना महत्वपूर्ण होता है।'

## टीवी मसाला



# पति को मनाने बहुत 'पापड़ बेले'

**मुंबई।** 'नच बलिए 9' शुरुआत से ही सुर्खियों में बना हुआ है। वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट्स की लिस्ट में टीवी स्टार पूजा बनर्जी का नाम भी शामिल है। नच बलिए शो से पूजा बनर्जी के हसबैंड ने टीवी पर अपना डेब्यू किया है। बॉलीवुड लाइफ को दिए इंटरव्यू में पूजा ने बताया, 'जब मैंने पहली बार अपने पति संदीप को नच बलिए के बारे में बताया तो वो बिल्कुल तैयार नहीं थे। शो के लिए हां कहने के लिए संदीप को पूरे एक हफ्ते का समय लगा। संदीप को राजी करना काफी मुश्किल था। पूजा ने आगे कहा, 'संदीप काफी फिट हैं तो रिहर्सल करने में उन्हें ज्यादा मुश्किल नहीं होती है। लेकिन उन्हें डांस करना काफी मुश्किल लग रहा है। इंटरव्यू में पूजा ने अपनी कसौटी की पूरी टीम का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, 'अगर मैं एक टाइम पर दो शो कर पा रही हूं तो इसका पूरा श्रेय मेरी कसौटी जिंदगी की टीम को जाता है।

## गौरी ने किया बर्थडे सेलिब्रेट



**मुंबई।** टीवी इंडस्ट्री के कपल हितेन तेजवानी और उनकी पत्नी गौरी प्रधान पावरफुल कपल्स में शुमार किए जाते हैं। दोनों ने 29 अप्रैल 2004 को शादी रचाई थी। तब से अब तक दोनों एक दूसरे के साथ हैप्पी मैरिड लाइफ बिता रहे हैं। प्रधान ने 16 सितंबर को अपना 42वां जन्मदिन मनाया। गौरी के जन्मदिन के खास मौके पर हितेन ने उन्हें स्पेशल तरीके से बर्थडे विश किया है। दरअसल हितेन ने गौरी संग लिप-लिक करते हुए एक रोमांटिक फोटो शेयर की है। फोटो के साथ हितेन ने एक स्वीट मैसेज भी लिखा है। हितेन ने लिखा, 'ये शानदार वूमेन हमारी जिंदगी की लाइफलाइन हैं। हमारी जिंदगी में आने के लिए शुक्रिया। मैं आशा करता हूं कि तुम्हें हर चीज सबसे बेस्ट मिले।

## खबर संक्षेप

### जन्मदिन पर नर्मदा बांध का दौरा करेंगे पीएम

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को 69 वर्ष के होने जा रहे हैं और इस मौके पर वह नर्मदा नदी पर बने गुजरात के सरदार सरोवर बांध स्थल पर जाएंगे जहां जल पहली बार सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया है। बांध का जलस्तर 2017 में पहली बार बढ़ाया गया था। उसके बाद से जलस्तर रविवार शाम को 138.68 मीटर के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया है। राज्य सरकार द्वारा सोमवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री सोमवार रात को अहमदाबाद हवाईअड्डे पर उतरेंगे। वह मंगलवार सुबह अपने 69वें जन्मदिन के अवसर पर नर्मदा जिले के केवड़िया में बांध स्थल का दौरा करेंगे और जल सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने के लिए आयोजित 'नमामि देवी नर्मदे महोत्सव' में शामिल होंगे।

### प्रवीन बने आंध्र प्रदेश के सीएम के प्रधान सचिव

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में 1994 बैच के आईएएस अधिकारी प्रवीण प्रकाश को मुख्यमंत्री का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। मुख्य सचिव एल वी सुब्रह्मण्यम ने इस आशय का सरकारी आदेश जारी किया। प्रवीण इस समय नयी दिल्ली में आंध्र प्रदेश के स्थानिक आयुक्त हैं। उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग में प्रधान सचिव (राजनीतिक) का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। मुख्य सचिव के आदेश के मुताबिक राम प्रकाश सिसोदिया का स्थानांतरण आदिवासी कल्याण विभाग में प्रधान सचिव के रूप में किया गया है।

### अमेरिकी राजदूत ने ममता से की मुलाकात

**कोलकाता।** भारत में नियुक्त अमेरिकी राजदूत केनेथ आई जस्टर ने सोमवार को यहां राज्य सचिवालय में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की। अमेरिकी राजदूत और मुख्यमंत्री के बीच बैठक करीब एक घंटे चली। मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्र ने बताया कि जस्टर और ममता ने एक दूसरे का अभिवादन किया तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### हरिद्वार महाकुंभ मेला-2021 की तैयारी में जुटा रेलवे

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** हरिद्वार के महाकुंभ मेले के लिए रेलवे ने हरिद्वार की ओर आने जाने वाली ट्रेनों की संख्या बढ़ाने और डबल रेलवे लाइन जैसी कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को फास्ट ट्रैक पर शुरू करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल ने उत्तराखंड के हरिद्वार महाकुंभ 2021 के लिए रेलवे सेवाओं को बेहतर ढंग से देने की दिशा में नइर दिल्ली स्थित उद्योग भवन में उत्तराखंड के नगर विकास मंत्री मदन कौशिक और अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक के दौरान यह बात कही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रयाग कुंभ मेले से भी कहीं ज्यादा हरिद्वार महाकुंभ मेले पर रेलवे का फोकस रहेगा। बैठक के दौरान विशेष परिस्थितियों के तहत हरिद्वार महाकुंभ मेला की तैयारी के तहत हरिद्वार लाल पुल के समीप रेलवे ओवर ब्रिज की स्वीकृति प्रदान की गयी। वहीं उन्होंने ऋषिकेश-हरिद्वार डबल लेन बनाने पर स्वीकृति प्रदान करते उसका फास्ट ट्रैक पर सर्वे करने के संबन्धित अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं।

### ओड़िशा में मगरमच्छ के हमले में बचा किसान

**केंद्रपाड़ा।** ओड़िशा में केंद्रपाड़ा जिले का एक आदमी अपनी सूझबूझ से मगरमच्छ के हमले में जीवित बच गया। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 58 वर्षीय भजकृष्ण प्रधान महाकलपाड़ा के जलाकाना गांव में रविवार को एक छोटी नदी में मछली पकड़ रहा था तभी आठ फुट लंबे मगरमच्छ ने उस पर हमला कर दिया। पेशे से किसान प्रधान को दाएं हाथ पर जख्म लगा लेकिन उसने तेजी दिखाते हुए एक बांस उठाकर मगरच्छ की आंख पर हमला किया जिसके बाद मगरमच्छ उन्हें छोड़कर पानी में चला गया। किसान ने इस घटना को 'मौत के मुंह' से बचकर निकलने वाला अनुभव बताया है।

### शरद पवार ने कांग्रेस के साथ गठबंधन के तहत सीट बंटवारे का किया ऐलान

# महाराष्ट्र में 125-125 सीटों पर लड़ेंगी एनसीपी-कांग्रेस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी और कांग्रेस महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 125-125 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगी। पवार ने ऐलान किया कि कांग्रेस के साथ उनके गठबंधन के तहत सीट बंटवारे को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

राकांपा अध्यक्ष ने ट्वीट किया कि समझौते के तहत बाकी बची 38 सीटें गठबंधन सहयोगियों के लिए छोड़ी जाएंगी। महाराष्ट्र विधानसभा में कुल 288 सीटें हैं। पवार ने कहा कि राकांपा इस चुनाव में नये चेहरों को मौका देगी। कुछ सीटें कांग्रेस के साथ बदली भी जाएंगी।

दोनों दलों ने 2014 में राज्य विधानसभा चुनाव अलग-अलग लड़ा था। तब कांग्रेस और राकांपा के बीच सीट बंटवारे पर सहमति नहीं बन पाई थी जिसके बाद पवार की पार्टी ने 15 साल पुराने गठबंधन को तोड़ लिया था। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 42 तो राकांपा ने 41 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2014 के इन चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी भाजपा को 122 सीटें मिली थीं।

कांग्रेस और राकांपा के बीच आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर हुए गठजोड़ से पहले दोनों ही दलों से कई प्रमुख नेता साथ छोड़कर जा चुके हैं। इनमें से राकांपा से ज्यादा नेता गये हैं। इनमें से कई नेताओं ने भाजपा का तो कुछ ने शिवसेना का दामन थामा है।

**खास बातें**

- महाराष्ट्र विधानसभा में कुल 288 सीटें हैं
- राकांपा इस चुनाव में नये चेहरों को मौका देगी
- कुछ सीटें कांग्रेस के साथ बदली भी जाएंगी



### उद्धव ठाकरे ने कार्यकर्ताओं से कहा- सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहें



महाराष्ट्र में किसी भी समय विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा हो जाएगी लेकिन बीजेपी-शिवसेना गठबंधन में सीट बंटवारे का पेंच अब भी फंसा है। हालांकि दोनों ही पार्टियों के प्रमुख लगातार गठबंधन बरकरार रहने का दावा जरूर कर रहे हैं। लेकिन बंद कमरे में होनेवाली बैठकों में दोनों ही पार्टी के नेता अपने-अपने कार्यकर्ताओं को अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी करने के निर्देश भी दे रहे हैं। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ हुई बैठक में कहा कि विधानसभा की सभी 288 सीटों पर तैयारी रखें। मातोश्री में हुई पार्टी नेताओं की बैठक में उद्धव ठाकरे ने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर चर्चा चल रही है। लेकिन शिवसेना को कम सीटें देनी की बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह से हमारी 50-50 फ़ॉर्मूले की बात हुई थी। मुझे आशा है कि दिया हुआ वचन बीजेपी पूरा करेगी। लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने मुझे नहीं तो स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे को शब्द दिया था।

### बगावत से परेशान है कांग्रेस-एनसीपी

महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले जहां बीजेपी और शिवसेना अलग-अलग जन आशीर्वाद यात्राएं निकालकर लोगों से जुड़ने की कोशिश कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टी एनसीपी अपने अंदर ही मचे घमासान से नहीं उबर पा रहे हैं। लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद इन दोनों पार्टियों में भगदड़ मची हुई है और अब तक कई बड़े नेता कांग्रेस-एनसीपी छोड़कर बीजेपी या शिवसेना में जा चुके हैं। बुधवार को राज्य में कांग्रेस के बड़े नेता हर्षवर्धन पाटिल और एनसीपी नेता गणेश नाइक भी बीजेपी में शामिल हो गए थे। अटकलें हैं कि कांग्रेस-एनसीपी के ज्यादातर नेताओं को विधानसभा चुनाव से पहले ही हार का डर सता रहा है। ऐसे में वे सभी मुख्यधारा में बने रहने के लिए सत्ताधारी पार्टियों (बीजेपी-शिवसेना) की शरण में जा रहे हैं।

### हिंदी पर संग्रामः कमल हासन बोले

# कोई शाह, सुल्तान या सम्राट नहीं तोड़ सकता वादा

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

अभिनेता से नेता बने कमल हासन ने सोमवार को केंद्र सरकार को 'एक देश, एक भाषा' का बढ़ावा देने के खिलाफ चेतावनी दी है। एक विडियो जारी कर कमल ने अप्रत्यक्ष रूप से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर हमला करते हुए कहा है कि भारत 1950 में 'अनेकता में एकता' के वादे के साथ गणतंत्र बना था और अब कोई 'शाह, सुल्तान या सम्राट' इससे इनकार नहीं कर सकता है। बता दें कि अमित शाह ने हिंदी दिवस पर 'एक राष्ट्र, एक भाषा' की पैरवी की थी। विडियो में कमल ने कहा है कि वह सभी भाषाओं का सम्मान करते हैं लेकिन उनकी मातृभाषा हमेशा तमिल रहेगी।



■ शाह ने हिंदी दिवस पर 'एक राष्ट्र, एक भाषा' की पैरवी की थी

मक्कल निधि मैय्यम अध्यक्ष ने सोमवार को अपने ट्विटर हैंडल से एक विडियो जारी किया। इसमें उन्होंने आक्रामक अंदाज में कहा कि इस बार एक बार फिर भाषा के लिए आंदोलन होगा और यह जल्लीकट्टू आंदोलन से भी बड़ा होगा।

### कन्नड़ के महत्व से समझौता नहीं : येदियुरप्पा

देश के लिए एक भाषा के रूप में हिंदी की पैरवी को लेकर छिड़ी बहस के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने कहा कि कन्नड़ राज्य में मुख्य भाषा है और इसके महत्व से कभी समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सभी आधिकारिक भाषाएं समान हैं। हालांकि, जहां तक कर्नाटक का सवाल है, कन्नड़ यहां मुख्य भाषा है। येदियुरप्पा ने ट्वीट किया कि हमलोग इसके महत्व से कभी समझौता नहीं करेंगे तथा कन्नड़ एवं अपने राज्य की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

### 20 सितम्बर को प्रदर्शन करेगी द्रमुक

द्रमुक ने हिंदी के बारे में भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के बयान के खिलाफ 20 सितम्बर को तमिलनाडु में विरोध प्रदर्शन करने की सोमवार को घोषणा की। द्रमुक की बैठक में पारित एक प्रस्ताव में कहा कि यह आंदोलन 'मातृभाषा तमिल' और (गैर हिंदी भाषी) अन्य राज्यों के लोगों की मातृ भाषाओं पर 'हिंदी थोपे' जाने के 'प्रतिकूल प्रभावों' को शुरू में दबा देने के लिए है। द्रमुक प्रमुख एम के स्टालिन ने पत्रकारों से कहा कि हिंदी मुद्दे पर यह पहले चरण का आंदोलन है और आगे की कार्रवाई केन्द्र सरकार के रुख के आधार पर और समान विचारधारा वाले दलों से विचार विमर्श के बाद तय की जायेगी।

### मॉब लिंचिंग मामले में तबरेज की पत्नी ने दी धमकी

# आरोपियों पर लगे धारा 302 नहीं तो कर लूंगी आत्महत्या

एजेंसी ▶▶ रांची

तबरेज अंसारी मॉब लिंचिंग मामला फिर से तूल पकड़ता जा रहा है। तबरेज की पत्नी ने सरायकेला के उपायुक्त से मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ धारा-302 हटाकर 304 किए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ वापस धारा-302 लगाई जाए। ऐसा नहीं होने पर उन्होंने आत्महत्या करने की चेतावनी दी है। तबरेज अंसारी की पत्नी शाहिस्ता परवीन अपनी मां और चचिया ससुर मौलाना मसरूर आलम के साथ सरायकेला उपायुक्त कार्यालय पहुंचीं, जहां काफी इंतजार के बाद उपायुक्त उनसे मिले। तबरेज के परिजनों ने बताया कि उनसे उपायुक्त ने कहा है कि बिसरा रिपोर्ट एसपी के पास ही है। आप लोग एसपी आवास से जाकर ले सकते हैं। बता दें कि पुलिस ने पिछले महीने चार्जशीट में धारा 304 के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने इससे पहले अंसारी की पत्नी की शिकायत पर दर्ज एफआईआर में आरोपियों पर हत्या का आरोप लगाया था।



■ पुलिस ने पिछले महीने चार्जशीट में धारा 304 के तहत किया था मामला दर्ज

### चार आईआईएम निदेशकों के साथ आज अहम बैठक करेंगे मंत्री निशंक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

फंड की कमी की वजह से स्थायी कैंपस का पूर्ण निर्माण न हो पाने की समस्या से जूझ रहे दूसरी पीढ़ी के भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) ने केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक की ओर अंतिम आस लगाकर देखना शुरू कर दिया है। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इसकी पूर्ति के लिए मंगलवार को राजधानी में एक अहम बैठक भी आयोजित की गई है, जिसमें आईआईएम रायपुर, काशीपुर, उदयपुर और त्रिरूचेरापल्ली के निदेशक शामिल होंगे और मंत्री को एक-एक कर अपनी समस्या से अवगत कराएंगे। जिससे उसका कोई स्थायी समाधान निकल सके। यहां बता दें कि इस बैठक में आईआईएम रोहतक और रांची के निदेशक शामिल नहीं हो रहे हैं। क्योंकि आईआईएम रोहतक ने स्वतः फंड जुटाने की व्यवस्था कर ली है और उसका यह कहना है कि उसे फिलहाल केंद्र से सहायता से नहीं चाहिए। वह स्थायी कैंपस के निर्माण के अलावा केंद्र सरकार के 1170 छात्रों के दाखिले का टारगेट भी जल्द पूरा कर लेगा।



### 74 के हुए चिदंबरम, कैदियों ने दी बधाई

# कहा- मुझे अर्थव्यवस्था की चिंता ईश्वर देश की रक्षा करे

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में पांच सितंबर से बंद पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के जन्मदिन के मौके पर उनके बेटे कार्ति चिदंबरम ने उनसे मुलाकात की तथा जेल अधिकारियों और कुछ कैदियों ने भी उन्हें जन्मदिन पर बधाई दी। साथ ही उन्होंने अर्थव्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि ईश्वर इस देश की रक्षा करे। जेल अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि चिदंबरम ने जन्मदिन के लिए कोई विशेष मांग नहीं की थी। चिदंबरम को आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में दिल्ली की एक अदालत ने पांच सितंबर को न्यायिक हिरासत में भेजा था। चिदंबरम की ओर से किये गये ट्वीट में कहा गया, मेरे परिवार ने मेरे मित्रों, पार्टी सहयोगियों और शुभचिंतकों की तरफ से मुझ तक शुभकामनाएं पहुंचाई हैं। मुझे याद दिलाया गया कि मैं 74 साल का हो चुका हूं। मैं 74 का हूं लेकिन दिल से मैं खुद को 74 साल का युवक महसूस करता हूं। मेरा हौसला बढ़ाने के लिए सभी का धन्यवाद।



### कार्ति ने लिखी चिट्ठी, कहा- कोई 56 इंच आपको रोक नहीं सकता

आईएनएक्स मीडिया मामले में गिरफ्तार पूर्व वित्त मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम के जन्मदिन पर उनके पुत्र और कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने पत्र लिखकर बधाई दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार को निशाने पर लिया और पिता के हौसले की तारीफ की। कार्ति ने अपने पत्र में लिख कि आज आप 74 साल के हो गए लेकिन कोई '56 इंच' आपको रोक नहीं सकता।' उधर, खुद चिदंबरम ने कहा कि वह अब भी खुद को युवा की तरह महसूस करते हैं।

### आदिवासियों के विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा गठित पांच राज्यपालों की उच्चस्तरीय समिति ने सोमवार को आदिवासियों के विभिन्न मुद्दों पर केंद्रीय आदिवासी कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा के साथ दिल्ली में विमर्श किया। राष्ट्रपति ने अन्य राज्यपालों को मिलाकर कई सामाजिक मसलों पर ठोस बहस के लिये अलग-अलग कई समितियों का गठन किया है। सभी समितियों की बैठक हो जाने के बाद राष्ट्रपति भवन परिसर में राज्यपालों के साथ खुद राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे दिन की बैठक कर सभी विषयों पर समग्र रूप से मंथन करेंगे। राज्यपालों की बैठक में छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुईया उइके, त्रिपुरा के राज्यपाल रमेश बैस, असम के राज्यपाल जगदीश मुखी, झारखंड की राज्यपाल द्रोपदी मुर्मु, ओड़िशा के राज्यपाल गणेशी लाल और मेघालय के राज्यपाल तथागत रॉय ने शिरकत की।

# संसदीय स्थाई समिति में मजबूत हुई भाजपा, 13 पर सरकार का कब्जा 11 विपक्ष के खाते में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के विभिन्न विधेयकों को कसौटी पर कसने और मंत्रालयों के कामकाज पर नजर रखने वाली संसदीय स्थाई समिति में कुछेक को छोड़ दें तो सभी महत्वूर्ण विभागीय संसदीय स्थाई समिति पर भाजपा का कब्जा हो गया है। अलबत्ता, राज्यसभा की आठ विभागीय संसदीय समिति के अध्यक्षों में से विपक्ष के खाते में इसबार पांच संसदीय समितियों का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी आई है। लोकसभा की 16 समितियों में से 10 का नेतृत्व भाजपा के सांसद करेंगे जब कि राज्यसभा की 8 संसदीय स्थाई समितियों में से 3 समितियों की



अध्यक्षता भाजपा के हिस्से में आई है। बड़े विभागीय स्थाई समिति की अगर बात की जाए तो केवल गृहमंत्रालय की स्थाई समिति का अध्यक्ष राज्यसभा में कांग्रेस संसदीय दल के उपनेता आनंद शर्मा को बनाया गया है। वे कांग्रेस के ही पी. चिदंबरम की जगह लेंगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की स्थाई समिति के अध्यक्ष होंगे कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद जयराम रमेश, जब कि उन्हें पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के कामकाज का विशेषज्ञ माना जाता है। ऐसे ही पूर्व विदेश राज्यमंत्री शशी थरूर को विदेश मंत्रालय की स्थाई समिति से हटाकर सूचना एवं तकनीकी मंत्रालय के संसदीय स्थाई समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। विदेश मंत्रालय की समिति इसबार भाजपा के पीपी चौधरी नेतृत्व करेंगे। वित्तमंत्रालय की संसदीय स्थाई समिति का अध्यक्ष भाजपा के सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा को बनाया गया है। जब कि संसदीय परिपाटी के हिसाब से विदेश मंत्रालय और वित्त विभाग के संसदीय स्थाई समिति का अध्यक्ष विपक्ष के नेता को ही बनाये जाने की परंपरा रही है। इस बार ये दोनों समितियां भाजपा के कोटे में हैं। राहुल गांधी इसबार गृहमंत्रालय नहीं रक्षामंत्रालय की स्थाई समिति में रहेंगे। तृणमूल कांग्रेस को बतौर विपक्षी दल इसबार ज्यादा नुकसान हुआ है। रेलवे संसदीय स्थाई समिति के अध्यक्ष पद पर रहे लोकसभा के वरिष्ठ सांसद सुदीप बंदोपाध्याय की जगह भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। पर्यटन, यातायात और संस्कृति मंत्रालय भी तृणमूल के कोटे से जाता रहा। राज्यसभा में तृणमूल संसदीय दल के नेता डेरेक ओ ब्रायन इन समिति के अध्यक्ष थे, अब उनकी जगह टीडीपी से भाजपा में आए टीजी वेंकटेश होंगे।

# पीएम मोदी से मिलने के लिए ममता ने मांगा वक्त

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने की संभावना है। राज्य सचिवालय के सूत्रों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। सूत्रों ने बताया कि बनर्जी मंगलवार को नयी दिल्ली के लिए रवाना होंगी। उन्होंने बताया कि बैठक में दोनों नेताओं के पश्चिम बंगाल के प्रशासनिक मुद्दों के बारे में चर्चा करने की उम्मीद है। बनर्जी भाजपा और मोदी की मुखर आलोचक हैं। एक अधिकारी ने बताया कि बैठक के लिए मोदी के कार्यालय से पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री कार्यालय ने समय मांगा था। बुधवार को नयी दिल्ली में बैठक होगी।



### भाजपा ने उड़ाया मजाक

वहीं बीजेपी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से दिल्ली में मिलने का समय मांगने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सोमवार को मजाक उड़ाते हुए इसे 'मौकापरस्ती की राजनीति का बेहतरीन उदाहरण' और 'खुद को सीबीआई के शिकंजे से बचाने का हताशा भरा प्रयास करार दिया। बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव राहुल सिन्हा ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि उन्होंने (बनर्जी) ने लोकसभा चुनाव के दौरान और उसके बाद प्रधानमंत्री के खिलाफ किस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल किया था।

### अगले सत्र से शुरू हो जाएगा अशोक सिंघल वेद विज्ञान और प्रौद्योगिकी विवि

# स्कूल व कॉलेज के बाद अब यूनिवर्सिटी खोलेगा संघ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की हायर एजुकेशन फील्ड में एंट्री की तैयारी पूरी हो गई है। संघ से जुड़ा संगठन विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) वेदों की पढ़ाई और रिसर्च को प्रोत्साहित करने के लिए वेद विश्वविद्यालय का निर्माण कर रहा है जिसके लिए सारी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। इसके लिए गुरुग्राम में करीब 40 एकड़ जमीन ली गई है। इस यूनिवर्सिटी का नाम विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय अशोक सिंघल के नाम पर रखा जाएगा। सबकुछ योजना के अनुसार संपन्न हुआ तो 2020-21



अकेडमिक ईयर से ही अशोक सिंघल वेद विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में नामांकन भी शुरू हो जाएगा।

अभी वीएचपी के वेद विद्यालय और कुछ महाविद्यालय चलते हैं, लेकिन यह वेद विश्वविद्यालय वीएचपी की और संघ के किसी भी संगठन की पहली यूनिवर्सिटी होगी। स्कूल स्तर पर संघ का संगठन विद्या भारती, शिशु मंदिर और एकल विद्यालय चलाता है। अब अशोक सिंघल वेद विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय करीब 40 एकड़ में बनेगा। प्लान के मुताबिक इसमें पहले पांच साल में 52 करोड़ रूपये खर्च होंगे जिसमें 2.5 लाख स्क्वैयर फीट की एरिया में कंस्ट्रक्शन होगा। जब तक परमानेंट कैंपस नहीं बन जाता तब तक गुरुग्राम के सेक्टर 56

### यूनिवर्सिटी का मकसद

संघ ने यूनिवर्सिटी बनाने के पीछे वैदिक संदेश फैलाकर फिर से शांति और सद्भावनापूर्ण समाज का निर्माण बताया है। साथ ही समाज को वेदों में वर्णित वैज्ञानिक ज्ञान के जरिए वैज्ञानिक पद्धति से जीवन जीने को प्रेरित किए जाने का भी मकसद बताया गया है। संघ के एक नेता ने कहा कि इसके साथ ही आधुनिक वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीविद (टेक्नॉलजिस्ट) और पारंपरिक वैदिक पंडितों को एक प्लेटफॉर्म पर लाकर भारत को दोबारा विश्व गुरू बनाना भी इसका मकसद है।

### धर्म शास्त्र से लेकर युद्धविद्या तक की पढ़ाई

विश्वविद्यालय का फोकस आधुनिक और वैदिक साइंस और टेक्नॉलजी पर होगा। यहां सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, एमफिल और पीएचडी कोर्स ऑफर किए जाएंगे। एग्रीकल्चर (कृषि तंत्रम), आर्किटेक्चर (वास्तु तंत्रम), एस्ट्रोनॉमी (खगोल विज्ञान), बॉटनी, एनावयरन्मेंट साइंस, हर्बल साइंस, धर्म शास्त्र, मैनेजमेंट सिस्टम, पब्लिक ऐडमिनिस्ट्रेशन, भूकंप विज्ञान, वॉरफेयर (युद्ध तंत्रम) जैसे विषय ऑफर होंगे। साथ ही आयुर्वेद, पतंजलि योग, नाट्य शास्त्र और फैशन टेक्नॉलजी भी पढ़ाई जाएगी।

# जीएम से अनुबंध विवाद, 49,000 से ज्यादा श्रमिक हड़ताल पर

एजेंसी ▶▶| डेट्रॉएट

जनरल मोटर्स और वाहन श्रमिकों के बीच अनुबंध को लेकर बातचीत बिगड़ने के बाद 49,000 से ज्यादा वाहन श्रमिकों ने अमेरिका भर में कंपनी के कारखानों में काम बंद कर हड़ताल की। सभी श्रमिक युनाइटेड ऑटो वर्कर्स (यूएडब्ल्यू) श्रमिक संगठन के सदस्य हैं। अमेरिका के नौ राज्यों में स्थित कंपनी के 33 विनिर्माण संयंत्रों और 22 कलपुर्जा वितरण गोदामों पर श्रमिकों ने काम बंद रखा। अभी स्पष्ट नहीं है कि हड़ताल कितने दिन जारी रहेगी। संगठन का कहना है कि जनरल मोटर्स ने कई महीनों की बातचीत में काफी कम बजट का प्रस्ताव किया है।

### संगठन ने 2007 में की थी हड़ताल

कंपनी का कहना है कि उसने ऊंचे मेहनताने और कारखाने में निवेश समेत पर्याप्त समझौते की पेशकश की है। संगठन ने इससे पहले 2007 में दो दिन की हड़ताल की थी जिसका मामूली असर कंपनी पर पड़ा था।

## कंपनी का अमेरिका के नौ राज्यों में 33 विनिर्माण संयंत्र

### कंपनी फायदे में आने के बाद कर्मचारी लाभ चाहते हैं

श्रमिकों ने कंपनी को दिवालिया होने से बचाने के लिए जीवन जीने के लिए अनिवार्य वेतन से कम पर काम किया। अब जब कंपनी लाभ कमा रही हैं तो हम उसी में से थोड़ा वापस चाहते हैं। जनरल मोटर्स के हड़ताली श्रमिकों को फोर्ड और फिएट क्राइस्लर के श्रमिकों का भी साथ मिला।



### लाभ में हिस्सेदारी की पेशकश

कंपनी ने ऊंची लाभ हिस्सेदारी की भी पेशकश की है। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य लाभ और सुधार लाने के बाद प्रत्येक श्रमिक को 8,000 डॉलर का मेहनताना देने का भी प्रस्ताव है।

### सात अरब डालर निवेश का प्रस्ताव

हालांकि, जनरल मोटर्स का कहना है कि उसने वेतन वृद्धि और अमेरिकी कारखानों में सात अरब डॉलर के निवेश का प्रस्ताव रखा है। इससे 5,400 नई नौकरियां पैदा होंगी, इसमें से कुछ को मौजूदा कर्मियों से ही भरा जाएगा। जनरल मोटर्स ने इसके लिए कोई स्पष्ट संख्या नहीं बतायी।

### डेट्रॉएट की सीमा के बीच संयंत्र फैला है

हैमट्रामैक नाम के छोटे से शहर और डेट्रॉएट की सीमा के बीच फैले कारखाने पर रविवार रात को जनरल मोटर्स के श्रमिकों ने एरामार्क के हड़ताली चौकीदारों (जेनिटर्स) के साथ मिलकर प्रदर्शन किया। पैटी थॉमस नाम की एक श्रमिक ने बताया कि उन्हें हड़ताल में शामिल नहीं होना था लेकिन वह इसमें शामिल हुई हैं।

### कंपनी संयंत्र बंद करना चाहती है

इस संयत्र को जनरल मोटर्स बंद करना चाहती है। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा सुनने को मिला है कि जनरल मोटर्स इस कारखाने को खुला रख सकती है और यहां इलेक्ट्रिक मालवाहन ट्रक बनाना शुरू कर सकता है लेकिन उन्हें संशय है। उन्होंने कहा कि वह क्या लेना चाहते हैं? यह एक बड़ा मुद्दा है।

## खबर संक्षेप

### कच्चातेल वायदा की कीमतों में 9 रु. की तेजी


**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों से सटोरियों की लिवाली के चलते सोमवार को कच्चे तेल का वायदा भाव 9.14 प्रतिशत बढ़कर 4,273 रुपए प्रति बैरल पर पहुंच गया।



बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से मुख्यतः कच्चातेल वायदा कीमतों में तेजी आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल की सितंबर माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 358 रुपए या 9.14 प्रतिशत के उछाल के साथ 4,273 रुपए प्रति बैरल हो गई।

### कच्चे तेल के दाम में तेजी से डूबा शेयर बाजार

**मुंबई।** बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का सेंसेक्स सोमवार को करीब 262 अंक टूटकर 37,123.31 अंक पर बंद हुआ। सऊदी अरब के सबसे बड़े तेल संयंत्र पर ड्रोन हमले के बाद कच्चे तेल के दाम में उछाल को देखते हुए निवेशकों की घबराहट में की गई



बिकवाली से बाजार में गिरावट आई। बीएसई का तीस शेयरों वाला सेंसेक्स 261.68 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 37,123.31 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 79.80 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 10,996.10 अंक पर बंद हुआ।

### कॉग्निजेंट के पूर्व सीओओ पर 35 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** अमेरिकी पूंजी बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने कॉग्निजेंट के पूर्व परिचालन अधिकारी (सीओओ) श्रीधर तिरुवेंगदम को एक भारतीय अधिकारी को घूस देने के मामले में 50,000 डॉलर



(करीब 35 लाख रुपए) का जुर्माना भरने का निर्देश दिया है। एसईसी के आदेश के मुताबिक , कॉग्निजेंट टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस कॉरपोरेशन के तत्कालीन सीओओ तिरुवेंगदम कॉग्निजेंट के तीन अधिकारियों के साथ मिलकर कंपनी की ओर से भारत में एक सरकारी अधिकारी को 20 लाख डॉलर की घूस देने की योजना में शामिल थे।

### टाटा पावर ने पोखरण में चालू की परियोजना

**नई दिल्ली।** टाटा पावर की अनुषंगी टाटा पावर रिन्यूबल एनर्जी लि. (टीपीआरईएल) ने राजस्थान के पोखरण में 150 मेगावाट क्षमता की परियोजना चालू की है। टाटा पावर ने कहा कि इसके साथ



टीपीआरईएल की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 2,628 मेगावाट हो गयी है। बयान के मुताबिक, 'टाटा पावर रिन्यूबल एनर्जी लि. ने राजस्थान में पोखरण तहसील के गांव छायन में 150 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजना चालू की है।'

### पी-नोट्स निवेश में जून से गिरावट जारी

**नई दिल्ली।** देश के पूंजी बाजार में पार्टिसिपेटरी नोट्स (पी-नोट्स) के जरिए होने वाले निवेश में अगस्त में लगातार गिरावट दर्ज की गई। अगस्त अंत तक यह 79,088 करोड़ रुपए रह गया। पी-नोट्स से होने वाले निवेश में जून से गिरावट जारी है। जबकि मई महीने में अप्रैल के मुकाबले बढ़ोत्तरी



दर्ज की गई। पी-नोट्स को पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा जारी किए जाता है। इसके जरिए ऐसे विदेशी निवेशक भारतीय पूंजी बाजार में निवेश करते हैं जो प्रत्यक्ष तौर पर भारतीय शेयर बाजार की नियामकीय बाध्यताएं पूरी किए बगैर यहां निवेश करना चाहते हैं।

## उद्योग के प्रमुखों से भारत में निवेश करने का आग्रह

# इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल कंपनियां भारत में विनिर्माण बढ़ाए : प्रसाद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल उद्योग के प्रमुखों से भारत में निवेश बढ़ाने के साथ विनिर्माण में तेजी लाने का आह्वान किया। उसने साथ ही जोर देकर कहा कि वैश्विक स्तर पर उठा-पटक के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था के बुनियादी कारक मजबूत हैं। एप्पल, डेल, ओप्पो और सैमसंग जैसी प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और प्रमुखों को संबोधित करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने भारत को विनिर्माण के लिहाज से वैश्विक केंद्र बनाने की पुरजोर वकालत की और देश के प्रति अधिक प्रतिबद्धता जताने का आग्रह किया।

- भारत में अर्थव्यवस्था के बुनियादी कारक मजबूत

### खास बातें

- विनिर्माण के लिहाज से वैश्विक केंद्र बनाने की वकालत
- चिकित्सा और रोबोटिक्स क्षेत्र में निवेश बढ़ाने का आग्रह



### भारत इलेक्ट्रॉनिक्स का एक बड़ा बाजार

प्रसाद ने कहा कि सरकार देश को 5जी ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था, पेटेंट सृजन और शोध तथा विकास गतिविधियों के मामले में एक बड़े केंद्र के रूप में उभरते हुए देखने को लेकर गंभीर है। मंत्री ने कहा, भारत को रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक्स के रूप में एक प्रमुख देश के रूप में उभरना है। भारत सौर, वाहन और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए एक बड़ा बाजार है। मैं आपसे सुनना चाहूंगा कि इसे किस प्रकार आगे बढ़ाया जा सकता है।

### अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत

प्रसाद ने कहा, वैश्विक स्तर पर उठा-पटक के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत है, चाहे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) हो या विदेशी मुद्रा भंडार- सभी चीजें हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती को अभिव्यक्त करती हैं।

### निवेश बढ़ाने भारत बना रहा नीतियां

मंत्री ने सरकार के वृद्धि और निवेश को बढ़ावा देने वाली नीतियों का जिक्र किया। उन्होंने भारतीय बाजार में मजबूती, प्रतिभावान कार्यबल और डिजिटल प्रारूप का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और निर्यात को लेकर आकांक्षा अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं है।

### चिकित्सा इलेक्ट्रानिक्स का बड़ा मार्केट

भारत में चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए भी काफी संभावना है। उन्होंने उद्योग को सरकार की तरफ से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने अपने मंत्रालय को कार्यबल के रूप में एक संस्थागत व्यवस्था स्थापित करने का निर्देश दिया। यह कार्यबल उद्योग से नियमित तौर पर बातचीत करेगा और उनके सुझावों को लेगा तथा उनकी चिंताओं को दूर करेगा।

### भारत चाह रहा अवसर का लाभ उठाना

यह बैठक ऐसे समय हुई है जब भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के लिये स्वयं को अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रहा है और अमेरिका तथा चीन के बीच व्यापार युद्ध के कारण जो स्थिति बनी है, उस अवसर का लाभ उठाना चाह रहा है।

### बंद कमरे में हुई बैठक

बंद कमरे में हुई बैठक में मोबाइल हैंडसेट, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक्स, चिकित्सा उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवाएं, कल-पुर्जे, दूरसंचार और एलईडी लाइटिंग समेत अन्य क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में एप्पल, सैमसंग, शियोमी, विवो, ओप्पो, क्वालकॉम, डेल, एचपी, सिसको, फाक्सकॉन, नोकिया, एलजी, पैनासोनिक, इंटेल जेसी कंपनियों के शामिल हुईं।

# सऊदी अरब भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति बनाए रखेगा

## सऊदी अरामको के अधिकारियों ने दिलाया भरोसा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सऊदी अरब का कच्चा तेल उत्पादन घटने से भारत को आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता है। सऊदी अरब भारत का दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा, 'सऊदी अरामको के अधिकारियों ने 15 सितंबर को भारतीय रिफाइनरी कंपनियों को सूचित किया है कि उनके लिए आपूर्ति में किसी तरह की कमी नहीं होने दी जाएगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय भारतीय रिफाइनरी कंपनियों तथा सऊदी अरामको के साथ स्थिति पर निगाह रखे हुए है।'

- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता

सऊदी अरब की कंपनी अरामको द्वारा परिचालित दुनिया के सबसे बड़े कच्चा तेल प्रसंस्करण कारखाने में ड्रोन हमले के बाद हुये नुकसान के समाचारों से कच्चे तेल के दाम अपने चार माह के उच्चस्तर पर पहुंच गए हैं। इस हमले से सऊदी अरब का आधा उत्पादन प्रभावित हुआ है। इससे दुनिया में करीब पांच प्रतिशत आपूर्ति बाधित हुई है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का 83 प्रतिशत आयात करता है। इराक के बाद भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता सऊदी अरब है। वित्त वर्ष 2018-19 में सऊदी अरब ने भारत को 4.03 करोड़ टन कच्चा तेल बेचा।

### कच्चे तेल के दाम में भारी उछाल

वित्त वर्ष के दौरान भारत का कच्चे तेल का आयात 20.73 करोड़ टन रहा। कच्चे तेल के दाम में भारी उछाल आया। ब्रेंट कच्चा तेल 19.5 प्रतिशत बढ़कर 71.95 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। कच्चे तेल का वायदा 1988 में शुरू हुआ था। उसके बाद से डॉलर मूल्य के लिहाज से यह सबसे बड़ी वृद्धि हुई है।

# कमजोर रुपया, कच्चे तेल के ऊंचे दाम से सोना 460 रुपए उछला



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कच्चे तेल के दाम बढ़ने तथा रुपया कमजोर पड़ने से निवेशकों ने सराफा बाजार का रुख किया जिससे दिल्ली सराफा बाजार में सोने की कीमत 460 रुपए बढ़कर 38,860 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, यहां सराफा बाजार में 24 कैरेट वाले सोने की कीमत तेजी के साथ 38,860 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई जो शनिवार को 38,400 रुपए पर थी। सोने की तरह चांदी के दाम में भी तेजी आई। चांदी का भाव 172 रुपए की बढ़त के साथ 48,400 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

- सोना घटकर 38,860 रु. प्रति दस ग्राम

### निवेशकों ने सराफा की ओर रुख

पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनावों के बीच निवेशकों ने सराफा बाजार का रुख किया जिससे सोने की कीमत में तेजी आई। सोमवार को आरंभिक कारोबार के दौरान रुपया 68 पैसे लुढ़ककर 71.60 रुपए प्रति डॉलर रह गया।

चांदी की कीमत भी 1,096 रुपए की तेजी के साथ 47,957 रुपए प्रति किग्रा पर बंद हुई। पिछले दिन के कारोबार में चांदी 46,861 रुपए प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोने की कीमत लाभ दर्शाती 1,504 डॉलर प्रति औंस और चांदी भी तेजी के साथ 17.87 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई थी।

# अयाना कोहली द्वारा लिखित पुस्तक "इन द टाइम्स ऑफ़ आर्टिकल 370" की समीक्षा

**नई इिल्ली।** इन द टाइम्स ऑफ आर्टिकल 370 हालांकि एक कथा है लेकिन वास्तव में एक सिपाही की सच्ची कहानी प्रतीत होती है और युवा लेखक, अयाना कोहली द्वारा बहुत गंभीरता और संजीदगी द्वारा प्रस्तुत की गयी है । यह एक युवा अधिकारी राम की कहानी है, जो जम्मू और कश्मीर में सेवा करने जाते हैं, जब धारा 370 लागू थी। कहानी धारा 370 के उन्मूलन से पहले जम्मू-कश्मीर में स्थिति के एक क्रॉस सेक्शन का खुलासा करती है। पहले एपिसोड में, यह दर्शाया गया है कि कैसे युवा कश्मीरी लड़कों को आतंकवाद में मजबूर किया जाता है और लालच दिया जाता है, फिर भी सुरक्षा बल उनमें से एक को बचा लेते हैं, जो बाद में प्रादेशिक सेना में शामिल हो जाता है । यह बताता है कि पाकिस्तान विभिन्न स्तरों पर अपने आतंकवाद मॉडल को कैसे संचालित करता है, जिससे लेखक के शब्दों में हाइब्रिड युद्ध का नाम दिया गया है। एक युवा लड़की शबनम का आतंकवादी ने अपहरण कर लिया था और उसकी मौत हो गई जब आतंकवादी जमील उसके साथ एक नाले में कूद गया जब सुरक्षा बलों ने उसे घेरा। पेड़ के तने से टकराने से लड़की की मौत हो गई, लेकिन अधिकारी पर उसे मारने का इल्जाम लगाया गया, इससे पता चलता है कि कैसे जम्मू-कश्मीर में सेना और सुरक्षा बलों को स्थानीय मीडिया के साथ मिलकर पाकिस्तान द्वारा रची गई साजिश के रूप में बदनाम किया जा रहा था हालांकि, वास्तव में लोग सेना को अपना रक्षक मानते थे। मस्जिद और घर को जोड़ने के लिए एक सुरंग का निर्माण किया गया था ताकि आतंकवादी सुरक्षा बलों से बच सकें, ये जानते हुए की सुरक्षा बल मस्जिद को नहीं छुएंगे, यह दर्शाता है कि हमारे सुरक्षा बलों के हाथ कैसे बंधे हुए हैं, जिनका फिर से पाकिस्तान के आतंकवादियों द्वारा शोषण किया जा रहा है।

# एडिडास ने अपनी महिला एथलीटों की कहानियों से लोगों में निजी अभिव्यक्ति का भरा जोश

**नई दिल्ली।** पूरी दुनिया में स्पोर्ट्सवियर के सबसे नामी ब्राण्ड एडिडास ने एक नई एथलेटिक्स फ्रेंचाइजी वीआरसीटी जैकेट लांच किया है जो व्यक्तित्व और निजी अभिव्यक्ति का शानदार कैनवस है।

एडिडास के प्रोडक्ट उच्च प्रदर्शन के लिए मशहूर हैं और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीट एडिडास पहनते हैं। ब्राण्ड एडिडास के कैम्पेन किसी संस्कृति और स्टीरियोटाइप्स की सभी सीमाओं से परे हैं।

यह जैकेट एथलीट के साथ-साथ क्रिएटरों को उनके व्यक्तित्व के प्रति नया उत्साह भर देगा। इसके साथ एक बैज भी है जिसे अपनी पसंद से निजी अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया जा सकता है। इसके जरिये आप दुनिया को अपनी आस्था का प्रतीक दिखा सकते हैं। पूरी दुनिया में हाई स्कूल और कालेज के विद्यार्थी बैज पहनते हैं। यह स्कूल के प्रतिनिधित्व और टीम के गौरव का प्रतीक होता है। इसलिए यह जैकेट आपके व्यक्तित्व और सफलता को बखूबी दर्शायेगा।

कैम्पेन को लोकप्रिय बनाने और निजी अभिव्यक्ति को नई ऊंचाई देने के लिए एडिडास के कैंपेन की मुख्य आवाज हेप्टाथेलीट स्वप्ना बर्मन, स्क्वाश खिलाड़ी दीपिका पलीकल, मुक्केबाज सिमरनजीत कौर और धाविका हिमा दास जैसी खिलाड़ी बन सकती हैं। वीआरसीटी जैकेट के लांच पर स्वप्ना दीपिका और सिमरनजीत पैनल डिस्कशन में महत्वपूर्ण भूमिका में दिखीं।

# एअर इंडिया एसेट होल्डिंग्स ने बॉड से जुटाए 7,000 करोड़ रु.

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया एसेट होल्डिंग्स लिमिटेड (एआईएएचएल) ने बॉड जारी करके 7,000 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाई है। इस बॉड पेशकश को पूर्ण अभिदान मिला। एअर इंडिया एसेट होल्डिंग्स लिमिटेड , एअर इंडिया की विशेष उद्देश्य इकाई है। एआईएएचएल की ओर से बॉड जारी करके जुटाई गई पूंजी से एअर इंडिया का कर्ज चुकाया



जाएगा। यह एअर इंडिया के बही खाते को दुरुस्त करने के प्रयासों का हिस्सा है। एअर इंडिया पर 58,000 करोड़ रुपए से ज्यादा कर्ज है।

### कंपनी को 20,830 करोड़ रु. की बोली मिली

प्रवक्ता ने कहा , कंपनी को 20,830 करोड़ रुपए की बोली मिली है। बंबई शेयर बाजार के इतिहास में प्रतिफल आधारित बांड के लिए मिली यह अब तक की सबसे बड़ी बोली है। कंपनी ने बॉड पेशकश से प्राप्त पूरी 7,000 करोड़ रुपए की राशि स्वीकार करने का फैसला किया है।

# अगस्त में नहीं बढ़े फल-सब्जियों के दाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अगस्त महीने में बिना किसी बदलाव के 1.08 प्रतिशत पर स्थिर रही है। इससे भारतीय रिजर्व बैंक की अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दरों में कटौती की उम्मीद और मजबूत हुई है।

यद्यपि रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक समीक्षा के वक्त उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति को ही तव्वजो देता है। विशेषज्ञों के अनुसार हालांकि, मुख्य मुद्रास्फीति में गिरावट से नीतिगत दरों में कटौती की बात और मजबूत हुई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार खाने-पीने की कुछ वस्तुओं का महंगे होना बेअसर रहा क्योंकि अगस्त के दौरान विनिर्मित वस्तुओं के दाम में स्थिरता रही। अगस्त में थोक मूल्य सचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर जुलाई के समान ही 1.08 प्रतिशत रही। हालांकि, एक साल पहले अगस्त 2018 में यह 4.62 प्रतिशत थी। खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर अगस्त में बढ़कर 7.67 प्रतिशत पहुंच गयी जो इस साल जुलाई में 6.15 प्रतिशत थी। मुख्य रूप से सब्जी और अंडा, मांस जैसे अधिक प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने से खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर बढ़ी है।

- थोक मुद्रास्फीति 1.08 प्रतिशत पर अपरिवर्तित

### अधिक प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थ महंगे हुए

सब्जियों की महंगाई दर भी आलोच्य महीने में बढ़कर 13.07 प्रतिशत पर पहुंच गई जो इससे पूर्व इसी वर्ष जुलाई में 10.67 प्रतिशत थी। अधिक प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति अगस्त महीने में बढ़कर 6.60 प्रतिशत पर पहुंच गयी जो जुलाई में 3.16 प्रतिशत थी।

## 20 सितंबर को जीएसटी काउंसिल में होगा फैसला

# सोने का ट्रांसपोर्टेशन भी आ सकता है ई-वे बिल के दायरे में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

20 सितंबर को जीएसटी काउंसिल की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में सरकार बड़े फैसले ले सकती है। इनमें एक बड़ा फैसला यह है कि सोने के ट्रांसपोर्टेशन पर ई-वे बिल लागू किया जा सकता है। गोल्ड ट्रांसपोर्ट पर सरकार ई-वे बिल लागू कर सकती है। अभी तक सोने को एक राज्य से दूसरे राज्य में लाने-जाने पर ई-वे बिल नहीं लगता है। जानकारों का मानना है कि सुरक्षा कारणों के चलते सोने पर ई-वे बिल नहीं लगता है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) ने भी सोने के ट्रांसपोर्टेशन को ई-वे बिल के दायरे में लाने की मांग की है।

- अभी एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाने पर ई-वे बिल नहीं लगता



### सोने के सबसे ज्यादा कारीगर बंगाल में

परेशानियों के बारे में उन्होंने बताया कि सोने कारोबार में 60 लाख से अधिक कारीगर हैं। सबसे ज्यादा काम बंगाल में होता है। सोने के आभूषण बनाने वाले ज्यादातर कारीगर शिक्षत नहीं हैं, इसलिए उन्हें ई-वे बिल के बारे में समझाना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

### ई-वे बिल पर कुछ राज्यों को ऐतराज

हालांकि कुछ राज्यों ने इस प्रस्ताव पर ऐतराज भी जताई है। लेकिन सरकार का मानना है कि सोने के कारोबार में पारदर्शिता लाने के लिए यह बहुत जरूरी कदम है। सरकार का तर्क है कि ई-वे बिल के दायरे में आने से सोने के कारोबार के सही-सही आंकड़े इकट्ठा करने में मदद मिलेगी।

### हो सकता है बड़ा फैसला

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के सचिव सुरेंद्र मेहता ने बताया कि 20 सितंबर को होने जा रही जीएसटी काउंसिल की बैठक में सोने को ई-वे बिल के दायरे में लाने के संबंध में बड़ा फैसला हो सकता है।

### कारोबार में पारदर्शिता बढ़ेगी

ई-वे बिल के दायरे में आने से सोने के कारोबार और सोने की कीमतों पर पड़ने वाले सवाल पर सुरेंद्र मेहता ने बताया कि निश्चित ही ई-वे बिल के दायरे में आने से सोने के कारोबार में पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि सोने का एक बड़ा कारोबार नकद होता है। और ई-वे लागू होने से कैश में होने वाला सोना का कारोबार खत्म हो जाएगा।

### सभी लेनदेन का रिकॉर्ड होगा

सोने में कैश का कारोबार करने वालों को प्रति तोला 1000-1500 रुपए का फायदा होता है। इसलिए ई-वे बिल लागू होने से सभी लेनदेन का रिकॉर्ड होगा और इसका असर सोने की कीमतों पर देखने को मिलेगा।

## खबर संक्षेप



### बांग्लादेश ने सरकार को टीम से बाहर किया

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सोमवार को शीर्ष क्रम के बल्लेबाज सौम्य सरकार को बाहर कर स्वदेश में खेली जा रही मौजूदा टी20 श्रृंखला के लिए तीन नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। तीन देशों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले दो मैचों में बांग्लादेश के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। तीसरे और चौथे मुकाबले के लिए बल्लेबाज मोहम्मद नईम, अमिनुल इस्लाम और नजमुल हुसैन को टीम में शामिल किया गया है।

### बीसीसीआई ने कार्तिक की माफी स्वीकार की

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने केन्द्रीय अनुबंध का उपबंध तोड़ने के मामले में भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश



कार्तिक की बिना शर्त मांगी गई माफी को स्वीकर कर लिया जिससे इस मामले का पटाक्षेप हो गया। कार्तिक ने शाहरूख खान की ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स के ड्रेसिंग रूम से कैरेबियाई प्रीमियर लीग का मैच देखकर बीसीसीआई के केंद्रीय उपबंध का उल्लंघन किया था। कार्तिक ने बीसीसीआई से नोटिस मिलने के बाद बिना 'शर्त माफी' मांगी थी। कार्तिक आईपीएल की कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के कप्तान हैं। वह ड्रेसिंग रूम में ट्रिनबैगो की जर्सी में मैच देखते नजर आए।

### जांच के दायरे में आ सकते हैं दो कोच

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि कुछ प्रथम श्रेणी क्रिकेटर और कुछ कोच संदिग्ध मैच फिक्सिंग के लिए बीसीसीआई की भ्रष्टचार रोधी इकाई की जांच के दायरे में आ सकते हैं। बीसीसीआई की एसीयू के प्रमुख अजीत सिंह ने हालांकि किसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के संदिग्ध होने की संभावना को खारिज कर दिया है। तमिलनाडु क्रिकेट संघ ने 2016 में टीएनपीएल की शुरुआत की थी और इसमें आठ फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा लेती हैं।

### दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में गिल के प्रदर्शन पर नजर

**मैसुरु।** भारत ए और दक्षिण अफ्रीका ए के बीच मंगलवार से खेले जाने वाले दूसरे और आखिरी अनौपचारिक टेस्ट मैच में एक बार फिर नजरें युवा शुभमन गिल के प्रदर्शन पर टिकी होंगी। भारत ए ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ अब तक दमदार प्रदर्शन किया है। टीम ने पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 4-1 से जीतने के बाद दो अनौपचारिक टेस्ट मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला सात विकेट से अपने नाम किया। भारत ए की कोशिश दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ एक और जीत के साथ अपने अभियान को खत्म करने की होगी।



### हार के बावजूद टिम पेन को आस्ट्रेलियाई टीम पर गर्व



**लंदन।** आस्ट्रेलिया के कप्तान टिम पेन ने कहा है कि पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ हार और श्रृंखला 2-2 से ड्रा होने के बावजूद उनका मिशन पूरा हुआ। पेन ने कहा कि आस्ट्रेलिया ने एशेज बरकरार रखने का अपना मुख्य लक्ष्य हासिल कर लिया। आस्ट्रेलिया ने एजबस्टन और ओल्ड ट्रैफर्ड में जीत दर्ज की जबकि हेडिंग्ले में बेन स्टोक्स की शानदार पारी से उसे हार का सामना करना पड़ा।




**क्रिकेट : मौजूदा सत्र के टी20 क्रिकेट में दोनों खिलाड़ियों को नहीं मिला मौका**

# कुलदीप और चहल की टी-20 प्रारूप में अनदेखी होगी जल्दबाजी: विशेषज्ञ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को भले ही मौजूदा सत्र में टी20 क्रिकेट में राष्ट्रीय टीम के साथ मौका नहीं मिला हो लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि अगले साल होने वाले विश्व कप से पूर्व खेल के सबसे छोटे प्रारूप में इन्हें चुका हुआ मानना जल्दबाजी होगी।

■ चाहर और सुंदर जैसे खिलाड़ियों का आजमा रहे : कप्तान कोहली

पिछले 24 महीनों में प्रभावी प्रदर्शन से सीमित ओवरों की टीम में जगह पक्की करने वाले कुलदीप और चहल को लगातार दो टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं दी गई जिसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा घरेलू श्रृंखला भी शामिल है।

धर्मशाला में पहले टी20 से पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने कहा था कि वे राहुल चाहर और वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों का आजमा रहे हैं क्योंकि वे बल्लेबाजी में अधिक गहराई और लगातार 200 से अधिक का स्कोर बनाना चाहते हैं। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कुलदीप और चहल को बाहर रखने के फैसले के संदर्भ में कहा, 'इसके पीछे विचार यह है कि अगर बल्लेबाजी में गहराई है तो आप निश्चित तरीके से बल्लेबाजी कर सकते हैं। लेकिन इस तरह की गहराई के साथ आप पारंपरिक तरीके से नहीं खेल सकते। इंग्लैंड ने ऐसा ही किया। उन्होंने बल्लेबाजी में गहराई पर ध्यान केंद्रित किया क्योंकि वे 400 रन (एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में) बनाना चाहते थे और उन्होंने कई बार इसे हासिल किया।'




### आक्रामक रवैया अपना रहा भारत



चोपड़ा ने कहा, 'ऐसा लगता है कि भारत टी20 में इसी तरह का आक्रामक रवैया अपनाना चाहता है और इसमें कुछ भी गलत नहीं है। अब उन्हें लगातार 220 रन बनाने की इच्छाशक्ति दिखानी होगी। आठवें, नौवें और 10वें नंबर तक बल्लेबाजी काफी महत्वाकांक्षी है (क्योंकि शायद 20 ओवर के मैच में आपको इसकी जरूरत ही नहीं पड़े) लेकिन अगर आप 220 रन बनाने का प्रयास कर रहे हैं तो ठीक है।'

### चहल जल्द ही टी20 में करेंगे वापसी

चोपड़ा का मानना है कि अगर कोई टीम विकेट चटकाने की अपनी क्षमता के साथ समझौता करना चाहती है तो उसे अधिक रन बनाने होंगे।इस पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज का मानना है कि चहल जल्द ही टी20 में वापसी करेंगे। चहल फिलहाल सिर्फ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं जबकि कुलदीप 50 ओवर के प्रारूप और टेस्ट मैच दोनों टीमों में शामिल हैं लेकिन अंतिम एकादश में उनका खेलना तय नहीं है। चोपड़ा ने कहा, 'चहल वापसी करेगा। राहुल चाहर गेंदबाज हैं और आठवें नंबर पर शायद वाशिंगटन सुंदर की बल्लेबाजी की जरूरत ही ना पड़े।'

### स्पिनरों के मन में भ्रम : स्पिन कोच सुनील जोशी

पूर्व भारतीय स्पिनर और अब जाने माने स्पिन कोच सुनील जोशी ने युवाओं को आजमाने के कदम का स्वागत किया लेकिन साथ ही चेताया कि ऐसी स्थिति स्पिनरों के मन में भ्रम पैदा कर सकती है। जोशी ने कहा, 'मैं सुझाव दूंगा कि कुलदीप और चहल जब राष्ट्रीय टीम का हिस्सा नहीं हों तो घरेलू क्रिकेट खेलें। यहां अंगुली के स्पिनर या कलाई के स्पिनर का सवाल नहीं है। यह बल्लेबाजों को छकाने की रणनीति है। देखते हैं कि युवा स्पिनर कैसा करते हैं और उन्हें पर्याप्त मौके दिए जाने चाहिए लेकिन साथ ही अगर चहल और कुलदीप सिर्फ एक प्रारूप में खेलते हैं तो उनकी लय बिगड़ सकती है। सफेद गेंद का क्रिकेट पूरी तरह से लय पर निर्भर है।'

### सुमित नागल करियर की सर्वश्रेष्ठ 159वीं रैंकिंग पर

**नई दिल्ली।** अच्छी फार्म में चल रहे भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल ने एटीपी की नवीनतम रैंकिंग में सोमवार को करियर के सर्वश्रेष्ठ 159वीं रैंकिग हासिल की। हरियाणा का 22 साल का यह खिलाड़ी यूएस ओपन के पहले दौर में बाहर होने के बाद बंजा लुका एटीपी चैलेंजर में उपविजेता रहा था। इससे पहले पिछली रैंकिंग में भी नागल ने 16 स्थान का सुधार किया था। यूएस ओपन में नागल ने स्विट्जरलैंड के महान खिलाड़ी रोजर फेडरर के खिलाफ पहले दौर में पहला सेट जीत लिया था लेकिन उन्हें 6-4, 1-6, 2-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा था। इस बीच प्रजनेश गुणेश्वरन शीर्ष 100 में बरकरार इकलौते भारतीय है। वह तीन स्थान के सुधार के साथ 82वें पायदान पर पहुंच गये हैं। रामकुमार रामनाथन तीन स्थान के नुकसान से 179वें पायदान पर हैं। युगल में रोहन बोपन्ना और दिविज शरण क्रमशः 43वें और 49वें स्थान पर बने हुए है। जबकि लिएंडर पेस एक स्थान के सुधार के साथ 78वें पायदान पर है। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में अंकिता रैना 191वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय हैं। प्रांजला यादलापल्ली 338वें स्थान पर है।


# कड़े मुकाबले में वर्ल्ड नंबर-2 पहलवान से हारे गुरप्रीत सिंह

एजेंसी ▶▶ नूर सुल्तान

भारत के गुरप्रीत सिंह को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद सोमवार को यहां विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के करीबी मुकाबले में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी विक्टर नेमेस से हार का सामना करना पड़ा।

■ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप

गुरप्रीत ने 77 किग्रा वर्ग के मुकाबले में 2017 के विश्व चैंपियनशिप के खिलाफ 1-0 से बढ़त बनाई जब सर्बियाई पहलवान को अधिक रक्षात्मक रवैया अपनाने के लिए एक अंक की पेनल्टी दी गई। पहले पीरियड के बाद गुरप्रीत 1-0 से आगे थे। दूसरे पीरियड में गुरप्रीत ने अधिक रक्षात्मक रवैया अपनाने के कारण अंक गंवाया। विक्टर ने इस बीच गुरप्रीत को मैट से बाहर करने का प्रयास किया लेकिन सर्कल के किनारे पर संतुलन गंवा बैठे और भारतीय पहलवान के साथ गिर गए लेकिन इसके बावजूद रैफरी ने सर्बिया के पहलवान को दो अंक दिए। भारतीय कोच हरगोविंद ने इस फैसले को चुनौती दी लेकिन फैसला उनके खिलाफ गया जिससे गुरप्रीत ने एक और अंक गंवाया। सर्बियाई पहलवान ने इसके बाद अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए अगले दौर में जगह बनाई। विक्टर को इसके बाद क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान के अशखत दिलमुखामेदोव के खिलाफ हार झेलनी पड़ी जिससे गुरप्रीत की रेपेचेज के जरिए पदक के लिए चुनौती पेश करने की उम्मीद भी टूट गई।



### बांग्लादेश ने की राष्ट्रमंडल खेलों में निशानेबाजी को शामिल करने की अपील

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश ने भी भारत और आस्ट्रेलिया का साथ देते हुए बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में निशानेबाजी को शामिल करने की अपील की है। बांग्लादेश के खेल मंत्री मोहम्मद जाहिद अहसान रसेल ने रविवार को ब्रिटेन के राष्ट्रमंडल खेलों, संयुक्त राष्ट्र और दक्षिण एशिया मामलों के राज्यमंत्री तारिक अहमद से इस मामले में 'निजी हस्तक्षेप' करने की अपील की है। रसेल ने अपने पत्र में लिखा है, 'आप इससे वाकिफ होंगे कि फुटबाल, क्रिकेट, तीरंदाजी और निशानेबाजी खेलों में अभी हमारी स्थिति अच्छी है। इस संबंध में मैं आपको निशानेबाजी और उसके बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2022 से बाहर किए जाने के प्रस्ताव को लेकर यह पत्र लिख रहा हूं।



## दिल्ली ने तेलुगु को हराया

**पुणे।** प्रो कबड्डी के 94वें मैच में दबंग दिल्ली ने तेलुगु टाइटंस को 37-29 से हरा दिया। अंक तालिका में उसने पहले स्थान पर अपनी स्थिति को और मजबूत कर लिया है। दबंग दिल्ली के नवीन 'एक्सप्रेस' ने अपना 15वां सुपर 10 पूरा किया और टीम की एक और जीत में अपना जबरदस्त योगदान दिया। तेलुगु टाइटंस की यह 15 मैचों में नौवीं हार है और वह अभी भी 11वें स्थान पर हैं। पहले हाफ के बाद दबंग दिल्ली की टीम 18-15 से आगे थी। वहीं, दूसरे हाफ में नवीन कुमार ने सीजन का एक और सुपर 10 पूरा किया एवं मैच में 12 अंक लेकर टीम को जीत दिलाई।

### यूपी योद्धा ने जयपुर पिंक पैंथर्स को हराया

**पुणे।** यूपी योद्धा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रो कबड्डी लीग में सोमवार को जयपुर पिंक पैंथर्स को 38-32 से हराया। रेडर्स सुरेंदर गिल (सात अंक), श्रीकांत जाधव (नौ अंक) और ऋषांक देवाडिगा (आठ अंक) ने यूपी की टीम से शानदार प्रदर्शन किया जिससे वह पहले सत्र की विजेता टीम पर जीत दर्ज करके अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचने में सफल रही। पिंक पैंथर्स की तरफ से दीपक हुड्डा ने सुपर 10 (सुपर टैकल सहित 13 अंक) ने अच्छा खेल दिखाया लेकिन उसके रेडर्स फिर से नाकाम रहे जिससे उसकी टीम को संघर्ष करना ड़ा।


# विश्व खिताब की कवायद में लगी विनेश को मुश्किल ड्रा

एजेंसी ▶▶ नूर सुल्तान

भारत की पदक के प्रबल दावेदार विनेश फोगाट को विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कड़ा ड्रा मिला है और उन्हें पहले दौर में ही ओलंपिक कांस्य पदक विजेता सोफिया मैटसन से भिड़ना होगा।

■ स्वर्ण जीतने शीर्ष पांच रैंकिंग की खिलाड़ियों को हराना होगा

विनेश ने विश्व चैंपियनशिप में छह बार की पदक विजेता सोफिया को पिछले महीने पोलैंड ओपन में हराया था लेकिन यहां पहले दौर में स्वीडन की इस दमदार प्रतिद्वंद्वी का सामना करना आसान नहीं होगा। यूरोपीय चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदक जीतने वाली 29 वर्षीय सोफिया भारतीय उम्मीदों की राह में बड़ा रोड़ा है। वह 55 किग्रा में विश्व में पांचवें नंबर पर हैं जो कि गैर ओलंपिक भार वर्ग है। विनेश 53 किग्रा में छठे नंबर पर हैं और अगर वह सोफिया को हराने में सफल रहती हैं तो उन्हें 55 किग्रा में विश्व में नंबर दो और मौजूदा विश्व चैंपियन मायु मुकैदा का सामना करना पड़ सकता है।



### विश्व कप 2019 बना सबसे अधिक देखा गया आईसीसी टूर्नामेंट

**दुबई।** पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2019 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का सबसे अधिक देखा जाने वाला टूर्नामेंट बन गया है जिसका सीधा प्रसारण वैश्विक स्तर पर कुल औसतन एक अरब 60 करोड़ लोगों ने देखा। आईसीसी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'डिजिटल मंच पर मैचों के सीधे प्रसारण के मामले में भारत शीर्ष पर रहा जिसमें हाटस्टार ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल के दौरान दो करोड़ 53 लाख दर्शकों के मैच लाइव देखने का रिकार्ड बनाया।'यह इतिहास का आईसीसी का सबसे विस्तार से उपलब्ध टूर्नामेंट भी रहा। आईसीसी के 25 प्रसारण साझेदारों ने 200 से अधिक क्षेत्रों में 20,000 से अधिक घंटों का सीधा प्रसारण, रिपीट और मुख्य अंश मुहैया कराए। विज्ञप्ति के अनुसार, 'इस प्रतियोगिता के दर्शकों में 2015 के सत्र की तुलना में 38 प्रतिशत इजाफा हुआ है।'

# सतीश कुमार, दुर्योधन नेगी विश्व चैंपियनशिप से बाहर

एजेंसी ▶▶ एकातेरिनबर्ग (रूस)

■ सतीश कुमार को अमेरिका के रिचर्ड टोरेज ने 0-5 से हराया

■ पहली बार चैम्पियनशिप में खेल रहे नेगी को जोर्डन के खिलाड़ी ने हराया

राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता सतीश कुमार (91 किग्रा से अधिक) और दुर्योधन सिंह नेगी (69 किग्रा) को सोमवार को यहां विश्व पुरूष मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के शुरू में ही हार का सामना करना पड़ा। नेगी को दूसरे दौर में जोर्डन के जायेद एहसास के खिलाफ धीमी शुरुआत का खामियाजा भुगतना पड़ा जबकि सतीश कुमार को अमेरिका के रिचर्ड टोरेज ने पहले दौर में 0-5 से हराया। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन नेगी पहली बार विश्व चैम्पियनशिप में खेल रहे थे। उन्हें 1-4 के खंडित फैसले से छठी वरीय मुक्केबाज से शिकस्त झेलनी पड़ी। मुकाबले के पहले दौर में एहसास पूरी तरह से नेगी पर हावी दिखे और उन्होंने भारतीय मुक्केबाज की डिफेंस को भेदने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। नेगी दूसरे दौर में वापसी की और विरोधी खिलाड़ी के शरीर पर कुछ अच्छे पंच लगाए लेकिन जोर्डन का यह खिलाड़ी गति और सटीकता के मामले में उनसे एक कदम आगे था। दोनों मुक्केबाज बार-बार एक दूसरे से उलझ जा रहे थे जिससे रेफरी ने कई बार एक दूसरे के शरीर से दूरी बनाने को कहा। एहसास को एक बार चेतावनी भी मिली। तीसरे दौर में नेगी ने आक्रामक रूख अपनाया और वापसी के लिए पूरा जोर लगाया लेकिन थकावट के बाद भी जोर्डन का खिलाड़ी अंतिम तीन मिनट में नेगी को रोकने में सफल रहा। शाम के सत्र में सतीश किसी भी समय टोरेज के खिलाफ लय हासिल नहीं कर पाए। यह मुकाबला धीमी गति से चला और दोनों मुक्केबाजों ने एक दूसरे को उलझाये रखा। टोरेज ने हालांकि अहम मौकों पर आक्रामक रवैया अपनाया और महत्वपूर्ण अंक बटोरे।

**10 लाख डालर इनामी चीन ओपन विश्व टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट आज से**

# विश्व चैंपियन सिंधू करेंगी भारतीय टीम की अगुवाई

एजेंसी ▶▶ चांग्झू (चीन)

विश्व चैंपियन पीवी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 10 लाख डालर इनामी चीन ओपन विश्व टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट में जब भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी तो उनकी नजरें एक बार फिर अपना दबदबा बनाकर खिताब जीतने पर टिकी होंगी।

दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने पिछले महीने स्विट्जरलैंड के बासेल में विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक का भारत का लंबा इंतजार खत्म किया। सिंधू ने विश्व चैंपियनशिप के लगातार तीसरे फाइनल में खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की थी। चीन ओपन 2016 की विजेता हैदराबाद की 24 साल की सिंधू अपने अभियान की शुरुआत चीन की ली शुररुई के खिलाफ करेंगी जो पूर्व ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी हैं। सिंधू ने 2012 में चीन ओपन में तत्कालीन ओलंपिक चैंपियन शुएरुई को हराकर सुर्खियां बटोरी थी।

चीन की दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी शुएरुई ने सिंधू के खिलाफ अब तक छह मुकाबलों में से तीन में जीत दर्ज की है जबकि तीन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।



### पुरुष अभियान की चमक फीकी

इस साल इंडोनेशिया मास्टर्स का खिताब जीतने वाली दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी साइना नेहवाल भी चोटों से उबरने के बाद अपनी छाप छोड़ने को बेताब होंगी। साइना को पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से भिड़ना है। पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय के हटने से भारतीय अभियान की चमक कुछ फीकी हुई है। विश्व चैंपियनशिप के दौरान श्रीकांत की घुटने की चोट उभर गई जबकि प्रणय को डेंगू है।

## जिम्नास्टिक विश्व चैंपियनशिप के लिए छह सदस्यीय भारतीय टीम का चयन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ 4 से 13 अक्टूबर के बीच जर्मनी में होगा प्रतियोगिता का आयोजन

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता आशीष कुमार सहित छह सदस्यीय भारतीय टीम चार से 13 अक्टूबर के बीच जर्मनी के स्टटगार्ट में होने वाली कलात्मक जिम्नास्टिक विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी।

भारतीय टीम का सोमवार को यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में ट्रायल के बाद चयन किया गया। एशियाई खेल 2010 में कांस्य पदक जीतने वाले रेलवे के आशीष के अलावा भारतीय पुरुष टीम में सेना के योगेश्वर सिंह और रेलवे के आदित्य सिंह राणा शामिल हैं। इस साल के शुरू में मंगोलिया में सीनियर एशियाई कलात्मक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में वॉल्ट में कांस्य पदक जीतने वाली प्रणति नायक भारतीय महिला टीम की अगुवाई करेंगी। उनके अलावा टीम में प्रणति दास और अरुणा बुद्धा रेड्डी को भी शामिल किया गया है। अरुणा ने विश्व कप जिम्नास्टिक 2018 में कांस्य पदक जीता था। चयन ट्रायल में 18 पुरुष और 12 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

## खबर संक्षेप

### भारत-थाइलैंड की सेनाओं के बीच मैत्री युद्धाभ्यास शुरू

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** भारत और थाइलैंड की सेनाओं के बीच मेघालय के उमरोई में सोमवार से संयुक्त युद्धाभ्यास मैत्री-2019 का आगाज हो गया है। सेना की जानकारी के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र के मेनडेट में इसका आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य दोनों सेनाओं को शहरी से लेकर जंगल के माहौल में काउंटर टेरेरिज्म ऑपरेशंस के दौरान मुकाबला करने का अभ्यास कराना है। इस अभ्यास की शुरुआत दोनों देशों की सेनाओं के बीच वर्ष 2006 से हो गई थी। मेघालय में करीब 14 दिनों तक यह चलेगा। इस दौरान भारत और थाइलैंड की सेनाएं काउंटर टेरेरिज्म ऑपरेशंस को लेकर अलग-अलग प्रकार से अपने अनुभवों को साझा करेंगी।

### डीआरडीओ ने नौसेना को सौंपा वॉरगेमिंग सॉफ्टवेयर

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** डीआरडीओ की राजधानी स्थित इंस्टीट्यूट फार सिस्टम्स स्टडीज एंड एनालिसिस (आईएसएसए) नामक प्रयोगशाला द्वारा नौसेना के लिए नई पीढ़ी का युद्ध अभ्यास करने के लिए एक वारगेमिंग सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक सोमवार को आईएसएसए में डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ.सतीश रेड्डी द्वारा इस नए सॉफ्टवेयर को उप-नौसनाप्रमुख वाइस एडमिरल जी.अशोक कुमार को सौंपा गया। इसकी मदद से नौसेना की समकालीन और रणनीतिक स्तर पर युद्ध से जुड़ी हुई आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। इस कार्य में डीआरडीओ को नौसेना के मेरीटाइम वायफेयर सेंटर (विशाखापट्टनम) का सहयोग प्राप्त हुआ है। यह सॉफ्टवेयर मेरीटाइम वायफेयर केंद्रों को नई तकनीक और कंमप्युटिंग टूल्स को सीखने में मदद प्रदान करेगा।

### इंडिगो की भारत-चीन के बीच उड़ान शुरू

**नई दिल्ली।** सस्ती विमान सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनी इंडिगो ने दिल्ली से चीन के चेंगदू शहर के बीच उड़ान शुरू की है। इंडिगो ने बयान में कहा कि कंपनी ने रविवार को दिल्ली - चेंगदू मार्ग पर पहली सीधी उड़ान का उद्घाटन किया। इसी के साथ चेंगदू इंडिगो का 19 वां अंतरराष्ट्रीय स्थल बन गया है। इंडिगो की उड़ान ने रविवार रात 10 बजे दिल्ली हवाई अड्डे से उड़ान भरी और सोमवार को सुबह 4 बजकर 55 मिनट (स्थानीय समय) पर चेंगदू हवाई अड्डा पहुंची।

### कश्मीर पर समर्थन मांग रहे पाक को मुस्लिम देशों ने दी नसीहत

# पीएम मोदी से तल्ख भाषा के इस्तेमाल पर लगाएं लगाम

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने से बौखलाए पाकिस्तान ने दुनियाभर के देशों का दरवाजा खटखटाया लेकिन उसे चीन के अलावा किसी प्रमुख देश का साथ तो नहीं मिला, अब मुस्लिम देशों ने उसे नसीहत जरूर दे दी। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे प्रभावशाली मुस्लिम देशों ने एक ओर पाकिस्तान को भारत के साथ बैकडोर डिप्लॉमसी चैनल ऐक्टिवेट करने की राय दी तो दूसरी ओर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान से कहा कि वह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तल्ख भाषा के इस्तेमाल पर लगाम लगाएं।

पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के मुताबिक, 3 सितंबर को सऊदी अरब के विदेश मंत्री आदिल अल जुबैर और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन अल नाहयान इस्लामाबाद दौरे पर अपने नेतृत्व और कुछ अन्य शक्तिशाली देशों की ओर से संदेश लेकर आए थे। उन्होंने पाकिस्तान से कहा कि वह भारत के साथ अनौपचारिक बातचीत करे। एक दिवसीय यात्रा पर उन्होंने प्रधानमंत्री इमरान खान, विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी और सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा से मुलाकात की।

#### किश्तवाड़ से कर्फ्यू हटा

प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख नेता गुलाम नबी गुंडाना को कर्फ्यू के बीच मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में उनके गृह नगर में दफनाया गया। हालांकि, गुंडाना को दफनाने के कुछ समय बाद ही कर्फ्यू हटा दिया गया, क्योंकि इस दौरान हालात एकदम शांतिपूर्ण थे और जमात-ए-इस्लामी के इस 70 वर्षीय नेता के अंतिम संस्कार के दौरान कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई।

#### बैकडोर डिप्लॉमसी की पेशकश

एक्सप्रेस ट्रिब्यून के एक अधिकारी ने बताया, 'बातचीत बेहद गोपनीय थी और विदेश मंत्रालय के केवल शीर्ष अधिकारियों को ही उन बैठकों में जाने दिया गया।' रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी अरब और यूएई के राजनयिकों ने यह इच्छा जताई है कि पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव कम करने के लिए वे भूमिका निभाना चाहते हैं। इनमें से एक प्रस्ताव दोनों देशों के बीच पर्दे के पीछे से बातचीत (बैकडोर डिप्लॉमसी) का भी था।

#### रिश्ते सुधारने में मदद के लिए पाक के सामने रखी शर्त

मध्यस्थों ने पाकिस्तान से पेशकश की कि वो कश्मीर में कुछ पाबंदियों में ढील देने के लिए वह भारत को राजी करने की कोशिश कर सकते हैं, बशर्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमले बंद किए जाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री इमरान खान से कहा कि वो पीएम मोदी के खिलाफ जुबानी हमले कम करें। हालांकि, पाकिस्तान ने उनके अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया और साफ किया कि वह भारत के साथ पारंपरिक कूटनीति तभी करेगा जब नई दिल्ली कुछ शर्तों पर राजी हो जाए। अखबार के मुताबिक, 'इन शर्तों में कश्मीर से कर्फ्यू तथा अन्य पाबंदियां हटाना शामिल हैं।'

#### उधर, पुंछ में पाक ने किया संघर्षविराम का उल्लंघन, चार सैनिक घायल

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा से लगे गांवों और अग्रिम चौकियों पर पाकिस्तान की सेना ने मोर्टार के गोले दागकर संघर्षविराम का उल्लंघन किया। इसमें सेना के चार जवान मामूली रूप से घायल हो गए। सेना के जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने रविवार देर रात करीब साढ़े दस बजे मेंधर सेक्टर के बालाकोट क्षेत्र में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू की और मोर्टार के गोले दागे। भारतीय सेना के जवानों ने इसका माकूल जवाब दिया।

### पाक के एक अधिकारी ने किया ऐलान

# 9 नवंबर से खोला जाएगा करतारपुर कॉरिडोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- अब तक कॉरिडोर पर 86 प्रतिशत काम हो चुका है पूरा
- पाकिस्तान सरकार करतारपुर कॉरिडोर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति से सुविधा शुल्क लेगी

भारतीय सिख तीर्थयात्रियों के लिए करतारपुर कॉरिडोर 9 नवंबर को खोला जाएगा। पाकिस्तान के एक अधिकारी ने इसका ऐलान किया। लाहौर से लगभग 125 किलोमीटर दूर नरोवाल में प्रस्तावित करतारपुर कॉरिडोर के लिए स्थानीय और विदेशी पत्रकारों की पहली यात्रा के दौरान इसकी घोषणा की गई।

परियोजना निदेशक आतिफ माजिद ने पत्रकारों को बताया कि अब तक कॉरिडोर पर 86 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और इसे 9 नवंबर को खोला जाएगा।

बता दें इससे पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता डॉक्टर मोहम्मद फैसल ने कहा था कि पाकिस्तान सरकार करतारपुर कॉरिडोर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति से सुविधा शुल्क लेगी। यह रकम 20 यूएस डॉलर के बराबर होगी। पाकिस्तान ने भारत के सामने पहले भी तीसरे चरण की बैठक के दौरान यह मांग रखी थी। पाकिस्तान ने साफ किया है कि यह सर्विस फीस होगा न कि प्रवेश शुल्क। माना जा रहा है कि यह सुविधा शुल्क पानी, दवाई और अन्य सुविधाओं के लिए ली जा रही है। पाकिस्तान श्रद्धालुओं के बीच बंटने वाले प्रसाद और लंगर के लिए भी जरूरी इंतजाम के लिए हाल ही में सहमत हुआ था। दोनों देश यात्रियों को सुरक्षित और सौहार्द्रपूर्ण माहौल मुहैया कराने पर दोनों देश सहमत हैं।

करतारपुर गलियारे को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तीसरे दौर की बातचीत के बाद पाकिस्तान ने साफ किया था कि वह बाबा गुरु नानक के प्रकाशोत्सव पर गलियारे को सिख तीर्थयात्रियों के लिए खोल देगा। साथ ही कहा है कि अपने 'पूरे न होने वालों कामों के लिए भारत खुद जिम्मेदार होगा।

# हिंद महासागर में घुसा चीनी युद्धपोत, नेवी सतर्क



- चीनी लड़ाकू पोत की तस्वीर पी-81 मेरीटाइम सर्विलांस एयरक्राफ्ट ने ली
- मलाक्का जलडमरू मध्य से होकर हिंद महासागर में घुसा चीनी पोत

**नई दिल्ली।** हिंद महासागर में चीन के बढ़ते दखल के बीच इंडियन नेवी ने भारतीय जलसीमा के नजदीक चीन के युद्ध पोत और पनडुब्बी का पता लगाया है। इंडियन नेवी के सर्विलांस एयरक्राफ्ट ने इस पेट्रोलिंग के दौरान चीनी युद्धपोत की तस्वीरें ली हैं। बता दें, भारतीय जल सीमा के पास से गुजरने वाले सभी व्यावसायिक और युद्ध पोतों की निगरानी भारतीय नेवी करती है। नेवी को चीनी एंफीबियस लड़ाकू पोत शियान और मिसाइल फ्रिगेट की तस्वीर हाथ लगी हैं। ये तस्वीर पी-81 मेरीटाइम सर्विलांस एयरक्राफ्ट ने ली हैं। तस्वीर काफी ऊंचाई से ली गई हैं जब एयरक्राफ्ट हिंद महासागर में पेट्रोलिंग पर तैनात था। हिंद महासागर में भारत का दबदबा है यहां प्रवेश करने वाले सभी पोतों पर भारतीय नेवी पैनी निगाह रखती है। नौसेना के पेट्रोलिंग विमान ने चीनी पोत के अलावा एक एटमी पनडुब्बी को भी ट्रैक किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मलाक्का जलडमरूमध्य (स्ट्रेट) के रास्ते हिंद महासागर में चीनी पोतों के घुसने के तुरंत बाद नेवी ने निगरानी बढ़ा दी और संबंधित रक्षा विभागों को सूचित कर दिया गया।

### सऊदी अरब की तेल कंपनी पर ड्रोन हमले

# ट्रंप ने चेताया- जवाब देने के लिए हमारा देश पूरी तरह से तैयार

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि सऊदी अरब की तेल कंपनी पर किए गए ड्रोन हमले का जवाब देने के लिए उनका देश पूरी तरह से तैयार है। गौरतलब है कि ट्रंप के इस बयान से एक दिन पहले अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार बताया था। इस हमले के कारण तेल की कीमत में तेजी से वृद्धि हुई। खाड़ी युद्ध के बाद तेल कीमतों में इतना उछाल पहली बार देखा गया है। शनिवार को हुए इन हमलों में सऊदी अरब की सरकारी तेल कंपनी अरामको के अब्कैक स्थित सबसे बड़े तेल शोधन संयंत्र और खुरैस स्थित तेल क्षेत्र को निशाना बनाया गया। ईरान ने इन हमलों में किसी भी प्रकार की संलिप्तता से इंकार किया है। इसकी जिम्मेदारी यमन में सक्रिय ईरान से जुड़े हुती विद्रोहियों ने ली है। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने बिना कोई साक्ष्य दिए हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार बताया। इसपर ईरान ने अमेरिका पर धोखा देने का आरोप लगाया।

#### सऊदी अरब ने भारत को कच्चा तेल आपूर्ति बनाए रखने का भरोसा दिया

सऊदी अरब का कच्चा तेल उत्पादन घटने से भारत को आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता है। सऊदी अरब भारत का दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि सऊदी अरामको के अधिकारियों ने 15 सितंबर को भारतीय रिफाइनरी कंपनियों को सूचित किया है कि उनके लिये आपूर्ति में किसी तरह की कमी नहीं होने दी जायेगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय भारतीय रिफाइनरी कंपनियों तथा सऊदी अरामको के साथ स्थिति पर निगाह रखे हुए है।

# अमेरिका में महिला ने नींद में निगली सगाई की अंगूठी



**वॉशिंगटन।** एक अमेरिकी महिला ने नींद में आए एक बुरे सपने के कारण अपनी सगाई की अंगूठी निगल ली। इसके बाद महिला को अस्पताल जाकर सर्जरी करानी पड़ी। महिला को सपना आया था कि वह और उसका मंगेतर तेज गति से चल रही एक ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं और इस दौरान कुछ बुरे लोगों से अगूंठी को बचाने के लिए उसने इसे निगल लिया। महिला के लिए बुरी बात यह हुई कि उसने सपने में ही नहीं, बल्कि हकीकत में ही अंगूठी निगल ली। कैलिफोर्निया निवासी 29 वर्षीय जेना इवांस जब इस बुरे सपने के बाद जगी तो उसने देखा कि उसकी हीरे की अंगूठी उसकी उंगली में नहीं थी। महिला ने कहा कि इस घटना के बारे में बताने के लिए उसने अपने मंगेतर को जगाया और इसके बाद दोनों अस्पताल पहुंचे। पिछले सप्ताह के अंत में यह घटना घटी। जब एक्स-रे स्कैन कराया गया तो इवांस के पेट में 2.4 कैरेट की अंगूठी होने की पुष्टि हुई।




# अपने ही पिता के बनाए कानून में फंसे फारूक अब्दुल्ला

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर



- जिस कानून के तहत गिरफ्तार हैं फारूक, वो उन्हीं के पिता ने 'लकड़ी चोरों' के लिए बनाया था

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से ही फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला , महबूबा मुफ्ती समेत राज्य के कई नेता नजरबंद हैं। लेकिन अब इन नेताओं को नजरबंद रखने के करीब एक महीने बाद फारूक अब्दुल्ला को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक फारूक अब्दुल्ला को सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया है। पीएसए कानून को 1978 में फारूक अब्दुल्ला के पिता शेख अब्दुल्ला ने ही लागू किया था। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री शेख अब्दुल्ला ने कभी नहीं सोचा होगा कि 1978 में उनके द्वारा लाए गए जन सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत एक दिन उनके बेटे फारूक अब्दुल्ला को ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस कानून को राज्य में लकड़ी की तस्करी से निपटने के लिये लागू किया गया था।

#### शेख अब्दुल्ला लाए थे ये कानून

अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि कठोर जन सुरक्षा कानून जम्मू-कश्मीर में लकड़ी की तस्करी को रोकने के लिये लागू किया गया था क्योंकि उस समय ऐसे अपराध में शामिल लोग मामूली हिरासत के बाद आसानी से छूट जाते थे। शेख अब्दुल्ला लकड़ी तस्करों के खिलाफ अधिनियम को एक निवारक के रूप में लाए थे जिसके तहत बिना किसी मुकदमे के दो साल तक जेल की सजा देने का प्रावधान किया गया। अधिकारियों ने कहा कि 1990 के दशक की शुरुआत में जब राज्य में उग्रवाद भड़का तो यह अधिनियम पुलिस और सुरक्षा बलों के काम आया। 1990 में तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने राज्य में विवादास्पद सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम को लागू किया तो बड़े पैमाने पर पीएसए का इस्तेमाल पर लोगों को पकड़ने के लिये किया गया।

#### चार दशक पुराने कानून के तहत लिया गया हिरासत में

पुलिस ने तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके और पांच बार के सांसद फारूक अब्दुल्ला को चार दशक पुराने इस कानून के तहत हिरासत में ले लिया। पीएसए के तहत हिरासत की एक आधिकारिक समिति द्वारा समय समय पर समीक्षा की जाती है और इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। 2012 में कानून में संशोधन कर कुछ कड़े प्रावधानों में छूट दी गई। संशोधन के बाद, बिना किसी मुकदमे के पहली बार अपराधी या व्यक्ति को हिरासत में रखने की अवधि दो साल से घटाकर छह महीने कर दी गई। उन्होंने कहा कि हालांकि, यदि आवश्यक हो, तो हिरासत को दो वर्ष तक बढ़ाने के लिए अधिनियम में प्रावधान रखा गया है।

#### कांग्रेस ने किया विरोध

कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला को जन सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत हिरासत में लिए जाने की निंदा करते हुए कहा कि एक 'राष्ट्रभक्त' नेता के खिलाफ इस कानून का इस्तेमाल करना उचित नहीं है। पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि भारत की एकता एवं अखंडता की लड़ाई लड़ने वाले नेताओं को जेल में डाला जा रहा है।

# 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में मोदी व ट्रंप की होगी साझा रैली

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी 22 सितम्बर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम 'हाउडी मोदी' में शिरकत करेंगे, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वह भी भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करेंगे। ट्रम्प के इस फैसले की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सामुदायिक कार्यक्रम में शामिल होने का फैसला लेकर ट्रम्प ने एक विशेष भाव दर्शाया है और यह फैसला दोनों देशों के बीच विशेष मित्रता को रेखांकित करता है। हालिया इतिहास में यह पहली बार होगा जब दो सबसे बड़े लोकंतत्रों के नेता एक संयुक्त रैली को संबोधित करेंगे।

#### ट्रंप की विशेष मित्रताः मोदी

इस घोषणा के कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिलसिलेवार ट्वीट में लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से दिखाया गया विशेष भाव भारत और अमेरिका के बीच विशेष मित्रता को रेखांकित करता है, दिखाता है कि यह संबंध कितना मजबूत है और अर्थव्यवस्था तथा अमेरिकी समाज में भारतीय समुदाय के योगदान को बताता है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109